www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



नई दिल्ली, बुधवार, 17 जनवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक-283 | पृष्ठ-10 | मूल्य-3.00 रुपए

विकसित राष्ट्र बनने को महिला सशक्तिकरण ... 02

■ कर्मचारियों की हर समस्या का होगा हल : शैली
■ मेट्रो कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा देश का ... 03

■ अमेरिका ने इरबिल में मिसाइल दागने पर की...
■ भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय संबंधों में नया अध्याय... 07

मैं अक्सर लोगों की सलाह को नजरअंदाज कर ... 10


## सार संक्षेप

### प्रधानमंत्री ने लेपाक्षी मंदिर में पूजा-अर्चना की



**पुट्टपर्थी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साईं जिले के लेपाक्षी में ऐतिहासिक वीरभद्र मंदिर में पूजा-अर्चना की। दिल्ली से पुट्टपर्थी पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री लेपाक्षी के लिए रवाना हुए, जिसे हिंदू महाकाव्य रामायण में एक महत्वपूर्ण स्थान माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि रावण द्वारा अपहरण के बाद विशाल गरुड़ जटायु ने देवी सीता का लेपाक्षी तक पीछा किया था। पुजारियों ने प्रधानमंत्री को मंदिर का महत्व समझाया।

### दारा सिंह चौहान को बनाया विधान परिषद चुनाव में उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** भाजपा ने एक बार फिर से दारा सिंह चौहान पर भरोसा जताया है। पार्टी ने उन्हें मंगलवार को राज्य विधानपरिषद उपचुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है। चौहान हाल ही में हुए घोसी विधानसभा उपचुनाव मे पराजित हो गए थे। पार्टी ने एक बयान में कहा है कि उत्तरप्रदेश विधान परिषद उपचुनाव के लिए केंद्रीय चुनाव समिति ने दारा सिंह चौहान के नाम को मंजूरी दी है। फिलहाल विधानपरिषद चुनाव में उनकी जीत पक्की मानी जा रही है।

### नुसरत की बढ़ी मुश्किलें, अदालत में पेश होना होगा



**कोलकाता।** अभिनेत्री से तृणमूल कांग्रेस की सांसद बनीं नुसरत जहां की मुसीबतें बढ़ रही हैं। कोलकाता की एक अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि नुसरत जहां को एक रियल स्टेट कंपनी के निदेशक के रूप में अपने जुड़ाव से संबंधित मामले में अदालत में पेश होना होगा, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को उचित दरों पर फ्लैट देने का वादा करके कई करोड़ रुपये की ठगी की गई थी।

### ईडी के समन पर हाजिर नहीं हुए सोरेन के सलाहकार



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू ईडी के समन पर मंगलवार को पूछताछ के लिए हाजिर नहीं हुए। झारखंड के अवैध माइनिंग घोटाले और उससे संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में उन्हें बयान दर्ज कराने के लिए उपस्थित होने को कहा गया था।

### देश में आए कोविड के 180 नए मामले, 3 की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के 180 नए मामले सामने आए हैं जबकि संक्रमण के उपचाराधीन मामलों की संख्या घटकर 2,804 रह गई है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे के दौरान महाराष्ट्र में तीन लोगों की मौत हो गई।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तीसरे दिन राहुल ने की प्रेस कांफ्रेंस

# प्राण प्रतिष्ठा भाजपा-आरएसएस का चुनावी कार्यक्रम

■ इस राजनीतिक समारोह में शामिल नहीं होगी कांग्रेस

■ कांग्रेस नेता ने कहा, हमारे लिए सभी धर्म समान है

■ राजीव रंजन श्रीवास्तव

**कोहिमा**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 'एक चुनावी और राजनीतिक समारोह' है, इसीलिए कांग्रेस ने इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा (बीजेएनवाई) अब नागालैंड पहुंच गई है। इसमें हिस्सा ले रहे कांग्रेस नेता ने कहा कि अयोध्या में कार्यक्रम राजनीतिक है। यह आरएसएस-भाजपा का कार्यक्रम है।

> शीर्ष हिंदू धार्मिक नेता भी 22 जनवरी के समारोह पर सवाल उठा रहे हैं। इसे राजनीति और आगामी लोकसभा चुनाव के साथ जोड़ दिया गया है : राहुल गांधी

कांग्रेस नेता ने तीसरे दिन एक प्रेस कांफ्रेस भी की। उन्होंने कहा, 'हमारे लिए 22 जनवरी के समारोह में शामिल होना मुश्किल है। यह मोदी का कार्यक्रम है। वे धार्मिक कार्यक्रमों को हमेशा चुनावी बना देते हैं। हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं और हमारे लिए सभी धर्म एक समान हैं।' उन्होंने कहा कि शीर्ष हिंदू धार्मिक नेता भी 22 जनवरी के समारोह पर सवाल उठा रहे हैं। इसे राजनीति और आगामी लोकसभा चुनाव के साथ जोड़ दिया गया है।

#### हम विभाजित भारत नहीं चाहते

इंडिया ब्लॉक की विचारधारा के बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने कहा, 'हम विभाजित भारत नहीं चाहते। हम बिना नफरत वाला अखंड भारत चाहते हैं। दलित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की भी उपेक्षा नहीं की जाएगी। शासन में उनकी भूमिका को उचित महत्व मिलेगा।' एक अन्य प्रश्न के उत्तर में, कांग्रेस नेता ने कहा कि इंडिया ब्लॉक के साझेदारों के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत अच्छी तरीके से चल रही है।



#### अन्याय के विरुद्ध है कांग्रेस की न्याय यात्रा

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पाटी की सरकार में देश की जनता के साथ अन्याय हो रहा है, इसलिए वह लोगों को न्याय दिलाने के लिए 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' कर रहे हैं। श्री गांधी ने कहा कि भाजपा और आरएसएस की अन्य के कारण नफरत बढ़ रही है। चुनिंदा लोगों को फायदा दिया जा रहा है और लोगों को परेशान किया जा रहा है।

#### राहुल ने कहा, पिछली यात्रा ऐतिहासिक रही

राहुल गांधी ने कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक चली पिछली यात्रा ऐतिहासिक रही थी। लोगों ने हमसे कहा कि ईस्ट से वेस्ट या वेस्ट से ईस्ट की भी यात्रा होनी चाहिए। इसके बाद ईस्ट से वेस्ट करना तय हुआ। शुरुआत मणिपुर से की है।

#### भाजपा से मुकाबले को तैयार है इंडिया गठबंधन

इंडिया गठबंधन की स्थिति बहुत अच्छी है। मेरा मानना है कि सब कुछ आसानी से सुलझ जाएगा। कुछ मुद्दे हैं लेकिन ज्यादातर जगहों पर समस्या नहीं हैं। मीडिया कुछ मुद्दों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। इंडिया गुट के साझेदारों के बीच परस्पर सम्मान है।' राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन तैयार हो रहा है और यह 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी से मुकाबला करने के लिए अच्छी तरह से काम करेगा। लंबे समय से लंबित नागा राजनीतिक मुद्दे के बारे में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ साल पहले कुछ प्रतिबद्धताएं दी थीं लेकिन वे अभी तक पूरी नहीं हुई हैं। एक सवाल के जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि अगर आगामी चुनावों में इंडिया ब्लॉक सत्ता में आता है, तो वह ठोस बातचीत और आपसी समझ के जरिए नागा राजनीतिक मुद्दे को सुलझाने की कोशिश करेगा। उन्होंने कहा, 'हम नागा राजनीतिक मुद्दे का उपयुक्त समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

## शर्मिला आंध्र प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष नियुक्त



**शर्मिला ने खड़गे, सोनिया को धन्यवाद दिया**

**अमरावती**, 16 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस ने मंगलवार को वाई.एस. शर्मिला को पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। उनके लिए गिदुगु रुद्र राजू ने पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

इस्तीफे के ठीक एक दिन बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शर्मिला को आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया। खड़गे ने रुद्र राजू को कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) में विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया है। शर्मिला आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी की बहन और पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी की बेटी हैं। उन्होंने 4 जनवरी को वाईएसआर तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) का कांग्रेस पार्टी में विलय किया था। शर्मिला ने एपीसीसी के अध्यक्ष पद पर भरोसा करने के लिए खड़गे, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और के.सी. वेणुगोपाल को धन्यवाद दिया। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मैं पूरी प्रतिबद्धता और ईमानदारी से आंध्र प्रदेश में पार्टी को उसके पिछले गौरव के पुनर्निर्माण के लिए काम करने का वादा करती हूं।' उन्होंने आंध्र प्रदेश के एआईसीसी प्रभारी मनिकम टैगोर को भी धन्यवाद दिया और कहा कि वह प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। शर्मिला ने कहा कि वह रुद्र राजू और राज्य में पार्टी के हर दूसरे नेता का समर्थन चाहती हैं जिनके अनुभव के आधार पर वह 'निर्धारित लक्ष्यों' तक पहुंचना चाहती हैं। शर्मिला ने 2021 में तेलंगाना की राजनीति में प्रवेश किया था।

## अभी कोहरे से नहीं मिलेगी राहत

# पांच दिनों तक घने कोहरे व शीत लहर का अनुमान

**नई दिल्ली**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर भारत के हिस्सों में घना कोहरा और शीत लहर की स्थिति जारी रहने की संभावना है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में तेज शीतलहर की स्थिति जारी रहने की संभावना है। अपने डेली बुलेटिन में, आईएमडी ने कहा कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम



**अधिकतर हिस्सों में न्यूनतम तापमान 2-5 डिग्री के बीच**

तापमान 2-5 डिग्री सेल्सियस के बीच है, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तरी मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड के कई हिस्सों में 6-10 डिग्री सेल्सियस के बीच है। आईएमडी ने कहा, उत्तर-पश्चिम और इससे सटे पूर्वी भारत के कई हिस्सों में ये सामान्य से 1 से 4 डिग्री सेल्सियस नीचे है।

#### पहाड़ी इलाकों को बर्फबारी की संभावना

आईएमडी ने कहा कि उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में 140-150 नॉट की 'जेट स्ट्रीम विंड्स' चल रही है और इससे बुधवार को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश व बर्फबारी होने की संभावना है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद के सर्वे पर लगाई रोक

**सर्वोच्च अदालत ने कहा, हिंदू पक्ष की मांग स्पष्ट नहीं**

■ हाईकोर्ट ने कमिश्नर सर्वे का दिया था आदेश

■ 23 को होगी इस मामले की अगली सुनवाई



**नई दिल्ली**, 16 जनवरी (एजेंसियां)। मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर का सर्वे के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। मंगलवार को मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्णय लिया। कोर्ट ने हिंदू पक्ष की ओर से हाईकोर्ट में दाखिल अस्पष्ट आवेदन पर भी सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने हिंदू पक्ष से कहा कि सर्वे कमिश्नर की नियुक्ति के लिए एक अस्पष्ट आवेदन दायर नहीं कर सकते हैं। इसका मकसद स्पष्ट होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर इस केस से जुड़े हुए हिंदू संगठन, भगवान श्रीकृष्ण विराजमान और अन्य से जवाब मांगा है। इस केस पर अगली सुनवाई 23 जनवरी को होगी। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सर्वे केस के अलावा ईदगाह से जुड़े अन्य सभी केस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई चलती रहेगी।

इससे पहले 14 दिसंबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका स्वीकार करते हुए परिसर का सर्वे कराने के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष यानी वक्फ बोर्ड की उन दलीलों को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने याचिका को सुनने योग्य नहीं होने का दावा किया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ कुछ कानूनी पहलू हैं। इसके बाद कोर्ट ने आदेश पर रोक लगा दी।

#### ज्ञानवापी मस्जिद विवाद

### सीलबंद क्षेत्र की पानी टंकी की सफाई की अनुमति

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विवादित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सीलबंद क्षेत्र की पानी टंकी की सफाई के लिए वाराणसी जिला मजिस्ट्रेट को निर्देश देने की कुछ हिंदू महिलाओं की एक याचिका मंगलवार को स्वीकार कर ली। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिका स्वीकार की।

## श्रीरामचरण चरण पादुका 19 को पहुंचेगी रामनगरी



**लखनऊ**, 16 जनवरी, (एजेंसियां)। चित्रकूट में मंदाकिनी के जलकलश के साथ भरतकूप से 15 जनवरी को शुरु हुई श्रीराम चरण पादुका 19 जनवरी को राम की नगरी अयोध्या पहुंचेगी। पौराणिक कथाओं के अनुसार त्रेतायुग में माता कैकेयी की हठ पर राजा दशरथ के द्वारा भरत को अयोध्या की राजगद्दी तथा प्रभु श्रीराम जी को 14 वर्ष का वनवास मिलने की खबर पाकर ननिहाल से लौटे भरत प्रभु श्रीराम को चित्रकूट से अयोध्या वापस लाने की मनुहार की इच्छा असफल रहने पर श्रीराम जी की चरण-पादुका (खड़ाऊॅ) को शीर्ष पर रखकर वापस अयोध्या लौटे थे तथा उसी चरण-पादुका को राज्य सिंहासन पर विराजमान कर 14 वर्षों तक अयोध्या की सत्ता चलाने का काम किया था। त्रेतायुग की उस दृश्य की याद ताजा करते हुए श्रीराम वनगमन पथ मार्ग यात्रा का शुभारम्भ 15 जनवरी को मन्दाकिनी के जल-कलश के साथ भरतकूप से नगर भ्रमण करते हुए भव्यता, दिव्यता एवं नव्यता के साथ संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में हरिकथा सत्संग टीम, स्वयंसेवकों, सेवावर्ती कार्यकर्ताओं एवं भारत भक्ति संस्थान के सन्त बाबा सत्यनारायण मौर्या की अगुवाई में शुरू किया गया है।

> मंदाकिनी के जलकलश के साथ भरतकूप से 15 को शुरू हुई थी

#### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दे रहे हैं कलाकार

यात्रा में सैकड़ों कलाकारों जिसमें खासकर बुन्देलखण्डी, अवधी संस्कृति से जुड़े कलाकारों के द्वारा लगभग 70 बुन्देलखण्डी एवं अवधी संस्कृतियों की थीम पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने का काम किया जा रहा है।

## तटरक्षक बल ने 182 तीर्थयात्रियों को बचाया

**नई दिल्ली**, 16 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय तटरक्षक बल ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के काकद्वीप में खराब मौसम के कारण फंसी नौका पर सवार 182 तीर्थयात्रियों को त्वरित कार्रवाई कर बचा लिया। 'स्वास्थ्य साथी' नाम की यह नौका करीब 400 तीर्थयात्रियों को गंगा सागर मेले से काकद्वीप ले जाते समय अत्यंत खराब मौसम के कारण फंस गई थी। तटरक्षक बल को दक्षिण 24 परगना के जिला मजिस्ट्रेट से इस नौका के फंसने के बारे में संदेश



■ खराब मौसम के कारण फंस गई थी नौका

मिला था। बल की संचालन टीम संदेश मिलने के बारद तुरंत कार्रवाई में जुट गई और सहायता प्रदान करने के लिए हल्दिया और सागर द्वीप से दो एयर कुशन वाहन (होवरक्राफ्ट) भेजे। होवरक्राफ्ट ने 182 तीर्थयात्रियों को निकाला और शेष तीर्थयात्रियों को सुरक्षित गंतव्य तक ले जाने के लिए नौका को सही रास्ते पर रवाना किया। तटरक्षक बल ने वार्षिक मेले के दौरान लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पहले से ही विभिन्न रणनीतिक स्थानों पर समुद्री इकाइयों को तैनात किया था। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए जेमिनी बोट के साथ गोताखोरों की एक त्वरित जीवनरक्षक टीम भी मेला स्थल पर तैनात है।

## नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली**, 16 जनवरी (एजेंसियां)। मुंबई हवाई अड्डे पर यात्रियों द्वारा सड़क पर खाना खाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो एयरलाइन और मुंबई के छत्रपति शिवाजी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को 'कारण बताओ नोटिस' जारी कर 24 घंटे में जवाब मांगा है। सूत्रों के अनुसार वीडियो वायरल होने की बात संज्ञान में आते ही नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बीती मध्य रात्रि को मंत्रालय के सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। देर रात नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कारण बताओ नोटिस' जारी किया।

> यात्रियों का नीचे बैठकर खाना खाने का वीडियो हुआ था वायरल

## तैयारी — केंद्र सरकार ने जरूरी कदम उठाने शुरू किए

# भगोड़े कारोबारियों को भारत लाने की हो रही तैयारी

विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, 16 जनवरी (देशबन्धु)। देश की बैंकों का बड़ा धन लेकर भगोड़े हुए कारोबारियों को सरकार बख्सने मूड में नहीं है। देश छोड़कर भाग चुके विजय माल्या, नीरव मोदी जैसे अन्य तमाम आरोपियों को भारत लाने की तैयारी शुरू हो गई है।**

■ सीबीआई, ईडी और एनआईए की एक टीम गठित की गई

इसके लिए सरकार ने जरूरी कदम उठाना शुरू कर दिया है। फिलहाल सरकार ने सीबीआई, ईडी और एनआईए की एक टीम गठित कर दी है, जो शीघ्र ही ब्रिटेन रवाना होगी और वांटेड भगोड़ों को वापस लाने की कानूनी पहल तेज करने की कोशिश करेगी। विदेश मंत्रालय से मिली जानकारी के मुताबिक,लंदन में भारतीय प्रतिनिधियों के साथ ब्रिटेन के अधिकारियों की एक बैठक बुलाई गई है। इसमें इन कारोबारियों की बकाया संपत्ति और बैंक से लेनदेन का ब्योरा मांगा गया है। इसके बाद आगे की विधिक कार्रवाई शुरु की जाएगी। गौरतलब है कि इन कारोबारियों के खिलाफ भारत ने लंदन हाईकोर्ट में अपील दाखिल की है। ईडी ने इन भगोडों की भारत में मौजूद तमाम संपत्तियों को पहले जब्त कर लिया है। विदेश में बैठे इन आरोपियों को अब भारत लाने की तैयारी हो रही है। इसके लिए टीम जल्द ही लंदन रवाना होगी। मालूम हो कि हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने मामा मेहुल चौकसी के साथ मिलकर पंजाब नेशनल बैंक में करीब 14,500 करोड का घोटाला किया है। वह 2018 से फरार है। वहीं विजय माल्या ने बैंकों को 9000 करोड का चूना लगाया हुआ है।



■ लंदन में भारतीय प्रतिनिधियों के साथ ब्रिटेन के अधिकारियों की बैठक बुलाई

**उवाच**



"केरल में यह कल्पना करना कठिन है कि सीपीएम व कांग्रेस सीट बंटवारे पर सहमत होंगे, हालांकि, तमिलनाडु में सीपीआई, सीपीएम, कांग्रेस व डीएमके एक साथ हैं और कोई विवाद नहीं है। पिछला चुनाव साथ मिलकर लड़ा था और इस बार भी लड़ने की संभावना है।

-शशि थरूर, कांग्रेस नेता

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 12.0 | 04.0 |
| मुंबई | 27.0 | 20.0 |
| कोलकाता | 18.0 | 13.0 |
| चेन्नई | 26.0 | 22.0 |

# विकसित राष्ट्र बनने को महिला सशक्तिकरण आवश्यक : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने मेघालय के तुरा में स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों से की बातचीत

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक है। मुर्मू ने मंगलवार को मेघालय के तुरा में बलजेक हवाई अड्डे पर स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ बातचीत की। उन्होंने तुरा में नए एकीकृत प्रशासन परिसर की आधारशिला भी रखी। राष्ट्रपति ने कहा कि देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में महिलाओं का सशक्तीकरण आवश्यक है। देश की महिलाएं अपनी पहचान बना रही हैं और प्रत्येक क्षेत्र में अन्य महिलाओं के लिए मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। चाहे वह क्षेत्र रक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, खेल, शिक्षा, उद्यमिता, कृषि या कोई अन्य कोई भी क्षेत्र हो। महिलाओं को केवल कुछ प्रेरक शब्दों, प्रोत्साहन और अच्छे कार्यों पर सराहना की आवश्यकता है।



- प्रत्येक क्षेत्र में अन्य महिलाओं के लिए मार्ग प्रशस्त कर रही हैं देश की महिलाएं
- राष्ट्रपति ने तुरा में नए एकीकृत प्रशासन परिसर की रखी आधारशिला

### महिलाओं को अपनी पसंद का चयन करने की मिले स्वतंत्रता

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि महिला नेतृत्व-विकास का विचार तभी लागू किया जा सकता है जब महिलाओं को अपनी पसंद का चयन करने की स्वतंत्रता मिले। आर्थिक स्वतंत्रता के साथ, यह कुछ हद तक संभव हो पाया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने आसपास की महिलाओं के नैतिक मूल्यों और गुणों को पहचानना शुरू करें और उनका समर्थन करें। मुर्मू ने स्वयं-सहायता समूहों के सदस्यों से कहा कि वे विकास के मार्ग पर आगे बढ़े और अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ाएं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह अकेले उनकी यात्रा नहीं है, बल्कि देश में बड़ी संख्या में महिलाओं की यात्रा है, जिन्हें अभी भी अपने घरों की चारदीवारी से परे अवसरों का पता लगाना बाकी है।

### आर्थिक आत्मनिर्भरता से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है : राष्ट्रपति

राष्ट्रति ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है कि महिलाएं देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में सक्रिय रूप से और बड़ी संख्या में योगदान दें। उन्होंने कहा कि आर्थिक आत्मनिर्भरता से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में सुधार के लिए कई कार्य किए गए हैं। सरकार ने न केवल महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए कई प्रयास किए हैं, बल्कि उनकी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में भी बड़े कदम उठाए हैं। हालांकि, महिला सशक्तीकरण की दिशा में अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना बाकी है।

# सहकारी समिति कार्यालय के नए भवन का उद्घाटन करेंगे शाह

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार को यहां वर्ल्ड ट्रेड सेंटर नौरोजी नगर में केंद्रीय पंजीयक सहकारी समितियां कार्यालय के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। सरकार ने सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद से ही सहकारी समितियों के केंद्रीय पंजीयक के कार्यालय को सशक्त करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गये हैं। इनमें बहु-राज्यीय सहकारी समिति अधिनियम, 2002 एवं नियमों का संशोधन, केंद्रीय पंजीयक कार्यालय के 'डिजिटल पोर्टल' का शुभारंभ, बहु-राज्य सहकारी समितियों में निर्धारित समय पर निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निर्वाचन कराने के लिए एक 'सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण' का गठन शामिल है। देश में कुल 1625 बहु राज्यीय सहकारी समितियां पंजीकृत हैं और इनसे करोड़ों सदस्य जुड़े हुए हैं। केंद्रीय पंजीयक के कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान की व्यवस्था करने के लिए नए भवन का निर्माण किया गया है। नए भवन से केन्द्रीय पंजीयक कार्यालय के सुचारु रूप से कार्य करने में सहायता मिलेगी। सहकारी समितियों के केन्द्रीय पंजीयक कार्यालय के नए भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में सहकारिता राज्य मंत्री, सहकारिता मंत्रालय के सचिव और नैशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक तथा देश भर से बहु-राज्यीय सहकारी फेडरेशन, बहु-राज्यीय सहकारी समितियों एवं बैंकों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेगें।



# ओबीसी आरक्षण प्रक्रिया के बाद यूएलबी व पंचायत चुनाव होंगे : मनोज सिन्हा

## बारामूला में स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत स्टेडियम के का किया उद्घाटन

**श्रीनगर,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि ओबीसी आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) और पंचायत चुनाव होंगे। सिन्हा ने बारामूला में स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत स्टेडियम के उद्घाटन पर कहा, एक बार ओबीसी की आरक्षण प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद, यूएलबी और पंचायत चुनाव होंगे। इसके साथ ही एलजी मनोज सिन्हा विकसित भारत संकल्प यात्रा में भी शामिल हुए और 38 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में तेजी से विकास हो रहा है और ग्रामीण जम्मू कश्मीर में कल्पना से परे बदलाव आया है। उपराज्यपाल ने कहा कि हम लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को काफी हद तक पूरा करने में सफल रहे हैं। लोगों के पास बेहतर गुणवत्ता वाला जीवन और विकास के समान आर्थिक अवसर हैं। विकास के लिए नए बुनियादी ढांचे का निर्माण, ज्ञान अर्थव्यवस्था, योजनाओं की 100 प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित की जा रही है। आठ दिसम्बर 2021 को देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका रावत और 11 अन्य लोगों की तमिलनाडु के कुन्नूर में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जान चली गई थी।



दुर्घटना में मारे गए अन्य लोगों में उनके रक्षा सलाहकार ब्रिगेडियर लखबिंदर सिंह लिद्दर, स्टाफ ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिंदर सिंह, विंग कमांडर पीएस चौहान, स्क्वाड्रन लीडर के सिंह, जेडब्ल्यूओ दास, जूनियर वारंट अधिकारी प्रदीप ए, हवलदार सतपाल, नायक गुरसेवक सिंह, नायक जितेंद्र कुमार, लांस नायक विवेक कुमार और लांस नायक साईं तेजा थे।

### कश्मीर में असामान्य शुष्क ठंड पर चिंता जताई

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने उन्होंने कश्मीर में असामान्य शुष्क ठंड पर चिंता जताई। साथ ही कहा कि बिजली परियोजनाओं को चलाने और पर्यटन क्षेत्र को फलने-फूलने के लिए बर्फबारी जरूरी है। मैं ईश्वर से अच्छी बर्फबारी की प्रार्थना करता हूं जो बिजली परियोजनाओं को चलाने के लिए जरूरी है, अन्यथा वे निष्क्रिय हो जाएंगी। 13 लाख पर्यटकों ने गुलमर्ग का दौरा किया और बर्फ वहां एक प्रमुख आकर्षण रही है।

## सार संक्षेप

### जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से पाक नागरिक गिरफ्तार

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सतर्क जवानों ने मंगलवार को यहां मकवाल इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी नागरिक को मकवाल सीमा के पास से पकड़ा गया। उसकी पहचान मुहम्मद सादिक के रूप में की गयी है और उससे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों ने बताया तलाशी के दौरान उसके पास से एक पाकिस्तानी राष्ट्रीय पहचान पत्र बरामद हुआ।

### मणिपुर पुलिस अधिकारी की हत्या मामले में दो गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने मोरेह में एक पुलिस अधिकारी की हत्या में कथित संलिप्तता के आरोप में सोमवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया। एसडीपीओ मोरेह, चौ. आनंद कुमार की 31 अक्टूबर 2023 को कुकी बूंदकधारी ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान फिलिप खैखोलाल खोंगसाई और हेमखोलाल मटे के रूप में की है। मोरेह कॉलेज के पास मणिपुर पुलिस की विशेष सीडीओ टीमों की गश्त के दौरान, सुरक्षा कर्मियों ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा। इन व्यक्तियों ने सुरक्षा कर्मियों के वाहनों पर गोलीबारी की और घरों में भाग गए। इसके बाद सुरक्षा बलों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की व मोरेह कॉलेज के पास संदिग्ध घरों की घेराबंदी कर दी।

### कैमूर में महिला प्रधानाध्यापिका की गोली मारकर हत्या

**भभुआ।** बिहार में कैमूर जिले में रामगढ़ थानान्तर्गत ग्राम बलुआ प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जयंति देवी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के रामगढ़ थानान्तर्गत ग्राम बलुआ प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सोमवार की रात अपने घर लौट रही थी तभी पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने गोली मार दी। हमले में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। इस सिलसिले मे एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है जिससे पूछताछ की जा रही है। शव को अन्त्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

### डिवाइडर से कार टकराने से तीन की मौत

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। बदरवास पुलिस सूत्रों ने बताया कि ग्राम बरखेड़ा के पास ग्वालियर देवास फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती रात सात सीटर एक कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में उसमें सवार तीन व्यक्तियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई और चार घायल हो गए।

# केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे विजयन

## दिल्ली में आठ फरवरी को होगा प्रदर्शन

**तिरुवनंतपुरम,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन अपने मंत्रिमंडल और गठबंधन के विधायकों के साथ केंद्र के खिलाफ 8 फरवरी को दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना देंगे। इसकी जानकारी लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट के संयोजक ई.पी.जयराजन ने मंगलवार को दी। उन्होंने कहा कि यह विरोध सभी मोर्चों पर केरल के साथ केंद्र के खराब व्यवहार के खिलाफ है। सोमवार को सीएम विजयन ने विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन और डिप्टी पी.के. कुन्हालीकुट्टी से ऑनलाइन बात की और दिल्ली विरोध के लिए उनका समर्थन मांगा। दोनों ने विजयन को बताया कि वे अपने गठबंधन दलों से इस बारे में चर्चा करेंगे। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ इसमें हिस्सा नहीं लेगा। वे पहले ही कई बार कह चुके हैं कि केरल की समस्याओं के लिए केवल केंद्र जिम्मेदार नहीं है। कुशासन के लिए विजयन सरकार भी समान रूप से दोषी है। विजयन केरल हाउस से जंतर मंतर की ओर मार्च का नेतृत्व करेंगे और धरना देंगे। हमें यकीन है कि अगर कोई मुख्यमंत्री विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करेगा और वह भी दिल्ली में, तो सबका ध्यान जाएगा।



# सदन में आचरण के उच्चतम मापदंड जरूरी : ओम बिरला

## राजस्थान विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायकों के प्रबोधन कार्यक्रम को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को जयपुर में राजस्थान विधानसभा के सदस्यों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम के समापन सत्र को संबोधित किया। राजस्थान के मुख्य मंत्री, भजन लाल शर्मा राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष, वासुदेव देवनानी, राजस्थान सरकार के मंत्री, विधायकगण और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी समापन सत्र में उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बिरला ने कहा कि सदस्यों के लिए सदन में आचरण के उच्चतम मापदंड स्थापित करना आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र में नीतियों और मुद्दों पर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन ऐसी असहमति सदन की गरिमा और मर्यादा के दायरे में रहकर व्यक्त की जानी चाहिए। बिरला ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रपति और राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सदन में कोई व्यवधान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा यह अभिभाषण हमारी संसदीय व्यवस्था में महत्वपूर्ण मौका होता है जिसका सभी को सम्मान करना चाहिए।



**सहमति को शालीनता व मर्यादा के दायरे में रहकर व्यक्त किया जाना चाहिए : ओम बिरला**

### लोकतंत्र को सुदृढ़ करने में योगदान दें सदस्य

बिरला ने कहा कि प्रत्येक सदस्य का यह दायित्व है कि वह सदन के माध्यम से लोकतंत्र को सुदृढ़ करने में अपना योगदान दे। इसके साथ ही उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया कि वे सदन में अपना पूरा समय दें और वरिष्ठ नेताओं और सदस्यों के भाषण सुनें और उनसे सीखें। उन्होंने कहा कि सदस्य जितना अधिक समय सदन में बैठेगा, उसे उतना अधिक अनुभव प्राप्त होगा और वह पूरे राज्य की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों से अवगत होगा। अध्यक्ष महोदय ने यह भी कहा कि दूसरों से सीखने से उनका दृष्टिकोण व्यापक होगा और वे अपनी बात अधिक प्रभावी ढंग से रख पाएंगे। बिरला ने सदस्यों को कानूनो और बजट पर पुराने वाद-विवाद, कानूनों और नियमों को पढ़ने का सुझाव भी दिया, जिससे उन्हें बेहतर विधायक बनने में मदद मिलेगी।

### विधायिका के आचरण से लोग चिंतित : धनखड़

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज के परिदृश्य को चिंता और चिंतन का बताते हुए कहा है कि विधायिका का आचरण देखकर लोग चिंतित हैं। अनुकरणीय आदर्शवादी आचरण जिनका होना चाहिए, उनका आचरण जनता की नजर में कई बार ठीक विपरीत है। धनखड़ ने कहा कि व्यवधान करने की सेल्फ लाइफ अखबार की कल की सुर्खियां हो सकती है और वह एक सप्ताह तक असर डाल सकती है। उनका प्रभाव ज्यादा दिन तक नहीं रहता है। पर आप बहुत बड़ा शुभ अवसर खो देते हो। जब सदन चलता नहीं है। सदन ना चलने में सबसे ज्यादा प्रसन्नता अगर किसी को होती है तो सरकार को होती है। सरकार से प्रश्न नहीं पूछ सकते। सरकार को कटघरे में नहीं रख सकते और नुकसान भी सरकार का ही होता है कि सरकार विधायक की योग्यता का फायदा नहीं ले पाती है।



# भाजपा ने गरीबों व किसानों पर किया अत्याचार : अखिलेश यादव

## देश व प्रदेश के नेतृत्वकर्ता पर झूठ बोलने का लगाया आरोप

**लखनऊ,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि 2024 नया साल ही नहीं परिवर्तन का साल है। 2014 में आए लोगों को 2024 में हटाने का समय आ गया है। दिल्ली की सत्ता में बैठी सरकार ने दस साल में क्या दिया है, इस पर गौर करना होगा।

गरीबों और किसानों पर अत्याचार किया। विकसित भारत और विश्व गुरु बनाने की बात कर किसानों को ठगने का काम कर रहे हैं। देश तभी विकसित होगा जब किसानों को फसल का उचित मूल्य मिलेगा। 2024 का चुनाव केवल हार जीत का नहीं युवा पीढ़ी के भविष्य का चुनाव है। इसलिए इसे अपना चुनाव समझकर लड़ें।



अखिलेश यादव मंगलवार को बाराबंकी में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 10 साल में एक लाख किसानों ने आत्महत्या की। देश और प्रदेश के नेतृत्वकर्ता झूठ बोल रहे हैं हैदरगढ़ के किसान ने न्याय न मिलने पर आत्मदाह कर लिया था।

मेरठ में जमीन को लेकर न्याय मांगने गए किसान ने आत्मदाह किया। किसानों के आत्मदाह और थाने में मरने की खबरें यूपी में सबसे ज्यादा हैं। अच्छी डिग्री लेने के बाद भी युवाओं के हाथ रोजगार नहीं हैं। बड़ी-बड़ी संस्थाएं बेच दी।

### जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही सरकार

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग अपने लोगों को मुनाफा कमवाने के लिए आम जनता पर महंगाई का बोझ डाल रहे हैं। कुछ दिन पहले योग देखा था जिसमें योगी योग नहीं कर पा रहे थे। ऐसे लोगों से सावधान रहना जरूरी है। दिल्ली से लखनऊ को जोड़ने वाला हाईवे ऐतिहासिक हाईवे है। भाजपा सरकार सड़कों के नाम पर भ्रष्टाचार कर रही है। पूर्वांचल एक्सप्रेस के निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया।

# इंडिया गठबंधन में सब कुछ ठीक है : जदयू

**पटना,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने मंगलवार को दावा किया कि इंडिया गठबंधन के घटक दलों के बीच कोई मतभेद नहीं है और गठबंधन में सब कुछ ठीक है। जदयू के वरिष्ठ नेता और बिहार के वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इंडिया गठबंधन के घटक दलों के बीच किसी भी मुद्दे पर कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि ऐसी सभी अटकलें मीडिया की उपज हैं।

चौधरी ने कहा कि इंडिया गठबंधन बरकरार है और घटक दलों के बीच सीट बंटवारे पर चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे पर सभी मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपना रुख स्पष्ट करते रहे हैं कि उन्हें गठबंधन में किसी भी पद में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कुमार ने संयोजक का पद स्वीकार करने से इनकार कर दिया तो इसमें आश्चर्य की क्या बात है। यह पूरी तरह से उनके रुख के अनुरूप है।

# पश्चिम बंगाल में ईडी हमला मामले में तीन और गिरफ्तार

**कोलकाता,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल पुलिस ने मंगलवार को बताया कि 5 जनवरी को उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में हुए ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के सिलसिले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान अनारुल मोल्ला, अजीजुल शेख और हाजिनूर शेख के रूप में की है।



**गिरफ्तारियों की कुल संख्या सात हुई**

पुलिस ने बताया कि आरोपियों को संदेशखाली के कनमारी और सरबेरिया इलाकों से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उन्हें उत्तर 24 परगना जिले की निचली अदालत में पेश किया गया। मंगलवार की गिरफ्तारियों के साथ मामले में गिरफ्तारियों की कुल संख्या बढ़कर सात हो गई है। 15 जनवरी को पुलिस ने अली हुसैन घरामी और संजय मंडल को गिरफ्तार किया था। 12 जनवरी को पुलिस ने सुकमल सरदार और मेहबूब मोल्ला को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों को घटना के वीडियो फुटेज के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। हमले का कथित मास्टरमाइंड तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां है और वह फरार है। ईडी की टीम ने शेख शाहजहां के आवास पर छापेमारी का प्रयास किया था, तभी उन पर हमला किया गया था।

ईडी ने शाहजहां के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सीमा चौकियों को भी इस आशंका में सतर्क कर दिया गया है कि फरार सत्तारूढ़ नेता पड़ोसी बांग्लादेश में भाग सकता है।

**आदेश** *गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर जम्मू-कश्मीर सरकार का आदेश*

# सरकारी कर्मियों की 26 व 29 जनवरी को उपस्थिति अनिवार्य

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 16 जनवरी (देशबन्धु)। गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी के मुख्य समारोह के साथ ही इस बार 29 जनवरी को होने वाले बिटिंग रिट्रिट समारोह में अफसर से लेकर सरकारी चपरासी तक की उपस्थिति अनिवार्य करने का आदेश आ गया है। साथ ही जम्मू में इस बार रिकार्ड तोड़ भयानक सर्दी के बीच लोगों को भारी संख्या में आने** का निमंत्रण भी दिया जाने लगा है। वैसे स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस पर समारोह स्थलों पर सरकारी कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य बनाए जाने संबंधी जारी सरकारी अध्यादेश कोई नया नहीं है।

कश्मीर में आतंकवाद की शुरूआत के साथ ही यह विवाद आरंभ हुआ था जो आज भी जारी है। ऐसे आदेश को सख्ती से लागू करने का कार्य वर्ष 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद की सरकार के दौरान हुआ था जिन्होंने तब स्थानीय विधायकों को भी सख्त ताकिद की थी कि अगर उनके इलाके के सरकारी कर्मचारी अनुपस्थित हुए तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। आजाद के ही मुख्यमंत्रित्व काल में ही आम नागरिकों को गणतंत्र व स्वतंत्रता दिवस सामारोहों की ओर आकर्षित करने के इरादों से मुफ्त सरकारी बसों की व्यवस्था आरंभ हुई थी और अखबारों तथा अन्य संचार माध्यमों में विज्ञापन देकर उनमें जोश भरने की कवायद भी। दूसरी ओर जम्मू कश्मीर में रिकार्ड तोड़ भयानक सर्दी के बीच प्रशासन ने गणतंत्र दिवस समारोह में भारी संख्या में लोगों के शिरकत करने की उम्मीद जताते हुए कहा है कि उन्हें बस सुरक्षा जांच में पुलिस का सहयोग करना होगा। अखबारों में दिए गए विज्ञापन में सिक्योरिटी विग के अनुसार गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में भारी संख्या में लोगों के भाग लेने की उम्मीद है। इसमें लोग सुरक्षा जांच में पुलिस का सहयोग करे। समारोह में आने वाले लोग अपने साथ किसी प्रकार का घातक हथियार, तेजधार हथियार, हैंड बैग, पालीथिन बैग, रेडियो, खिलौने, स्टाप वाच, ज्वलनशील पदार्थ जैसे सिगरेट, माचिस, लाइटर, कैमरा लेकर न आएं। इस बार मोबाइल ले जाने पर भी पाबंदी लगा दी गई है। वे कहते थे कि समारोह में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की प्रवेश द्वार पर जांच होगी, ताकि वहां आने वाले लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। लोग कतार में स्टेडियम के भीतर प्रवेश करेंगे। सबसे पहले उन्हें मेटल डिटेक्टर लगे गेट से गुजरना होगा।



- **स्थानीय लोगों को भारी संख्या में आने का दिया निमंत्रण**
- **जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम में होना**

समारोह के शुरू होने से पूर्व ही लोग स्टेडियम में पहुंच जाएं, ताकि बैठने की व्यवस्था ठीक प्रकार से हो पाए। इस बार मुख्य समारोह जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम में होना जिसके मुख्य अतिथि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा होंगें।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

पत्नी : तुम्हें जरा भी तमीज नहीं है।
मैं घंटों से बोले जा रही हूं और
तुम हो कि उबासी ले रहे हो।
पति : मैं उबासी नहीं ले रहा,
बोलने की कोशिश कर रहा हूं,
लेकिन तुम हो कि बोलने ही नहीं दे रहीं...!!!

# कर्मचारियों की हर समस्या का होगा हल : शैली

## मेयर हरदयाल लाइब्रेरी की मैनेजमेंट कमेटी व कर्मचारियों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। हरदयाल लाइब्रेरी के कर्मचारियों को करीब ढाई साल बाद वेतन मिलना शुरू हो गया है। निगम की आप सरकार की ओर से करीब 2.27 करोड़ रुपए वेतन संबंधी कार्यों के लिए दिए गए हैं। इस राशि से सभी कर्मचारियों को 2021-22 का वेतन दिया जाएगा। पहले चरण में कुल 52 कर्मचारियों को वेतन दिया जाएगा।

लाइब्रेरी की एक्स ऑफिसो अध्यक्ष मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने मंगलवार को सिविक सेंटर में हरदयाल लाइब्रेरी की नई मैनेजमेंट कमेटी के साथ बैठक की। बैठक में लाइब्रेरी से जुड़ी व्यवस्थाओं में सुधार के बारे में चर्चा की। साथ ही कर्मचारियों की समस्याओं को सुना गया एवं उनकी वेतन संबंधी परेशानियों का समयबद्ध तरीके से निराकरण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सचिव पार्षद प्रीति व संयुक्त सचिव पार्षद उषा शर्मा, कमेटी सदस्य वार्ड 227 से पार्षद शगुफ्ता चौधरी व अन्य कमेटी के सदस्य उपस्थित थे। मेयर ने कहा कि वेरिफिकेशन कमेटी की रिपोर्ट आने के पश्चात कर्मचारियों को को वेतन देना आरंभ कर दिया है। सभी कर्मचारियों को वेतन दिया जाएगा और प्रथम चरण में वर्ष 2021-22 का वेतन 52 कर्मचारियों को दिया जा रहा है। आने वाले समय में सभी औपचारिकताओं और जांच को पूरा कर, सभी



**हरदयाल लाइब्रेरी के कर्मचारियों को ढाई साल बाद वेतन मिलना शुरू हुआ : शैली ओबरॉय**

कर्मचारियों को वेतन दिया जाएगा। बैठक में मेयर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निगम की सभी लाइब्रेरियों की लिस्ट और उनके कर्मचारियों की रिपोर्ट दो दिन के भीतर दी जाए।

सभी लाइब्रेरी की मैं स्वयं जांच करूंगी कि वह सुचारु रूप से कार्य कर रही हैं, कितने कर्मचारी कार्यरत हैं और कितना वेतन बकाया है। सभी लाइब्रेरियों का निरीक्षण मेयर और निगम पार्षदों द्वारा किया जाएगा। दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में हरदयाल लाइब्रेरी की मैनेजमेंट कमेटी के गठन हुआ था। इसमें हरदयाल लाइब्रेरी की एक्स ऑफिसो अध्यक्ष और मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने छह सदस्य नामित किए गए। इनमें वार्ड 217 से पार्षद प्रीति, वार्ड 72 से पार्षद ऊषा शर्मा, वार्ड 74 से पार्षद पुनरदीप सिंह सहानी, वार्ड 77 से किरन बाला, वार्ड 79 से मोहम्मद सादिक और वार्ड 227 से पार्षद शगुफ्ता चौधरी को सदस्य बनाया गया था। इसके बाद सभी सदस्यों ने पार्षद प्रीति को सचिव के पद पर नामित किया था। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि अभी तक कर्मचारियों की सैलरी के लिए दिए गए फंड का गलत इस्तेमाल किया गया। अयोग्य लोगों को महत्वपूर्ण पदों पर बिठाया गया है। हम सभी अव्यवस्थाओं की जांच कर रहे हैं और अप नियम अनुसार ही कार्य किए जाएंगे।

## छतरपुर में एमसीडी की ओर से तीन एफसीटीएस मशीनें लगाई जाएंगी : शैली

**नई दिल्ली।** दिलली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय और एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने अब दिल्ली होगी साफ अभियान के तहत छतरपुर विधानसभा का मैराथन निरीक्षण किया। मैराथन सफाई निरीक्षण अभियान के चौथे दिन छतरपुर व भाटी क्षेत्र में 10 किमी की पदयात्रा की और ग्राउंड जीरो पर सफाई व्यवस्था व गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स का जायजा लिया। इस अवसर पर मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि आम आदमी पार्टी के विधायक एवं पार्षद अब दिल्ली होगी साफ अभियान के तहत ग्राउंड ज़ीरो पर हैं। हर गली, कूचे में जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे है। हम क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों से बात कर रहे हैं है और साफ-सफाई को लेकर जनता का फीडबैक ले रहे हैं। छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में कई क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया, जिसमें देखा कि कैसे क्षेत्र का सारा कूड़ा खुले स्थानों में डाला जा रहा है। इसी कूड़े की समस्या को देखते हुए अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि इस संबंध में निगम द्वारा छतरपुर 100 फुटा रोड पर एफसीटीएस मशीन लगाने का निर्णय लिया गया है। घर-घर से कूड़ा एकत्रित करके एक चिन्हित ढलाव स्थान पर डाल दिया जाएगा। इस अभियान के तहत 250 वार्ड में मैराथन निरीक्षण किया जाएगा और इसके तहत जीवीपी पॉइंट्स को 100 प्रतिशत खत्म किया जाएगा।

# मेट्रो कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा देश का पहला शून्य उत्सर्जन ऑटो ऐप

## कैलाश गहलोत ने किया ऐप नम्मा यात्री का उद्घाटन

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। भारत के पहले ओपन एवं कम्युनिटी उन्मुख राईड बुकिंग ऐप एवं ओएनडीसी नेटवर्क के एक भाग नम्मा यात्री ने दिल्ली में अपनी सेवाओं का लॉन्च किया है। यह आधुनिक, शून्य उत्सर्जन ऐप ऑटो रिक्शा चालकों की कमाई बढ़ाकर उन्हें सशक्त बनाएगा, साथ ही नागरिकों को परिवहन के सुविधाजनक एवं किफायती विकल्प उपलब्ध कराएगा। मेट्रो के लिए फर्स्ट एवं लास्ट माईल कनेक्टिविटी में सुधार लाना इस ऐप का मुख्य उद्देश्य है।

यह उद्घाटन दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत द्वारा किया गया, इस अवसर पर आशीष कुन्द्रा, प्रधान सचिव एवं आयुक्त, परिवहन तथा विकास कुमार, एमडी-डीएमआरसी भी मौजूद रहे। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि मैं दिल्ली में इस नई शुरुआत के लिए नम्मा यात्री को बधाई देता हूं। ड्राइवरों को सशक्त बनाने और हमारे शहर की परिवहन प्रणाली में सुधार लाने के उनके प्रयास सराहनीय हैं। आशीष कुन्द्रा, प्रधान सचिव एवं आयुक्त, परिवहन ने कहा, ऐप के



माध्यम सार्वजनिक परिवहन को पारदर्शी, समावेशी एवं सुरक्षित बनाने के प्रयासों की मैं सराहना करता हूं। यह समुदाय-उन्मुख दृष्टिकोण ड्राइवरों और नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाकर स्थायी एवं कनेक्टेड भविष्य के निर्माण में योगदान देगा। टी कोशी, एमडी और सीईओ, ओएनडीसी ने कहा कि अपने समृद्ध इतिहास, विविध संस्कृति और गतिशील एनर्जी के साथ दिल्ली हमारे दिल के बेहद करीब है। शहर के लोग देश के अतुल्य आभा में उल्लेखनीय योगदान देते हैं। नम्मा यात्री के माध्यम से हम दिल्ली की सड़कों पर भरोसेमंद एवं सुविधाजनक ऑटो सेवाएं उपलब्ध कराना चाहते हैं।

## सार संक्षेप

### शाहरुख खान बने इंडियन ऑफ द ईयर 2023



**नई दिल्ली।** सीएनएन-न्यूज 18 इंडियन ऑफ द ईयर 2023 पुरस्कारों का 13वां संस्करण दिल्ली में संपन्न हुआ। न्यूज टेलीविजन के सबसे बड़े पुरस्कार मंच ने बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान को प्रतिष्ठित इंडियन ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया। सम्मान लेते समय अपने भावुक संबोधन में, एसआरके ने अपने जीवन और करियर के बारे में ऐसी तमाम बातें कहीं, जो पहले कभी नहीं कही थीं। उन्होंने अपने करीब 10 मिनट के संबोधन में कई विषयों पर बात की। जैसे ब्रेक लेने से पहले उनकी फ्लॉप फिल्में, उनके परिवार के संघर्ष और उनकी 2023 की सफलता की बातें शामिल थीं। उन्होंने कहा कि वह एक थोड़ा बेशर्मीभरा वक्तव्य देना चाहते हैं कि वह न केवल वर्ष 2023 के इंडियन ऑफ द ईयर महसूस करते हैं, बल्कि इंडियन ऑफ ऑल ईयर्स महसूस करते हैं। सीएनएन-न्यूज 18 इंडियन ऑफ द ईयर सात श्रेणियों व्यवसाय, मनोरंजन, खेल, यूथ आइकन, उभरते स्पोर्ट्स स्टार, सामाजिक बदलाव और क्लाइमेट वॉरियर्स जलवायु के योद्धा में उल्लेखनीय व्यक्तियों के असाधारण योगदान को मान्यता देता है। जहां शाहरुख खान को सीएनएन-न्यूज18 इंडियन ऑफ द ईयर 2023 का ताज पहनाया गया, वहीं फिल्म निर्माता मणिरत्नम को मनोरंजन श्रेणी में सीएनएन-न्यूज 18 इंडियन ऑफ द ईयर नामित किया गया।

### अलका लांबा को महिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त होने पर दी बधाई



**नई दिल्ली।** अलका लांबा को महिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस नेता दीपक शर्मा ने खुशी जाहिर की है। दीपक शर्मा ने अलका लाम्बा से भेंट कर शुभकामनाएं व बधाई दी। शर्मा ने बताया की दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ से छात्रों के हकों के लिए संघर्ष करने वाली नेता के रूप में अलका लांबा जी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की अध्यक्ष चुनी गई। उन्होंने बताया की अलका लाम्बा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव के दायित्व को निभा चुकी है। सामाजिक गतिविधियों में भी उनकी काफी प्रभावशाली भूमिका रही है। उनका संगठन में लंबे समय का अनुभव रहा है तथा वे कांग्रेस वर्किंग कमेटी की सदस्य भी है।

### बीएलएस ने तुर्की स्थित वीजा व कॉन्सुलर सेवा प्रदाता आईडेटा में हिस्सेदारी की घोषणा की

**नई दिल्ली।** बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड बीएलएस ने मंगलवार को डैनिसमानलिक वी हितमेत डिस टिकारेट एनोनिम सिरकेती आईडेटा में 100 फीसदी हिस्सेदारी लेने के लिए अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडिएरी, बीएलएस इंटरनेशनल एफजेडई, यूएआई के माध्यम से एक निर्णायक शेयर खरीद अनुबंध किए जाने की घोषणा की है। बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड, सरकारों और नागरिकों के लिए वैश्विक रूप से अग्रणी टेक-इनेबल्ड सर्विस पार्टनर है। यह अनुबंध 50 मिलियन यूरो 450 करोड़ रुपए के एंटरप्राइज वैल्यू पर किया गया है, जिसमें भुगतान चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। आईडेटा तुर्की स्थित कंपनी है, जो वीजा और कॉन्सुलर सेवाओं में विशेषज्ञता रखती है और यह विशेषता इसे बीएलएस के विस्तारित पोर्टफोलियो में एक रणनीतिक संकलन है।

# भारत संकल्प यात्रा से कई करोड़ लोगों को जोड़ने का होगा प्रयास

## सभी समुदायों के लोगों को जोड़ना आवश्यक : अशोक सिंह

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। देश के करोड़ों लोगों को जोड़ने के लिए मुंबई से 20 जनवरी से शुरू हो रही भारत संकल्प यात्रा विभिन्न राज्यों से शुरू होकर 12 फरवरी को दिल्ली पहुंचेगी। इस संकल्प यात्रा का लक्ष्य भारत को विकसित हिंदू राष्ट्र रूप में स्थापित करना है। संकल्प यात्रा के दौरान अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर एक नए भारत निर्माण की दिशा में अग्रसर होंगे।




संकल्प यात्रा महंगाई, बेरोजगारी के साथ-साथ सामाजिक न्याय के मामलों को लेकर जनता के बीच जाएगी। हाल ही में गठित समाज विकास क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह ने मंगलवार को दिल्ली में प्रेस कॉफ्रेंस कर संकल्प यात्रा और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अपना एजेंडा निर्धारित किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य देश के हर नागरिक को सशक्त बनाना है। संकल्प यात्रा एक व्यक्तिगत प्रयास नहीं है बल्कि सभी वर्गों के लोगों को शामिल करने का एक सामूहिक प्रयास है। संकल्प यात्रा का उद्देश्य देश की ताकत बने किसानों, देश का भविष्य विद्यार्थियों और युवाओं तथा महिलाओं की सुरक्षा को अपने मुख्य एजेंडे में रखते हुए विकास की गति प्रदान करना है। सिंह ने कहा कि महंगाई पर नियंत्रण रखना, उद्योग धंधों को सरकारी सहूलियत दिलवाकर उनको मजबूत करना आज के समय की मांग है। उन्होंने कहा कि समाज में फैले भ्रष्टाचार को खत्म करना और जनता तक आसानी से सुविधाएं पहुंचाना पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इन सभी मुद्दों को ध्यान में रखते हुए समाज के प्रबुद्ध वर्गों को इससे जोड़ने की कवायद शुरू की गई है।



■ नई दिल्ली स्थित आउटर रिंग रोड पर किसान घाट के पास सोमवार देर रात हुई सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहन का मुआयना करते पुलिस कर्मी। फोटो इम्तियाज खान

# जिदल पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव आयोजित

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। द्वारका स्थित जिंदल पब्लिक स्कूल में शनिवार वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इस वर्ष स्कूल के

**समारोह में शामिल हुई फिल्म अभिनेत्री अनन्या पांडे**

उत्सव की थीम द लीगेसी ऑफ इंडिया रखी गई थी। इसमें छात्रों ने कई रंगारंग प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की विशेष अतिथि जानी मानी फिल्म अभिनेत्री अनन्या पांडे थीं। इस दौरान अनन्या स्कूल के बच्चों के साथ मंच पर डांस करती हुई भी नज़र आई। स्कूल के इस भव्य समारोह में 5



हजार लोग मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फिल्म अभिनेत्री अनन्या पांडे ने कहा, प्यारे बच्चो का परफार्मेंस देखकर बहुत ही अचंभित हूं। स्कूल के कम उम्र के बच्चों में बहुत ही टैलेंट है। सभी ने अपने टैलेंट को बहुत ही खूबसूरती से प्रस्तुत किया है।

बच्चों ने अपने प्रोग्राम के जरिए महिला सशक्तितकरण, इसरो की उपलब्धि और खेलों के महत्व को बखूबी तरह से दिखाया है। द्वारका क्षेत्र के विधायक विनय मिश्रा भी इस समारोह में शामिल हुए। मिश्रा ने कहा कि मैं बहुत गौरवान्वित हू की जिंदल पब्लिक स्कूल जैसा नामी संस्थान द्वारका में है। स्कूल के वार्षिक उत्सव के दौरान कई प्रस्तुति ने हम सबका मन मोह लिया है।

# मंडियों के लिए 544 करोड़ के बजट को मंजूरी

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली की मंडियों के विकास के लिए 544.80 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी गई है। इसमें से 225.96 करोड़ रुपए आजादपुर मंडी पर खर्च किए जाने हैं। दिल्ली सरकार के मुताबिक इस बजट से आजादपुर के अलावा गाजीपुर, केशोपुर, एपीएमसी नरेला और एपीएमसी नजफगढ़ मंडी में विकास किया जाएगा। 70 करोड़ की लागत से मुर्गा मंडी गाजीपुर का नवीनीकरण होगा। 40 करोड़ 75 लाख की लागत से फूल मंडी गाजीपुर का विकास किया जाएगा। दिल्ली सचिवालय में मंगलवार को विकास मंत्रालय के अंतर्गत मंडियों के विकास को लेकर बैठक हुई। बैठक में दिल्ली कृषि विपणन बोर्ड (डीएएमबी) और एपीएमसी के अधिकारी शामिल रहे। विकास मंत्री गोपाल राय ने कहा कि 40 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से फूल मंडी गाजीपुर का विकास किया जाएगा।

# सभी के लिए रखें प्रेम व दया की भावना : संत राजिन्दर सिंह



**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। सिख इतिहास में दस गुरुओं के जीवन में ऐसे कई वाक्य हुए हैं जो हमें सिखाते हैं कि हमें अपना जीवन कैसे जीना चाहिए उनके जीवन की इन घटनाओं से हमें यह पता चलता है कि हमें प्रभु को पाने के रास्ते पर चलने के लिए अपने अंदर सद्गुणों को ढालना होगा। उनमें से एक मुख्य सद्गुण है प्रेम। हमें सभी के प्रति चाहे वो हमारे परिवार, मित्र, अनजान व्यक्ति या दुश्मन ही क्यों न हों, यहां तक कि पेड़-पौधे और जानवरों आदि के लिए भी अपने अंदर प्रेम व दया की भावना को जागृत करना होगा। जब हम यह अनुभव करते हैं कि हम एक शरीर नहीं बल्कि एक आत्मा हैं तो तब हम इस सृष्टि के प्रति और ज्यादा जागरूक हो जाते हैं। हम हमेशा इस बात का ख्याल रखते हैं कि किन चीज़ों से इस धरती की संपदा को कायम रखा जा सकता है। इसके अलावा हम इस धरती पर रहने वाले छोटे से छोटे जीव-जंतुओं के दर्द के प्रति और भी ज्यादा संवेदनशील हो जाते हैं। इसके साथ-साथ हम जानवरों और पेड़-पौधों के प्रति भी दया का भाव रखते हैं और उनकी पीड़ा को महसूस करने लगते हैं। सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिन्द सिंह जी के जीवन से एक बहुत ही महत्वपूर्ण घटना हमें यह सिखाती है कि कैसे हमें दूसरों से प्रेमपूर्वक व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने उस समय के शासक जो लोगों को हानि पहुंचाते थे, उनके साथ युद्ध किया। उनके प्रिय शिष्य भाई कन्हैया थे, जिन्हें युद्ध के मैदान में घायल सिपाहियों को पानी पिलाने की सेवा दी गई थी लेकिन भाई कन्हैया केवल अपनी तरफ के सिपाहियों को ही नहीं बल्कि दुश्मनों के घायल सिपाहियों को भी पानी पिलाते थे। तो कुछ लोग गुरु गोबिन्द सिंह जी के पास गए और उन्होंने उनसे भाई कन्हैया के इस व्यवहार की शिकायत की। तब गुरु गोबिन्द सिंह जी ने भाई कन्हैया से इसका जवाब पूछा तो भाई कन्हैया ने गुरु साहब को यह कहा कि, मैं जहाँ भी आपकी ज्योति देखता हूँ, मैं वहीं पानी पिला देता हूं। तो गुरु गोबिन्द सिंह जी ने यह फ़रमाया कि यही एक ऐसा व्यक्ति है जिसने मेरी शिक्षा को सही रूप में समझा और उस पर अमल किया। इसीलिए न सिर्फ सिख इतिहास से बल्कि सभी धर्म-ग्रंथों से हमें यही शिक्षा मिलती है कि हम एक सदाचारी जीवन व्यतीत करें क्योंकि सदाचारी जीवन की चाबी ही हमारे रूहानियत के सभी दरवाजों को खोल सकती है।

# कॉर्निया वर्ल्ड ने अपनी टैबलेट रेंज बाजार में उतारी

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। टेक्नोलॉजी की दुनिया में अव्वल कॉर्निया वर्ल्ड अपनी टैबलेट रेंज में नई पेशकश की है कॉर्निया नोट सीओआर 5 और प्रीमियम सीओआर 7 सीरीज। ये टैबलेट अत्याधुनिक हैं और यूजरों की तमाम जरूरतें पूरी करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इनमें पावरफुल फीचरों के साथ आपको दाम कम होने का लाभ मिलेगा। कॉर्निया नोट सीओआर 5 सिर्फ 12,000 में यह पावरहाउस सब के बजट में है सिर्फ 12,000 रु. में उपलब्ध कॉर्निया नोट सीओआर 5 एक वर्सटाइल टैबलेट है और यह सब के बजट में है, जो बिना किसी रुकावट डिजिटल एक्सपीरियंस चाहते हैं। सीओआर सीरीज़ में एससी 9863 ऑक्टाकोर प्रोसेसर, 7 इंच एलसीडी, 2 जीबी इंटर्नल रैम और 32जीबी स्टोरेज है। कॉर्निया के निदेशक अंकित गर्ग ने कहा कि कॉर्निया में हम अपने यूजरों को तमाम सुविधाएं देते हुए टेक्नोलॉजी की सीमाओं से आगे निकलना चाहते हैं। हमारी यह सोच सीओआर 5 और सीओआर सात सीरीज में सच होती है।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लॉट नं0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि M/s Springlea Developers (P) Ltd., के माध्यम से आवंटित भवन/भूखण्ड संख्या B-1102 at Plot No.-GH-07A, Sector Omicron-III, Pocket-D, Greater Noida, Distt. Gautam Budh Nagar (U.P.), क्षेत्रफल 103.12 वर्गमी0 Mr. Amit Chopra S/o Mr. Virendra Kumar Chopra & Mr. Virendra Kumar Chopra S/o Mr. Girdhari Lal Chopra के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। सह आवंटी Mr. Virendra Kumar Chopra S/o Mr. Girdhri Lal Chopra की मृत्यु दिनांक 08.01.2023 को हो जाने के उपरांत पूर्ण रूप से दर्ज मूल आवंटी (Mr. Amit Chopra S/o Late Virendra Kumar Chopra) ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्युटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सूनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में सह आवंटी Mr. Virendra Kumar Chopra S/o Mr. Girdhri Lal Chopra के स्थान पर पूर्ण रूप से मूल आवंटी Mr. Amit Chopra S/o Late Virendra Kumar Chopra के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इ-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

सं. 128-W/280/इ-निविदा सूचना/70/2023-24/W-3 दिनांक : 15.01.2024
निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | दिल्ली स्टेशन पर पावर केबिन, मुख्य स्टेशन भवन और रनिंग रूम की लीकेज छत की मरम्मत और दिल्ली स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया में सुधार। एडीईएन/एनडीएलएस के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एनडीएलएस प्रभारी। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | रू. 1,79,98,814.11 (मात्र एक करोड़ उनहत्तर लाख अट्ठानवे हजार आठ सौ चौदह रूपये ग्यारह पैसे) |
| 3 | बयाना राशि (रूपये) | रूपये 2,40,000/- (दो लाख चालीस हजार रूपये) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये) | रू. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 06.02.2024 को 15.00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

- ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अतंर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तो के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

187/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | दिल्ली मुख्य स्टेशन पर 3 वर्षों के लिए WWTP 200 KLD का संचालन और रखरखाव। एडीईएन/एनडीएलएस के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एनडीएलएस प्रभारी। |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | Rs. 85,99,932.94/- (मात्र पचासी लाख निन्यानवे हजार और नौ सौ बत्तीस और चौरानवे पैसे ) |
| 3. | बयाना राशि (रूपये) | Rs. 1,72,000/- (एक लाख बहत्तर हजार रूपये) |
| 4. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5. | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 06.02.2024 को 15.00 बजे तक |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तो के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128-W/280/ई-निविदा सूचना/72/ 2023-24/W-3 दिनांक: 15.01.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 186/24

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

नगर आयुक्त के धार्मिक तथा सार्वजनिक स्थलों पर धुलाई का कार्य भी किया जाना है। जिसके क्रम में रोस्टर के अनुसार शहीद स्थलों की मूर्ति के चौतरे तथा शहीद बलिदानों से जुड़ी यादों का विशेष ध्यान रखते हुए उनकी सफाई चल रही है।

**के पी आनंद, महाप्रबंधक जल**

## आईडीसी के निर्देश के बाद भी आया सिर्फ एक बिल्डर, आज से वन टू वन होगी बातचीत

**नोएडा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। औद्योगिक विकास आयुक्त एवं नोएडा-ग्रेनो प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह के निर्देश के करीब दस दिन बाद भी सिर्फ एक बिल्डर पैसे देकर फ्लैट रजिस्ट्री कराने के लिए तैयार हुआ है। ऐसे में अब नोएडा प्राधिकरण ने अपने स्तर से सभी बिल्डरों को बुलाकर सहमति देने को लेकर बात करने का निर्णय लिया है। इसकी शुरुआत बुधवार से होगी। अमिताभ कांत समिति की रिपोर्ट में कुछ संशोधन कर पिछले महीने यूपी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी थी। इसके शासनादेश के तहत बिल्डरों को 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक जीरो पीरियड का लाभ दिया जाएगा। इससे उनका 20 से 24 प्रतिशत तक बकाया कम हो जाएगा। जीरो पीरियड का फायदा लेने के लिए बिल्डरों को कुल बकाए में से 25 प्रतिशत राशि 60 दिन के अंदर और बाकी राशि अधिकतम तीन साल के अंदर देनी होगी। जमा पैसों के अनुपात में नोएडा प्राधिकरण संबंधित बिल्डर की परियोजना में फ्लैट की रजिस्ट्री अनुमति देगा। सरकार के इस निर्णय का फायदा बताने के लिए औद्योगिक विकास आयुक्त एवं नोएडा-ग्रेनो प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने 6 व 7 जनवरी को बिल्डरों के साथ बैठक की थी। चेयरमैन ने निर्देश दिए थे 8 व 9 जनवरी को प्राधिकरण के सीईओ के समक्ष इस पैकेज का लाभ उठाने के लिए सहमति पत्र दे दें। खास बात यह है कि इस बैठक को हुए करीब 10 दिन का समय हो चुका है लेकिन अभी तक सेक्टर-75 एरिया की परियोजना से जुड़ा एक ही बिल्डर सहमति देने को आगे आया है।

# डीएम कार्यालय का घेराव किया, प्रधानमंत्री के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

■ मोदी मॉल से डीएम कार्यालय तक निकाला पैदल मार्च ■ हजारों की संख्या में मौजूद रहे किसान

**नोएडा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय किसान परिषद के तत्वाधान में किसानों का धरना आज 36वें दिन की जारी रहा। आज दोपहर करीब डेढ़ बजे के आसपास किसान मोदी मॉल के पास एकत्रित हुए। यहां से पैदल मार्च करते हुए डीएम कार्यालय गए। इस बीच विधायक पंकज सिंह के कार्यालय के बाहर भी किसानों ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सड़क के दोनों ओर भारी पुलिस बल और बेरिकडिंग की गई। शाम करीब चार बजे के आसपास डीएम मनीष वर्मा से किसानों ने वार्ता की। इस दौरान किसानों ने 15 सूत्रीय एक ज्ञापन प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम डीएम को सौंपा। परिषद के अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने कहा कि कुछ भी हो जाए हम अपना हक लेकर जाएंगे। इसके लिए हमें दिल्ली कूच करना पड़े हम जाएंगे। विधायक से लेकर सांसद तक का घिराव करेंगे। प्राधिकरण और एनटीपीसी की तालाबंदी भी की जाएगी। ये कहने के बाद हजारों की संख्या में पुरुष, युवा और महिला किसान हाथों में तिरंगा लेकर निकल पड़े। जिस तरफ से किसान निकले वहा रूट को बदल दिया गया। पूरी सड़क पर सिर्फ किसान ही किसान नजर आए। करीब डेढ़ घंटे पैदल मार्च के बाद किसान डीएम कार्यालय पहुंचे। यहां सड़के पर किसान बैठ गए। डीएम ने किसानों की समस्यओं को सुना और आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को लेकर सक्षम अधिकारियों के साथ बातचीत की जाएगी। इस मौके पर किसानों ने जन प्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। उनके खिलाफ नारेबाजी की।

### वार्ता में प्राधिकरण से समझौते का दिया हवाला

डीएम से वार्ता के दौरान परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि 9 सितम्बर 2021 से 29 दिसम्बर 2021 तक चले प्रदर्शन के दौरान 31 दिसम्बर 2021 को भारतीय किसान परिषद और प्राधिकरण अधिकारियों के बीच एक समझौता हुआ था। जिसमें 15 सूत्रीय मांगों पर लिखित में आश्वासन दिया गया था। इसमें सभी किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूमि का अधिकार प्राधिकरण द्वारा दिया जाए। किसानों की आबादी का पूर्ण निस्तारण कर रेवेन्यू रिकार्ड से प्राधिकरण का नाम हटाकर काश्तकार का नाम चढ़ाया जाए। आबादी विनयमावली 2011 के अनुसार 450 वर्गमी की सीमा को 1000 वर्गमी किया जाए। ग्राम में पेरीफेरी के अंदर अधिग्रहीत आबादी में रहने वाली पुश्तैनी किसानों के विनिमय हेतु कब्जा दस्तावेज के आधार पर किया जाए। 5 प्रतिशत विकसित भूखंड पर पूर्व में संचालित कामर्शियल गतिविधि करने की नीतिगत अनुमति दी जाए। नोएडा प्राधिकरण के 81 गांव में विकास भूलेख विभाग में न रोककर सुचारु रूप से कार्यपाली किया जाए। गांव में निर्माणाधीन मकानों पर भवन नियमावली लागू नहीं की जाए।

### 18 जनवरी को पूर्ण तालाबंदी

नोएडा प्राधिकरण को काफी समय दिया गया। आश्वासन के बाद चेयरमैन से वार्ता की गई। लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकला। इसलिए 18 जनवरी को नोएडा प्राधिकरण पर तालाबंदी की जाएगी।



# सांसद ने किसानों की मांगों को लेकर दिया 48 घंटे का समय





सांसद ने कहा, सीईओ और आईडीसी से की जाएगी बातचीत

**नोएडा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन (मंच) के बैनर तले किसानों ने पैदल मार्च निकालकर प्राधिकरण और जन प्रतिनिधियों का जमकर विरोध किया। किसानों ने सांसद को नोएडा छोड़ने के कहा। किसानों ने कहा कि हमारी मांगों पर जन प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया था लेकिन वो पूरा नहीं कर सके। इस दौरान जमकर नारेबाजी करते हुए एलिवेटेड रोड से होते हुए किसान सांसद की घर की तरफ पहुंचे। हालांकि पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद किसान सेक्टर-14ए गए और वहीं बैठ गए।

किसानों ने कहा कि जब तक सांसद नहीं आएंगे वार्ता नहीं करेंगे वो यहां से नहीं जाएंगे। इसके बाद शाम करीब साढ़े छह बजे के आसपास सांसद डॉ. महेश शर्मा किसानों के बीच पहुंचे। उन्होंने किसानों से बातचीत की और 24-48 घंटे का समय मांगा। उन्होंने आश्वस्त किया वो सीईओ (नोएडा अथॉरिटी) से लेकर आईडीसी से मांगों को लेकर बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि 10 प्रतिशत विकसित जमीन और 64 प्रतिशत मुआवजा किसानों का हक है। इसे हम दिलाकर रहेंगे। किसानों ने स्पष्ट कहा कि यदि 24 घंटे में सांसद हमारी मांगों को लेकर बातचीत नहीं करते तो आंदोलन उग्र होगा।

### एलिवेटेड रोड पर हुई नोंकझोंक

एलिवेटेड रोड पर किसान पैदल मार्च करते हुए जा रहे थे। इस दौरान धक्का लगने से एक बुजुर्ग किसान रोड पर गिर गए। जिससे उनके सिर में चोट लगी। इससे किसान उग्र होने लगे। हालांकि वहां मौजूद पुलिस प्रशासन ने किसानों को समझाया और वे शांत हो गए।

### चिल्ला बार्डर पर धरना समाप्त

पंचायत में पहले चिल्ला बार्डर पर बैठने का फैसला लिया गया। इसके बाद बताया गया कि एक बैठक बुधवार को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे के बीच में कमिश्नर ऑफिस में तय की गई जिसमें नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एसीईओ, सी एल ए, पुलिस कमिश्नर तथा सांसद डॉ महेश शर्मा किसानों के प्रतिनिधिमंडल मौजूद रहेगा। इसके बाद किसानों ने चिल्ला बार्डर पर चल रहे प्रदर्शन को समाप्त कर दिया।

## सार संक्षेप

### कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत



**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-12 खान पहलवान पर पश्चिमी उप्र के नवनियुक्त पदाधिकारी जिला अध्यक्ष यूथ कांग्रेस गौतम बुध नगर जावेद खान, नोएडा विधानसभा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष नीरज आवाना, पश्चिमी उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव शहाबुद्दीन तीनों का संयुक्त रुप से जिला व शहर कांग्रेस के नेताओं ने जिले से निर्वाचित व चुनाव जीतने पर फूलमाला पगड़ी पहनकर स्वागत अभिनंदन किया। इस मौके पर मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय शूटर किसान नेता पूनम पंडित, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट दिनेश अवाना, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर, पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार भारती, जिला कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अभिषेक जैन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ललित आवाना, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य यत्येंद्र शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जितेंद्र अमबावत, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक राष्ट्रीय सचिव लियाकत चौधरी, प्रेम शाह, टीजे, अर्जुन, अभिषेक अदानी, रवि गुप्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

### दो टॉवर से कीमती उपकरण चोरी

**नोएडा।** ग्रीन बेल्ट में लगे दो टॉवर से चोर कीमती उपकरण चोरी कर फरार हो गए। सेक्टर आठ निवासी अर्जुन कुमार ने फेज दो थाने में दी शिकायत में बताया कि सेक्टर-83 की ग्रीन बेल्ट में जियो रिलायंस का टॉवर लगा हुआ है। जिसकी साइट से बीते दिनों चोरों ने कीमती उपकरण चोरी कर लिया। इसके अलावा होजरी कांप्लेक्स के सामने ग्रीन बेल्ट में लगे टॉवर साइट से भी कीमती उपकरण चोरी हुए हैं। जिस समय घटना हुई उस समय टॉवर पर कोई सिक्योरिटी गार्ड नहीं था। टॉवर से उपकरण चोरी होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### नदद की डीपी लगाकार जालसाजों ने ठगे 98 हजार

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने सेक्टर-78 स्थित सोसाइटी निवासी महिला को उनके व्हाट्सऐप पर नदद की डीपी लगा कर मैसेज किया। इसके बाद आरोपियों ने मुसीबत में होने की बात करके उनसे 98 हजार रुपए ऐंठ लिए। पीड़िता के पति ने सेक्टर-113 थाने में केस दर्ज कराया है। शाश्वत प्रकाश ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले उनकी पत्नी के व्हाट्सऐप नंबर पर उनकी बहन की डीपी लगा करके एक अज्ञात व्यक्ति ने मैसेज किया। उसने बताया कि वह किसी मुसीबत में इस समय फंसी है और तत्काल रुपए की जरूरत है। इस दौरान उन लोगों ने अलग-अलग बहाने बता करके महिला से कुल 98 हजार रुपए ले लिए। जब उन लोगों ने और रुपए की मांग की तो इस दौरान पीड़िता को संदेह हो गया। इसके बाद उन्होंने अपनी ननद से बात किया तो ठगी के बारे में जानकारी हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में दी गई शिकायत दर्ज कर ली गई है। पुलिस की टीम मामले की जांच कर रही है।

# सुपरटेक के एमडी को मिली अंतरिम जमानत

## 27 जून को ईडी ने किया था गिरफ्तार, गंभीर बीमारियों का दिया हवाला

**नोएडा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने मंगलवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार रियल एस्टेट प्रमुख सुपरटेक समूह के अध्यक्ष और प्रमोटर आरके अरोड़ा को अंतरिम जमानत दे दी है। आरोपी ने चिकित्सा आधार पर जमानत मांगी थी। अतिरिक्त सत्र जस्टिस देवेंद्र कुमार जांगला ने उन्हें एक लाख रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानत राशि पर अंतरिम जमानत दे दी।

अरोड़ा ने पिछले महीने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और नब्बे दिनों की अवधि के लिए अंतरिम जमानत की मांग करते हुए कहा था कि वह कई जानलेवा बीमारियों से पीड़ित हैं। मामले में जेल में रहने के बाद से उनका स्वास्थ्य और बिगड़ रहा है। अरोड़ा को 27 जून, 2023 को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया गया था। सुपरटेक समूह उसके निदेशकों व प्रमोटरों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दिल्ली, हरियाणा और यूपी में प्राथमिकी दर्ज हैं।

अरोड़ा की ओर से पेश वकील तनवीर अहमद मीर ने दलील दी कि वह डिस्क डिजनरेटिव, गंभीर गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स और ब्लैकआउट सहित विभिन्न बीमारियों से पीड़ित हैं और फिलहाल चिकित्सा और सर्जरी की आवश्यकता है। बता दे ईडी दिल्ली की आर्थिक अपराध शाखा, हरियाणा और उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा सुपरटेक लिमिटेड और समूह की कंपनियों के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और जालसाजी के लिए दर्ज 26 एफआईआर से संबंधित मामले की जांच कर रहा है।

हरियाणा पुलिस और यूपी पुलिस ने सुपरटेक लिमिटेड और उसकी समूह कंपनियों के खिलाफ 164 करोड़ रुपए का की धोखाधड़ी के संबंध में धारा 120 बी (आपराधिक साजिश) के साथ धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात)/420 (धोखाधड़ी)/467/471 आईपीसी के तहत कम से कम 670 घर खरीदारों को धोखा देने का आरोप लगाया है। ईडी ने यह भी आरोप लगाया कि सुपरटेक लिमिटेड द्वारा एकत्र की गई राशि को संपत्तियों की खरीद के लिए उनके समूह की कंपनियों और बहुत कम मूल्य वाली जमीन वाली कंपनी को भेज दिया गया।

# कार में लगी आग, कूदकर दो युवकों ने बचाई जान

**नोएडा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। वाजिदपुर पेट्रोल पंप के पास सोमवार देर रात चलती कार में आग लग गई। कार से आग की लपटें निकलती देख चालक और उसके साथी ने कूदकर अपनी जान बचाई। राहगीरों ने कार में आग लगने की जानकारी अग्निशमन विभाग और नजदीकी पुलिस स्टेशन को दी। दमकल की एक गाड़ी ने करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि दिल्ली सदर बाजार के आमिर अली सोमवार रात दोस्त के साथ कार में बैठकर सेक्टर-63 की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार वाजिदपुर गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंची तो कार से धुआं निकलना शुरू हो गया।



आमिर और उनके दोस्त कुछ समझ पाते कार से आग की लपटें निकलने लगीं। उन्होंने कार को धीमे किया और दोनों दरवाजा खोलकर कूद गए। आग लगने से कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद मौके पर लोग जमा हो गए। अल्प समय के लिए यातायात भी बाधित रहा। पुलिसकर्मियों ने कार को किनारे कराकर यातायात को सामान्य कराया।

# संभव में निगम अधिकारियों ने सुनी जन समस्याएं

## प्राप्त 13 संदर्भों पर कराई कार्रवाई

**गाजियाबाद,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। संभव जनसुनवाई के अंतर्गत मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव ने आगंतुकों की समस्याओं को सुना गया, सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे संभव के दौरान 13 संदर्भ प्राप्त हुए अधिकांश समस्या टैक्स विभाग से संबंधित प्राप्त हुई जिन पर निस्तारण की कार्रवाई मौके पर कराई गई।



संभव के दौरान सभी विभाग के अधिकारियों ने जन समस्याओं को सुना जिसमें स्वास्थ्य विभाग की एक समस्या, जलकल विभाग की एक समस्या, टैक्स विभाग की तीन समस्या, विज्ञापन विभाग से एक समस्या, निर्माण विभाग से दो समस्या, एंक्रोचमेंट की एक समस्या प्राप्त हुई, जिन पर अविलंब कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में मोहन नगर, राजेंद्र नगर, भोपुरा, गोविंदपुरम, चिरंजीव विहार, प्रताप विहार सेक्टर 9 व अन्य निवासियों ने अपना संदर्भ अधिकारियों के समक्ष रखा।

# नोएडा में सर्दी से हाल बेहाल

■ 22 जनवरी तक कोहरा और तेज ठंड का अनुमान, 20 को हो सकती है बारिश

**नोएडा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा में अब रिकॉर्ड तोड़ सर्दी पड़ रही है। जिसकी वजह से लोगों का बुरा हाल है। बर्फीली हवाओं का भी दौर जारी है। कोहरे और गलन ने लोगों को कंपकंपाने पर मजबूर कर दिया है। लोग इस भीषण सर्दी से बचने के लिए आग और हीटर का सहारा ले रहे है। आईएमडी के मुताबिक, 22 जनवरी तक घना कोहरा और तेज ठंड रहेगी। न्यूनतम तापमान 5 से 6 डिग्री और अधिकतम तापमान 18 से 19 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक सोमवार को न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जोकि रविवार को 5.9 था। वहीं, नोएडा के कई इलाकों में वायु प्रदूषण 290 रिकॉर्ड किया गया। मंगलवार सुबह ठंड और बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने ठंड के लिए 'रेड अलर्ट' जारी कर दिया है। इस दौरान एक्सप्रेस वे पर रात और सुबह के समय विजिबिलिटी शून्य रहेगी। वहीं, दिन के समय भी तापमान गिरने की वजह से ठंड बनी रहेगी।

आईएमडी रिपोर्ट के मुताबिक, 17 जनवरी की सुबह तक घना कोहरा और ठंड की स्थिति बनी रहेगी। तापमान दिन के समय सामान्य से तीन से पांच डिग्री तक कम रहेगा। वहीं, रात के समय भी तापमान 5 डिग्री तक पहुंच सकता है। घने कोहरे के कारण वाहनों की आवाजाही पर असर पड़ा है। 22 जनवरी तक नोएडा में कोहरा रहेगा। हालांकि 20 जनवरी को हल्की बारिश और तापमान में कुछ बढ़ोतरी हो सकती है।

# एमिटी में आईएफएस अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

■ 6 राज्यों के 14 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, भारत में लकड़ी के उत्पादन और उपभोग पैटर्न पर चर्चा

**नोएडा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। सेक्टर-125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय में भारतीय वन सेवा अधिकारियों के लिए 'भारत में लकड़ी के उत्पादन ओर उपभोग पैटर्न व भविष्य के दायरे' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में हरियाणा, कर्नाटक, उड़ीसा, गुजरात और अन्य सहित विभिन्न संवर्गो के 14 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला का शुभारंभ भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सीएएमपीए के सीईओ और अतिरिक्त महानिदेशक सुभाष चंद्रा ने किया।

इस मौके पर सुभाष चंद्रा ने कहा कि हाल के दिनों में वन से संबंधित कई मुद्दे सामने आये है। जैसे कि हरित आवरण को कैसे बढ़ाया जाये, वन प्रमाणन और कानूनों से संबंधित समस्याओं पर ध्यान देने की जरुरत है। ऐसे समय में कार्यशाला के लिए चुना गया विषय उपयुक्त और प्रांसगिक है। जिससे सामूहिक प्रयासों से चुनौतियों को बेहतर तरीके से समाधान किया जा सकता है। नवोन्मेषी सोच और नए जमाने की रणनीतियों को विशेष रूप से कौशल विकास और ग्रामीण बाजार के उपयोग में लागू करने की आवश्यकता है।

# नमो भारत की सुरक्षा में तैनात यूपीएसएसएफ के जवानों के लिए दुहाई में बनेगी आठ मंजिला इमारत

## पुलिस कमिश्नर ने रखी इमारत की आधारशिला

**गाजियाबाद,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। एनसीआरटीसी, दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के यात्रियों की सुरक्षा में तैनात स्थानीय पुलिस और यूपीएसएसएफ के जवानों के लिए दुहाई डिपो क्षेत्र में आठ मंजिला इमारत का निर्माण करेगी। जिसमें यूपी स्पेशल सिक्युरिटी फोर्सेस (यूपीएसएसएफ) के जवानों के रहने के लिए बैरकें भी बनाई जाएंगी। मंगलवार को गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त अजय मिश्रा ने इस इमारत की आधारशिला रखी। इस अवसर पर डायरेक्टर/सिस्टम्स और ऑपरेशन नवनीत कौशिक समेत एनसीआरटीसी अधिकारियों की उपस्थित थे। इस इमारत का निर्माण कार्य जून 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि दुहाई डिपो स्टेशन के पास बनने वाली इस इमारत में स्थानीय पुलिस थाना और एसीपी, डीसीपी और यूपीएसएसएफ का कार्यालय भी स्थापित किया जाएगा। इस इमारत के विभिन्न तलों पर, यूपी स्पेशल सिक्युरिटी फोर्सेस के 40 महिला स्टाफ और 210 पुरुष स्टाफ के लिए अलग-अलग बैरकें बनाई जाएंगी। इनमें कैंटीन और अन्य सुविधाएं भी शामिल होंगी। साथ ही, इन बैरकों में रहने वाले जवानों की आवश्यकताओं के अनुसार अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।



आरआरटीएस के प्राथमिक खंड के स्टेशनों और दुहाई डिपो की सुरक्षा व्यवस्था यूपी स्पेशल सिक्युरिटी फोर्सेस के जवान संभाल रहे हैं। वर्तमान में यहां तैनात सभी जवान अलग-अलग जगहों से आते हैं। इस इमारत के निर्माण के बाद सभी जवान यहां बनाई जाने वाली बैरकों में रह सकेंगे। ऐसा होने से जरूरत की स्थिति में जवानों के एक साथ एकत्रित होने में भी सहूलियत होगी।

उल्लेखनीय है कि आरआरटीएस के प्राथमिक खंड में पांच स्टेशन हैं, जिनमें साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो स्टेशन शामिल हैं। आरआरटीएस नेटवर्क के दुहाई से लेकर मेरठ साउथ तक अगला सेक्शन भी संचालित होने जा रहा है।

# धार्मिक के साथ शहीद स्थलों पर भी चल रहा है नगर निगम का स्वच्छता अभियान





**गाजियाबाद,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर निगम का स्वच्छ तीर्थ अभियान धार्मिक स्थलों के साथ-साथ शहीद स्थलों पर भी वृहद स्तर पर सफाई अभियान चल रहा है। जिसमें नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य विभाग भी स्वच्छ तीर्थ में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं जलकल विभाग द्वारा शहर के सार्वजनिक स्थलों पर धुलाई का कार्य किया जा रहा है।

महाप्रबंधक जल के पी आनंद ने बताया कि नगर आयुक्त के धार्मिक तथा सार्वजनिक स्थलों पर धुलाई का कार्य भी किया जाना है। जिसके क्रम में रोस्टर के अनुसार शहीद स्थलों की मूर्ति के चौतरे तथा शहीद बलिदानों से जुड़ी यादों का विशेष ध्यान रखते हुए उनकी सफाई चल रही है।

शहीद मेट्रो स्थल पर रखी हुई तोप, वसुंधरा में लगे किसान चौक, अटल चौक व अन्य चौराहों पर लगी प्रतिमा को प्रतिदिन पानी से धोया जाता है अन्य कई स्थान भी है जहां पर लगातार महापुरुषों की मूर्तियों चबूतरों को पानी से धोया जाता है।

नगर आयुक्त ने सभी विभागों को स्वच्छ तीर्थ में प्रतिभाग करने के लिए मोटिवेट किया गया, जिसके क्रम में सभी विभाग अपने-अपने कार्यों में स्वच्छता के प्रति अहम भूमिका निभा रहे हैं। एसबीएम टीम द्वारा प्रत्येक जोन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जनप्रतिनिधि गण उत्साह के रूप में हिस्सा ले रहे हैं शहर के कई विद्यालयों, सरकारी कार्यालय, प्राइवेट प्रतिष्ठान भी स्वच्छ तीर्थ में उत्साह के रूप में कार्य कर रहे हैं तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध लड़ाई को जारी रखे हुए हैं।

उवाच

पंप ऑपरेटर की मुख्य समस्याएं पंप ऑपरेटर कर्मचारियों को जैम पोर्टल से जोड़ा जाए सभी कर्मचारियों का वेतन महीने के पहले सप्ताह में दिया जाए, 2018 के बाद से अब तक कुछ कर्मचारियों को ईएसआई पीएफ नहीं मिला है उसको तुरंत दिया जाए, ऑन ड्यूटी किसी भी कर्मचारी के साथ कोई दुर्घटना हो जाती है तो उसका प्राधिकरण की तरफ से दुर्घटना बीमा अनिवार्य होना चाहिए।

**बृजेश भाटी, राष्ट्रीय प्रवक्ता व लोकेश भाटी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष**



# 48 करोड़ रुपए खर्च के बाद भी नहीं जल रही एलईडी लाइट

- शहर में 98 फीसदी स्ट्रीट लाइट रात में रहती है बंद
- प्राधिकरण के अधिकारी आंख बंद कर बैठे
- ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 21 सितम्बर 2021 को सूर्या रोशनी के साथ किया था अनुबंध

**ग्रेटर नोएडा,**16 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण शहर के सड़कों को स्मार्ट एलईडी स्ट्रीट लाइट से रोशन करने पर 48 करोड़ रूपए खर्च कर रहा है। बावजूद इसके घने कोहरे के बीच रात में ज्यादातर सड़कों पर स्ट्रीट लाइट बंद रहती है। शिकायत करने के बाद भी प्राधिकरण अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रहा है। स्ट्रीट लाइट न जलने की शिकायत मिलने के बाद भी प्राधिकरण आज तक कंपनी पर कोई जुर्माना नहीं लगाया। जब सूर्या कंपनी के प्राधिकरण का अनुबंध हुआ था उस समय अनुबंध था कि अगर 98 फीसदी लाइट न जलने पर जुर्माना लगाया जाएगा। शहर में करीब 70,000 स्मार्ट एलईडी लाइट लगी हुई। इनमें से करीब 50 फीसदी ही एलईडी जलती है। सूरजपुर-कासना रोड, एलजी गोल चक्कर से गामा-एक, डीपीएस स्कूल होकर 130 मीटर रोड को जाने वाली सड़क पर रात में एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं जलती है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट, ओमीक्रान आदि सेक्टरों में भी ज्यादातर स्ट्रीट लाइट बंद रहीती है।



प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी मेधा रूपम जांच का जिम्मा सौंपा गया कि एलईडी स्ट्रीट न जलने की जांच करेगी और कंपनी से भी जवाब मांगा गया है, अगर एक सप्ताह के अंदर कंपनी ने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में सुधार नहीं किया तो उसको नोटिस जारी किया जाएगा। उसका अनुबंध भी निरस्त किया जा सकता है।
रवि कुमार एनजी
मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**एलईडी स्ट्रीट लाइट का जिम्मा सूर्या कंपनी पर**

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 21 सितम्बर 2021 को सूर्या रोशन कंपनी के साथ अनुबंध पत्र सौंपा। अनुबंध में शामिल था कि कंपनी एक साल में 54 हजार एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाएगी और पहले से लग चुकी 16 हजार स्ट्रीट लाइटों का रखरखाव भी करेगी। कंपनी पर सात साल तक स्ट्रीट लाइटों को जलाने व रखरखाव का जिम्मा है। इस पर करीब 48 करोड़ रुपए खर्च हुए है।

**हर एलईडी लाइट का नहीं हो पाया आधार**

अनुबंध में शामिल था कि ग्रेटर नोएडा में लगने वाली हर स्मार्ट एलईडी लाइट का एक कोड होगा। एक तरह से हर लाइट का एक आधार नंबर होगा, जिसके जरिए कंट्रोल रूम से पता चल सकेगा कि कौन सी स्ट्रीट लाइट जल रही है और कौन सी खराब है। खराब स्ट्रीट लाइट को तत्काल ठीक किया जा सकेगा। रात में ट्रैफिक कम होने के बाद स्मार्ट एलईडी लाइट को 70 फीसदी या उससे भी कम कैपेसिटी पर चलाया जा सकेगा। एक-एक स्मार्ट एलईडी लाइट को कंट्रोल रूम से संचालित किया जा सकेगा। यह कंट्रोल रूम ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में बनेगा। आज तक कंट्रोल रूम भी नहीं बन पाया। अनुबंध शामिल था कि स्मार्ट एलईडी लाइट्स को ग्रेटर नोएडा के जीआईएस सिस्टम से भी संबद्ध कर दिया जाएगा, जिससे प्राधिकरण को भी पता चलता रहेगा कि कौन सी स्ट्रीट लाइट जल रही है और कौन सी बंद है। स्मार्ट एलईडी लाइट का डैश बोर्ड बनेगा, जिस पर शहर का कोई भी नागरिक स्ट्रीट लाइट का ब्योरा देख सकेगा। अनुबंध में सारी शर्ते सिर्फकागजों तक समिति होकर रह गई है।

# सिस्टर सिटी एग्रीमेंट से खुलेगी ग्रेनो में निवेश की राह

**ग्रेटर नोएडा,**16 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी के साथ जल्द ही सिस्टर सिटी एग्रीमेंट (शहरों की ट्विनिंग) होने जा रहा है। इससे ग्रेटर नोएडा में आर्थिक व्यापारी, शैक्षणिक और इनवायर्नमेंट आदि क्षेत्रों में निवेश की राह खुलेगी। अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी, वर्जीनिया के इकोनॉमिक डेवलपमेंट विभाग के कार्यकारी निदेशक बड़ी राइजर अपनी टीम के साथ मंगलवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर पहुंचे और प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार व एसीईओ मेधा रूपम के साथ बैठक की और एग्रीमेंट को अंतिम रूप देने पर चर्चा की। दोनों संस्थानों की तरफ से ड्राफ्ट एग्रीमेंट में एक-दो सुझाव दिए गए हैं, जिन पर अमल करते हुए शासन से जल्द अप्रूवल लेकर एमओयू किये जाने की तैयारी है।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा और अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी के साथ सिस्टर सिटी के रूप में एग्रीमेंट करने के लिए प्राधिकरण काफी समय से प्रयासरत है। अब इस प्रयास पर जल्द अमल होने की उम्मीद है। मंगलवार को अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी वर्जीनिया के इकोनॉमिक डेवलपमेंट विभाग के कार्यकारी निदेशक बड़ी राइजर तीन अन्य प्रतिनिधियों के साथ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण दफ्तर बैठक हुई। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और लोउडन काउंटी सिटी के प्रतिनिधियों ने सभी अधिकारियों की मौजूदगी में प्रस्तुतिकरण दिया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से प्रस्तुतिकरण में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर, रोड इंफ्रास्ट्रक्चर, मेट्रो कनेक्टीविटी, एक्सप्रेस वे, ग्रीनरी, बड़ी कंपनियों, शिक्षण संस्थानों, डाटा सेंटर हब, आईआईटीजीएनएल, मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब व मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब आदि के बारे में जानकारी दी गई। लोउडन काउंटी सिटी के अधिकारियों ने ग्रेटर नोएडा के इंफ्रास्ट्रक्चर को सराहा। उन्होंने सिस्टर सिटी एग्रीमेंट के लिए प्राधिकरण की तरफ से मिलने वाले रेस्पोंस की भी सराहना की। लोउडन काउंटी के निदेशक बड़ी राइजर ने डाटा सेंटर, शैक्षणिक विकास, पर्यावरण आदि क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश की संभावना जताई। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने आईआईटीजीएनएल समेत ग्रेटर नोएडा के अलग-अलग हिस्से में जाकर इंफ्रास्ट्रक्चर को देखा। सीईओ एनजी रवि कुमार ने इस एग्रीमेंट को जल्द अमली-जामा पहनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से तेजी से प्रयास करने का आश्वासन दिया। बता दें कि सिस्टर सिटी एग्रीमेंट (शहरों की ट्विनिंग) के अंतर्गत दो शहरों के बीच शिक्षा, व्यापार, संस्कृति, बायोटेक, कृषि, फार्मास्यूटिकल, सूचना और तकनीक आदि का सीधे आदान-प्रदान करने में सहूलियत हो जाएगी। एक-दूसरे के प्रतिनिधि दोनों शहरों में जाकर अध्ययन कर सकेंगे। इससे पहले इस तरह का एग्रीमेंट वाराणसी, लखनऊ, आगरा आदि शहरों के साथ अलग-अलग देशों के साथ हो चुके हैं।



- अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी के साथ जल्द एमओयू करने की तैयारी
- सीईओ एनजी रवि कुमार व लोउडन काउंटी सिटी के निदेशक की हुई बैठक
- दोनों शहरों के बीच कई क्षेत्रों में सूचना के आदान-प्रदान करने में होगी सहूलियत

# दो जुड़वा बच्चियों के साथ महिला घर से निकली हुई लापता

**ग्रेटर नोएडा,**16 जनवरी (देशबन्धु)। बीटा-दो थाना क्षेत्र सेक्टर अल्फा-दो आई-ब्लॉक से एक महिला बिना बताए घर से अपने दो बच्चियों से साथ निकल गई, घर वालों ने हर तरफ तलाश की जब कोई जानकारी नहीं मिली तो थाने पहुंचकर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया गया। सेक्टर अल्फा-दो आई ब्लॉक निवासी शीतला प्रसाद दुबे की बेटी पारुल अपने दो बेटियों रिद्धि व सिद्धिके साथ आयी थी। 13 जनवरी को शाम करीब साढ़े छह बजे बिना बताए घर से निकल गई। पारुल अपने दो जुड़वा बच्चियों के साथ अपने पिता के घर पर इलाज कराने के लिए आयी थी। पारुक का कद करीब पांच फिट व रंग गोरा है, पिंक कलर का सूट व पैरों मे चप्पल पहना हुआ है। दोनों बच्चियां जैकेट पहनी हुई है। महिला के पिता ने बताया कि बेटी का मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी,जिसका इलाज चल रहा था, हमारी अपील है कि जिस किसी को पता चले सूचना दे, सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा। पुलिस गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।



# नोएडा एयरपोर्ट को रैपिड रेल से जोड़ने के लिए सर्वे का काम शुरू

- गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट को जोड़ने के लिए की जा रही मिट्टी की जांच
- स्टेशनों का लेआउट, ट्रैक पर रैपिड के साथ मेट्रो चलाने की तैयार हो रहा प्लान

**ग्रेटर नोएडा,**16 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर को रैपिड रेल से जोड़ने के लिए सर्वे शुरू हो गया है। सर्वे के साथ मिट्टी की जांच, स्टेशनों का लेआउट, ट्रैक के निर्धारण का काम चल रहा है। इसके ट्रैक पर रैपिड रेल और मेट्रो चलाई जा सकेगी। एनसीआरटीसी मार्च तक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट दे देगा।

नोएडा एयरपोर्ट को गाजियाबाद से रैपिड रेल से जोड़ा जाएगा। एनसीआरटीसी ने इसकी फिजबिलिटी रिपोर्ट बनाई है। गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन से ग्रेटर नोएडा वेस्ट और परी चौक के माध्यम से नोएडा एयरपोर्ट तक रैपिड रेलमार्ग को मंजूरी दे दी गई है। फिजबिलिटी रिपोर्ट के मुताबिक, 72.2 किमी लंबे कॉरिडोर में 12 स्टेशन होंगे। परी चौक पर एक्वा लाइन के साथ रैपिड रेल आकर मिलेगी। इसका निर्माण दो चरणों में होगा। एनसीआरटीसी के अधिकारियों ने पिछले दिनों यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के समक्ष अब तक हुए कामों का प्रजेंटेशन दिया। अधिकारियों ने बताया कि डीपीआर बनाने के लिए सर्वे शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा मिट्टी की जांच की जा रही है। ताकि स्टेशन, पिलर आदि के स्थान तय किए जा सकें।

इसी आधार पर स्टेशन के लेआउट तय किया जाएगा। इसके साथ ही ट्रैक का निर्धारण किया जा रहा है। इसके ट्रैक पर मेट्रो चलाई जा सकेगी। एनसीआरटीसी की टीम डीपीआर के लिए तथ्य जुटा रही है। एनसीआरटीसी के अधिकारी अब फरवरी में प्रजेंटेशन देंगे।

# अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी को आगामी 31 दिसम्बर 2028 तक मिलेगा नि:शुल्क खाद्यान्न

**ग्रेटर नोएडा,**16 जनवरी (देशबन्धु)। भारत सरकार के उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा जारी अधिसूचना संख्या 6148 (अ) दिनांक 30 दिसम्बर, 2022 में संशोधन करते हुए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित लाभार्थियों के आर्थिक बोझ को कम करने तथा राष्ट्रीय एकरूपता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एन.एफएस.ए में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 1 जनवरी, 2024 से 05 वर्ष अर्थात 31 दिसम्बर, 2028 तक नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने बताया कि इस प्रकार 1 जनवरी, 2024 से 5 वर्ष तक की अवधि के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 की धारा-3 के अन्तर्गत सभी पात्र परिवारों को चावल, गेहूं और मोटा अनाज नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा, जिसका सम्पूर्ण व्यय भार का वहन भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। वर्तमान में अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा. गेहूं व 21 किग्रा. चावल प्रति राशनकार्ड तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों उनके यूनिटों पर 2 किग्रा. गेहूं तथा 3 किग्रा. चावल प्रति यूनिट नि:शुल्क वितरण कराया जा रहा है। जिले के सभी अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्ड धारकों तथा आम जनमानस जानकारी के लिए सूचना जारी किया गया है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत कुल 16 जोड़ों का हुआ विवाह

**ग्रेटर नोएडा,**16 जनवरी (देशबन्धु)। विकासखण्ड-बिसरख परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत कुल 16 जोड़ों का धार्मिक विधि-विधान से सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया, जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग के 5, अल्पसंख्यक वर्ग के 1, अन्य पिछड़ा वर्ग के 8 व सामान्य वर्ग के 2 जोड़ों ने हिस्सा लिया। सभी जोड़े विकासखण्ड-बिसरख, दादरी, जेवर व दनकौर के निवासी थे, जिन्होंने आनलाईन आवेदन किया गया तथा सभी का विधि-विधान से सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह विकास खण्ड-बिसरख परिसर में वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे अतिथि अप्रीत कौर, ब्लॉक प्रमुख, बिसरख, शैलेन्द्र बहादुर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी, गौतमबुद्धनगर, लवेश सिसोदिया, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, गौतमबुद्धनगर, आशीष कुमार सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सहित अन्य उच्चाधिकारियों का खण्ड विकास अधिकारी, विकासखण्ड-बिसरख में ससम्मान अभिनंदन किया गया। अप्रीत कौर, ब्लॉक प्रमुख, बिसरख व खण्ड विकास अधिकारी, बिसरख, गौतमबुद्धनगर द्वारा समारोह में उपस्थित नवदम्पत्तियों के परिवारजनों को सम्बोधित किया गया कि योजना के सफलता के बारे में जानकारी दी गई तथा जनमानस को प्रोत्साहित किया गया कि अन्य क्षेत्र में प्रचार-प्रसार कर लाभान्वित कराने का प्रयास किया जाना चाहिए।



समारोह में अतिथि अप्रीत कौर, ब्लॉक प्रमुख, बिसरख, शैलेन्द्र बहादुर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी, गौतमबुद्धनगर, डॉ. अजितेश सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, बिसरख, लवेश सिसोदिया, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी आदि लोग मौजूद रहे।

# यूनाइटेड नेशंस अंडर-20 सम्मेलन में पीडब्ल्यूएस के विद्यार्थियों का बेहतरीन प्रदर्शन




**ग्रेटर नोएडा,**16 जनवरी (देशबन्धु)। पैसिफिक वर्ल्ड स्कूल ने एमयू 20 शिखर सम्मलेन में शानदार प्रस्तुति देते हुए कई सम्मान अपने नाम किए। पाथवेज स्कूल, गुरुग्राम में आयोजित मॉडल यूनाइटेड नेशंस अंडर-20 सम्मेलन में पांच छात्रों को विशेष उपाधि से नवाजा गया। सम्मेलन में शिक्षा से लेकर स्वालस्यी तक के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान पेसिफिक वर्ल्ड स्कूल के अर्श खन्ना, नव्या वत्स, सुदेशना दत्ता, क्याना कोहली और शाल्विया गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ यूएनईपी चुना गया। पैसिफिक वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने पूरे आयोजन मंश बेहतरीन प्रदर्शन किया। पैसिफिक वर्ल्ड स्कूल की प्रिंसिपल, पूजा बोस ने, खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हमें सम्मेलन में अपने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बेहद गर्व है। यह जीत हमारे छात्रों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।

# विश्व हिंदू परिषद ने घर घर जाकर कार सेवकों को किया सम्मानित

**जेवर,**16 जनवरी (देशबन्धु)। असंख्य कारसेवकों के परिश्रम एवं बलिदान की फलस्वरुप ही अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का सपना साकार हुआ है। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल जेवर इकाई द्वारा घर-घर जाकर कारसेवकों का सम्मान किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर के कारसेवक अनिल जी ऐरन, डॉ. अशोक गुप्ता, हरिकिशन मंगला, विकास चौकड़ात, राम अवतार ऐरन, लक्ष्मण बाबा, ललित कुमार गुप्ता, अशोक स्वामी, दीपक मांगरोल, डालचंद गोयल, सुंदरलाल ऐरन का उनके घर पर जाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता वेद प्रकाश गर्ग, ओम प्रकाश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, नगर मंत्री प्रमोद मंगला, बजरंग दल जेवर के नगर संयोजक विपिन शर्मा, विशाल, शिवम ऐरन एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




**पब्लिक नोटिस**

सभी संबंधित व्यक्तियों को एतद्ववारा सूचित किया जाता है कि परियोजना "951 एम.टी प्रति माह उत्पादन और फार्मूलेशन 5000 एम-टी प्रति माह के साथ प्रस्तावित कीटनाशक निर्माण संयंत्र" प्लॉट नंबर ए-4 (A-4) कोसी कोटवान एक्सटेंशन-2, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम (यूपीएसआईडीसी) औद्योगिक क्षेत्र में स्थित है। मेसर्स अंबर क्रॉप साइयन्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मथुरा, उत्तर प्रदेश को मत्रालय द्वारा दिनांक 11 अक्टूबर 2023 के एफ सं. आईए-जे-11011/316/2021-आईए-द्वितीय (आई) के माध्यम से पर्यावरण मंजूरी प्रदान की गई है। एमओईफएंडसीसी के पास उपलब्ध हैं और मंत्रालय की वेबसाइट पर भी देखे जा सकते हैं। https://parivesh.nic.in/.



देशबन्धु
पत्र नहीं मित्र
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
पत्र नहीं मित्र
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# पंप ऑपरेटरों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य गेट को बंद कर किया हल्ला बोल प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,**16 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जल निगम के ट्यूबवेल ऑपरेटरों ने किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में मंगलवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य गेट को बंद कर किया हल्ला बोल प्रदर्शन किया। अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य कार्यपालक के नाम ज्ञापन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक जितेंद्र गौतम को सौंपा। इस मौके पर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विकास प्रधान और उपाध्यक्ष आलोक नागर ने कहा कि पंप ऑपरेटर कर्मचारियों की 15 दिन के अंदर अगर सभी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो प्राधिकरण पर सभी कर्मचारी परिवार सहित अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे।

राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेश भाटी और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लोकेश भाटी ने बताया कि पंप ऑपरेटर की मुख्य समस्याएं पंप ऑपरेटर कर्मचारियों को जैम पोर्टल से जोड़ा जाए सभी कर्मचारियों का वेतन महीने के पहले सप्ताह में दिया जाए, 2018 के बाद से अब तक कुछ कर्मचारियों को ईएसआई पीएफ नहीं मिला है उसको तुरंत दिया जाए, ऑन ड्यूटी किसी भी कर्मचारी के साथ कोई दुर्घटना हो जाती है तो उसका प्राधिकरण की तरफ से दुर्घटना बीमा अनिवार्य होना चाहिए, प्रत्येक कर्मचारी को महीने में चार छुट्टी मिलनी चाहिए प्राधिकरण की तरफ से जल विभाग के कर्मचारियों को कार्ड महुआ कराया जाए, शासन आदेश के अनुसार समान कार्य वेतन का आदेश सभी कर्मचारियों पर लागू किया जाए प्राधिकरण के सभी पंप ऑपरेटर पर लगे कर्मचारियों की सूची सार्वजनिक की जाए जिससे जल विभाग में हो रहे हैं भ्रष्टाचार की पोल खुल सके। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण नागर, नरेंद्र भाटी, जितेंद्र भाटी, शुभम चेची, सीपी सोलंकी, प्रदीप भाटी, मोहित भाटी, भारत नागर, मनीष नागर, दिलशाद, ओमप्रकाश नागर, अखिल भाटी, सोनू मावी, अमित नगर, मोहित भाटी, देवन भाटी, प्रिंस चौधरी, धर्मवीर भाटी, प्रवीण राहुल, कमल, चमन, नवल व अन्य पम्प ऑपरेटर मौजूद थे।





# विकसित भारत संकल्प यात्रा में पात्र लोगों को दिया गया लाभ

**ग्रेटर नोएडा,**16 जनवरी (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा कासना मंडल के सालेपुर गांव में पहुंची एवं दनकौ रमंडल के उस्मानपुर गांव में दोनों जगह मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहले की सरकार है अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन मोदी की गारंटी वाली गाड़ी सीधे आपके द्वारा आ रही है आप भी समस्याओं को सुनने और उनका निराकरण करने के लिए पेंशन की बात हो शौचालय की बात हो उज्वला की बात हो। आयुष्मान कार्ड की बात हो प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की बात हो प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर 50 से 70 फीसदी तक दवाइयां सस्ती मिलती हैं। आयुष्मान कार्ड से पहले गांव में लोगों को इलाज करने के लिए गहने एवं जमीन गिरवी रखनी पड़ती थी, लेकिन मोदी सरकार ने 5 लाख तक का इलाज मुफ्त में होगा, उसके लिए आयुष्मान कार्ड बनाया गया उज्वला योजना से माताएं बहने छोले पर खाना बनाते थे। तमाम बीमारियां उत्पन्न हो जाती थी फेफड़े और आंखों में अधिकतर दिक्कत आती थी, लेकिन उज्वला के माध्यम से गैस कनेक्शन दिए गए पहले गांव में लोग खुले में सो जाने के लिए मजबूर रहते थे, लेकिन गांव में शौचालय बनाकर गांव के लोगों को राहत देने का कार्य किया। इस अवसर पर अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल मंडल, अध्यक्ष दिनेश भाटी, राकेश प्रधान, वीरेंद्र प्रधान, राजेंद्र चौहान, आलोक रंजन, दनकौर में मंडल अध्यक्ष हरदत्त शर्मा ,कार्यक्रम के उपरांत स्वच्छता अभियान भी चलाया गया गांव में आयुष्मान कार्ड 220 प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि 163 वृद्धावस्था पेंशन 20 विकलांग पेंशन दो विधवा पेंशन 14 अंत्योदय कार्ड 6 प्रधानमंत्री उज्जवला साथ सर्व शिक्षा अभियान 78 दो बहनों की गोद भराई कार्यक्रम हुआ अन्नप्राशन दो सुलभ शौचालय 25 उस्मानपुर में जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।




**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जगनपुर अफजलपुर में उप जिलाधिकारी, सदर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 816/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022 दिनांक 21.06.2022 से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार निम्न प्रकार मृतक श्री रनवीर सिंह पुत्र स्व0 श्री रामजीलाल निवासी ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 23.04.2021 के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम स0 | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/ अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जगनपुर अफजलपुर | 764 771 772 773 775 776 | श्री रनवीर सिंह पुत्र स्व0 श्री रामजीलाल निवासी ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती मरमन देवी | पत्नी | 53 वर्ष | |
| | | | | श्री सतेन्द्र | पुत्र | 26 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्री कपिल | पुत्र | 26 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में लिखित रूप से दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा प्राधिकरण अभिलेखो में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ हेतु दर्ज कर दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जगनपुर अफजलपुर में उप जिलाधिकारी, सदर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1073/एस0टी0-एस0डी0एम0/2021 दिनांक 03.04.2021 से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार निम्न प्रकार मृतक श्री डालचन्द पुत्र अंगना निवासी ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 04.01.2019 के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम स0 | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/ अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जगनपुर अफजलपुर | 683 687 688 689 691 717 718 | श्री डालचन्द पुत्र अंगना निवासी ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती राजवती | पत्नी | 73 वर्ष | |
| | | | | श्री देवीलाल | पुत्र | 32 वर्ष | |
| | | | | श्रीमती कृपाली | पुत्री | 46 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में लिखित रूप से दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य लाभ हेतु दर्ज कर दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 17 जनवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## भारत-मालदीव खटास का फायदा न उठाये चीन

कुछ दिनों पहले लक्षद्वीप में समुद्र किनारे टहलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीरों के सम्बन्ध में पड़ोसी मुल्क मालदीव के तीन मंत्रियों द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर भारत और उसके पड़ोसी मुल्क मालदीव के बीच सम्बन्धों में जो बिगाड़ पैदा हुआ है, उसे आपसी बातचीत से सुधारे जाने की आवश्यकता है। ऐसा केवल परस्पर व्यवसायिक हितों के चलते ही ज़रूरी नहीं है वरन भारत के साथ गैरदोस्ताना सम्बन्धों में यकीन रखने वाले दूसरे पड़ोसी चीन को हिन्द महासागर से दूर रखने के लिये भी उचित होगा। मालदीव सरकार ने दोषी मंत्रियों को हटाकर भारत सरकार को संतुष्ट करने की कोशिश तो की है, लेकिन लगता है कि अभी तक नरेन्द्र मोदी नाखुश हैं। जहां एक ओर भारत ने वहां के उच्चायुक्त को बुलाकर अपनी नाराज़गी जतलाई, वहीं अब मालदीव भी कड़े तेवर दिखला रहा है। हालांकि उसने भी अपनी राजधानी माले में पदस्थ भारतीय उच्चायुक्त को बुलाकर अपनी स्थिति साफ की थी।

जैसा कि अक्सर होता है कि देश का कोई भी विवाद राष्ट्रवाद से जोड़ दिया जाता है, इस मामले में भी ऐसा ही हुआ। मोदी की तस्वीरों पर की गई टिप्पणियों को लेकर देश भर में कोहराम मच गया। मोदी समर्थकों ने जमकर सोशल मीडिया पर बवाल काटा। अनेक कम्पनियों एवं लोगों ने मालदीव न जाने की अपील की जिसके कारण बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटकों ने अपनी बुकिंग रद्द कर दी। इसके साथ ही यह बतलाने की कोशिश की कि भारत का लक्षद्वीप मालदीव से अधिक सुंदर है। जो देश बड़े पैमाने पर पर्यटन पर चल रहा हो, उसमें भी सबसे अधिक पर्यटक भारतीय होते हैं, तो सम्बन्धों का तल्ख़ होना लाजिमी है। इस मुस्लिम बहुल देश को संकट में पड़ा देखकर चीन लाभ लेने की कोशिश में भिड़ गया है। मंगलवार को मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ू चीन का दौरा कर आये। स्वदेश लौटते ही मुइज़्ज़ू ने बयान दिया कि 'हमारा देश छोटा हो सकता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि किसी भी देश को हमें धौंस देने का लाइसेंस मिल गया है।' साफ है कि उनका इशारा सीधे-सीधे भारत की ओर था।

इतना ही नहीं, अब मालदीव के राष्ट्रपति ने भारत से कहा है कि वह 15 मार्च तक उनके देश में तैनात अपने सैन्यकर्मियों को हटा ले। उस देश में भारत के 77 सैनिक और कुछ विमान तथा हैलीकॉप्टर के चालक, मेंटेनेंस स्टाफ आदि हैं। इसके लिये एक उच्चस्तरीय कोर ग्रुप गठित किया गया है जिसकी पहली बैठक माले में हो चुकी है। ग्रुप भारतीय सैनिकों को हटाने की योजना पर काम कर रहा है। जैसा मालदीव सरकार ने चाहा है, उम्मीद है कि यह काम समय सीमा के भीतर पूरा हो जायेगा। यह एक तरह से दोनों देशों के बीच सम्बन्धों की एक और कड़ी को तोड़ने जैसा होगा।

वैसे मंत्रियों की मोदी के बाबत की गई टिप्पणियों की स्वयं मालदीव में पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों और अनेक विरोधी नेताओं ने मुइज़्ज़ू की आलोचना की है। इसका असर यह देखने को मिला कि माले की जिस सीट पर मुइज़्ज़ू राष्ट्रपति बनने से पहले मेयर थे, उसके लिये हुए चुनाव में उनकी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। मेयर के चुनाव में विपक्षी 'मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी' (एमडीपी) के उम्मीदवार आदम अज़ीम जीत गए। इस दल का नेतृत्व मोहम्मद इब्राहीम सोलिह करते हैं, जो भारत समर्थक हैं। वैसे राष्ट्रपति के चुनाव में एमडीपी मुइज़्ज़ू की पीएनसी से हार गई थी। राष्ट्रपति बनने से पहले माले के मेयर मोहम्मद मुइज़्ज़ू हुआ करते थे जिन्होंने राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए मेयर के पद से इस्तीफ़ा दे दिया था।

भारत के विदेश मंत्रालय एवं स्वयं मोदी को यह समझना होगा कि किसी भी मामले को कितना खींचा जाना चाहिये। तमाम पड़ोसी देशों के साथ शांतिपूर्ण सम्बन्ध सभी की आवश्यकता है। यह आत्मसम्मान की कीमत पर नहीं होगा. वैचारिक मतभेदों के पार जाकर सभी प्रधानमंत्री के साथ खड़े हैं लेकिन यह देखना होगा कि मामले को इतना न खींचा जाये कि परिदृश्य में चीन की एंट्री हो जाये।

यूं तो मालदीव बहुत छोटा सा देश है जो भारत के लिये कभी भी खतरा नहीं बन सकता परन्तु ऐसा न हो कि वह भारत से उलझने के लिये चीन के नज़दीक चला जाये। बताया गया है कि वहां की अधोसंरचना के विकास और दूसरे अनेक कार्यों के लिये चीन उसे 13 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आर्थिक मदद देने के लिये तैयार है। इनमें सड़कों का पुनर्निर्माण, मालदीवियन एयरलाइन को चीन में घरेलू उड़ानें शुरू करने की इजाज़त, हुलहुमाले में पर्यटन केन्द्र, विलिमाले में 100 बिस्तरों वाला बिस्तर बनाने जैसी योजनाएं हैं जिनके लिये चीन उसकी वित्तीय सहायता करेगा। चीन का किसी भी देश में अपना दखल व उपस्थिति बढ़ाने का यह चिर-परिचित व आजमाया हुआ नुस्खा है। भारत की घेराबन्दी के लिये वह इस तरीके का कई बार इस्तेमाल कर चुका है। पाकिस्तान व श्रीलंका में तो वह कर ही चुका है, नेपाल व भूटान में भी उसकी कोशिशें जारी रहती हैं। भारत के पड़ोसी छोटे देशों को चीन आर्थिक मदद के जरिये पहले प्रभावित करता है तत्पश्चात वह वहां अपनी सैन्य उपस्थिति की योजना बनाता है। भारत को इससे सावधान रहना होगा। इसलिये उसके लिये ज़रूरी है कि वह मालदीव के साथ अपने रिश्तों में सुधार के तरीके ढूंढ़े। भारत इस क्षेत्र का सिरमौर है और मालदीव का स्वाभाविक मित्र। दोनों का मिलकर रहना बेहतर होगा।

# अधिकारों की ज़रूरत भुला बैठे देश में राहुल की न्याय यात्रा

राहुल गांधी एक बार फिर से भारत को नाप रहे हैं। साल 2022 की 7 सितम्बर को कन्याकुमारी से प्रारम्भ कर पिछले वर्ष की 30 जनवरी, को श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर तिरंगा फहराते हुए उन्होंने पहली यात्रा को पूरा किया था। उनके पहले वाले मार्च से, जिसे 'भारत जोड़ो यात्रा' कहा गया था और जो 'नफ़रत के बाज़ार में मोहब्बत की दूकान' भी कही गई थी, इस बार की यात्रा ज्यादा लम्बी दूरी की है और उसके उद्देश्य जोड़ने से बढ़कर लोगों को न्याय दिलाने के हैं। पिछली बार वे 4 हजार किलोमीटर चले थे, अब यह दूरी 6700 किमी की रहेगी। अबकी यात्रा हाई ब्रीड है, यानी वे चलने के साथ अपने वाहन का भी इस्तेमाल करेंगे। पिछले वक्त दक्षिण से उत्तर की ओर बढ़े थे, अब पूर्वोत्तर के हिंसाग्रस्त मणिपुर से निकलकर पश्चिमी छोर में अरब सागर के तट पर बसी देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई को 20 मार्च को छुएंगे। पहले राहुल हिन्द महासागर, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के मिलन स्थल पर बसे कन्याकुमारी से निकले थे और उन्होंने अपनी यात्रा का समापन हिमालय की गोद में बसे कश्मीर में किया था, तो अब की वे पहाड़ों वाले पूर्वोत्तर भारत के एक प्रदेश से निकलकर अरब सागर के किनारे बसे महानगर में उसे समेटेंगे।

फर्क केवल इतना ही नहीं है, बड़ा अंतर है तब की और अब की यात्रा की पार्श्वभूमि तथा उद्देश्यों में। पहले लोगों के मन में बसी घृणा को मिटाकर प्रेम का संदेश देना था, तो अब सामाजिक सौहार्द्र के आगे बढ़ते हुए न्याय की मांग करना है। दरअसल पिछली यात्रा के दौरान जो विमर्श बना, वह इस बात का निष्कर्ष था कि जनता को आर्थिक, राजनैतिक व सामाजिक न्याय चाहिये जो 10 वर्षीय मोदी काल में उनसे छीन लिया गया है। यह यात्रा शुरू होने के पहले ही कांग्रेस के मीडिया प्रमुख जयराम रमेश ने बताया था कि इसके जरिये तीन तरह के न्याय की मांग की जा रही है- पहला है राजनीतिक न्याय क्योंकि देश में राजनैतिक तानाशाही है, सामाजिक न्याय क्योंकि ध्रुवीकरण किया गया है और तीसरे, आर्थिक न्याय। वह इसलिये कि अमीर और अमीर होता जा रहा है तथा गरीब अधिक गरीब।

मणिपुर इसलिये इस यात्रा का श्रेष्ठ प्रस्थान बिन्दु हो सकता था क्योंकि वह राज्य पिछले करीब 8 महीनों से जो कुछ झेल रहा है, वह इन्हीं तीन तरीकों के अन्याय हैं। राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, और केन्द्र में भी। इसे भाजपा अक्सर 'डबल इंजिन की सरकार' के रूप प्रस्तुत करती है। इस खूबसूरत राज्य में जैसी हिंसा हुई उसमें भाजपा की न तो राज्य सरकार ने राहत दी और न ही केन्द्र ने आहत लोगों के आंसू पोंछने की कोशिश की। यहां तक कि दोनों ही सरकारों ने यहां की वस्तुस्थिति पर पर्दा डालने का काम किया। मोदी के बारे में यह कहावत



डॉ. दीपक पाचपोर

> पिछली यात्रा के दौरान जो विमर्श बना, वह इस बात का निष्कर्ष था कि जनता को आर्थिक, राजनैतिक व सामाजिक न्याय चाहिये जो 10 वर्षीय मोदी काल में उनसे छीन लिया गया है। यह यात्रा शुरू होने के पहले ही कांग्रेस के मीडिया प्रमुख जयराम रमेश ने बताया था कि इसके जरिये तीन तरह के न्याय की मांग की जा रही है- पहला है राजनीतिक न्याय क्योंकि देश में राजनैतिक तानाशाही है, सामाजिक न्याय क्योंकि ध्रुवीकरण किया गया है और तीसरे, आर्थिक न्याय।

ही मशहूर हो गई कि 'वे मणिपुर का म भी मुंह से नहीं निकालते।' नयी संसद भवन में जाने के पहले उन्हें इसलिये इस पर एक संक्षिप्त बयान देना पड़ा क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने उस वीडियो का हवाला देकर केन्द्र को चेता दिया था कि अगर सरकार कुछ नहीं करती तो न्यायालय को ही कुछ करना पड़ेगा। इस मामले की गूंज दुनिया भर में हुई और यहां तक कि मोदी जो कभी भी प्रेस के सामने नहीं जाते, उन्हें भी अमेरिका प्रवास के दौरान इससे सम्बन्धित सवाल पर अपना आधा-अधूरा सा जवाब देना पड़ा था। भाजपा ने जिस तरह से उस राज्य को उसके हाल पर छोड़ दिया है, वह बतलाता है कि प्रदेशवासियों को राजनैतिक न्याय की सख्त आवश्यकता है। वहां के मुख्यमंत्री तो कहते हैं कि राज्य में इतनी घटनाएं हुई हैं कि सब पर कार्रवाई करना मुश्किल है। सामाजिक न्याय इसलिये चाहिये क्योंकि वहां हिंसा में 175 से अधिक लोग मारे गये, 1100 से ज्यादा घायल हुए और हजारों की संख्या में लोग बेघर होकर शरणार्थियों के रूप में रह रहे हैं। ईसाई बन गये कुकी आदिवासियों पर कहर टूटा है जो बतलाता है कि उनकी धार्मिक आजादी को छीना गया है। सामाजिक ध्रुवीकरण इसका कारण है। इस हिंसा से वहां विकास ठप पड़ा है और लोग आर्थिक बदहाली की ओर बढ़ चले हैं। गरीबी, बेरोजगारी के चलते आर्थिक न्याय वहां की बड़ी ज़रूरत है।

कमोवेश, देखें तो पूरे देश का यही हाल है। भारत आज इन तीनों ही तरह के अन्यायों को भाजपा के हाथों झेल रहा है। फिर, यह यात्रा ऐसे वक्त में निकली है जब एक हफ्ते बाद ही भाजपा व मोदी अपने दस साला कार्यकाल का सबसे बड़ा इवेंट आयोजित करने जा रहे हैं- राममंदिर का 22 जनवरी को उद्घाटन। सभी जानते हैं कि जिस जल्दबाजी में मोदी प्राण प्रतिष्ठा के नाम पर भव्य व खर्चीला कार्यक्रम कर रहे हैं उस तरीके से स्वयं हिन्दुओं के सबसे बड़े धर्मगुरुजन, यानी चारों शंकराचार्य भी नाराज़ हैं। साफ हो चुका है कि मोदी के लिये यह समारोह उनके चुनावी प्रचार का ही हिस्सा है। इसके साथ ही दोनों परिघटनाओं के बीच फर्क साफ हो गया है- भाजपा जो इन तमाम तरह के अन्यायों का स्रोत है, वह मंदिर के पक्ष में है। उसके लिये बहुसंख्यकों का धर्म ही सर्वोपरि है। उसके लिये आजादी का अर्थ है समाज के कुछ गिने-चुने लोगों के लिये स्वतंत्रता। जबकि कांग्रेस (संविधान के अनुसार) सबके धर्मों के सम्मान की बात करती है, सबके लिये स्वतंत्रता की बात करती है। यही राहुल की न्याय यात्रा का निष्कर्ष है। इसके पक्ष में देश के 27 अन्य गैर-भाजपायी दल हैं।

राहुल की न्याय यात्रा को लेकर यह साफ है कि देश को न्याय की ज़रूरत है परन्तु क्या भारत की जनता का एक बड़ा हिस्सा न्याय चाहता भी है? पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार, भाजपा एवं उसके मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देश को न्याय की आवश्यकता भी भुला दी है। यह दुखद है कि आज बेरोजगार को मानों रोजगार नहीं चाहिये क्योंकि वह इसकी मांग ही नहीं कर रहा है, बेघर को घर नहीं चाहिये क्योंकि वह इसकी बात ही नहीं करता, छात्र को शिक्षा ही नहीं चाहिये क्योंकि वह भी इसकी मांग करता नहीं दिखता। लोगों के लिये मानों मंदिर ही सारी समस्याओं का निराकरण है। राहुल के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती यही है कि उन्हें देश को याद दिलाना है और उसे न्याय की आवश्यकता से अवगत कराना है। जिस प्रकार से मोदी ने लोगों को न्याय ही विस्मृत करा दिया है, उन परिस्थितियों में राहुल लोगों को बतला रहे हैं कि किसी भी नागरिक के लिये राजनैतिक, सामाजिक व आर्थिक न्याय कितने आवश्यक हैं। उनकी न्याय यात्रा दो संगठनों के बीच का ऐसा संघर्ष है जिसमें एक पक्ष (भाजपा) लोगों को प्रेरित कर रहा है कि उन्हें न्याय की ज़रूरत नहीं है। दूसरा पक्ष (कांग्रेस) कह रहा है कि ये तीनों तरह के न्याय मिले बिना न तो व्यक्तिगत विकास सम्भव है और न ही देश का। देखना यह होगा कि 3-4 माह के बाद जब लोकसभा के चुनाव होते हैं तो जनता किसे चुनती है- अधिकारों का विस्मरण कराने वाली भाजपा को या न्याय को याद दिलाने वाली कांग्रेस को। भारत का भविष्य इसी बात पर निर्भर करेगा कि उसे आजादी सभी के लिये चाहिये या थोड़े से लोगों के लिये।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# क्या आप इस संसद को पहचानते हैं?

■ कुमार प्रशांत

कांग्रेसमुक्त भारत बनाने की बदहवास होड़ को यही रास्ता पकड़ना था। देश भी तेजी से कांग्रेसमुक्त हो रहा है; संसद भी विपक्ष मुक्त हो गई है। संविधान में ऐसी मुक्ति की कोई कल्पना नहीं है। वहां तो संसदीय लोकतंत्र का आधार ही पक्ष-विपक्ष दोनों हैं। विपक्ष अपने कारणों से चुनाव न जीत सके तो वह जाने, लेकिन जो और जितने जीतकर संसद में पहुंचे हैं, उन्हें पूरे अधिकार व सम्मान के साथ संसद में रखना सत्तापक्ष का लोकतांत्रिक दायित्व है। लोकसभा का अध्यक्ष इसी काम के लिए रखा जाता है कि वह संसदीय प्रणाली व सांसदों की गरिमा का रक्षक बनकर रहेगा।

2014 के बाद से संसद का सामान्य शील भी खत्म हो गया और इसे विपक्ष ने नहीं, सत्तापक्ष ने खत्म किया। सबसे पहले तो प्रधानमंत्री ने ही घोषणा कर दी कि हमारा विपक्ष देशद्रोही, राष्ट्रीय एकता का दुश्मन, भ्रष्टाचारी तथा विभाजनकारी ताकतों का सफरमैना है। विपक्ष के लिए जवाहर लाल से मनमोहन सिंह तक, किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं कहा था। बहुमत से सरकार बनाने वाले प्रधानमंत्री को विपक्ष को ऐसा कहने की जरूरत क्यों पड़ी? इसलिए कि वे भयग्रस्त मानसिकता से घिरे थे; घिरे हैं। उन्हें पता है कि यह जो सत्ता हाथ आई है, उसके पीछे आत्मबल नहीं, तिकड़में हैं और तिकड़म का चरित्र ही यह है कि वह कब छल कर जाए, आपको पता भी नहीं चलता।

> विपक्षी सांसदों को निलंबित करने के अलावा कोई रास्ता ही नहीं था, सत्तापक्ष का ऐसा तर्क मान भी लें तो संसदीय लोकतंत्र की भावना के अनुरूप यह तो किया ही जा सकता था कि इतने निलंबन के बाद संसद की बैठक स्थगित कर दी जाती और विपक्ष के साथ नये सिरे से विमर्श किया जाता कि अब संसद का काम कैसे चलेगा? संसदीय लोकतंत्र का एकमात्र संप्रभु मतदाता है, जिसने वह संविधान रचा है जिससे आप अस्तित्व में आए हैं।

ऐसे में रणनीति यह बनती है कि हर विपक्ष व असहमति को इतना गिरा दो, पतित कर दो कि उसके उठने की संभावना ही न बचे। विपक्ष, संवैधानिक संस्थाओं, स्वतंत्र जनमत, मीडिया, राज्य सरकारों आदि का ऐसा श्रीहीन अस्तित्व पहले कभी नहीं था। विपक्ष, जिसने 60-65 सालों तक देश चलाया है, अगर देशद्रोही, भारत का दुश्मन, विभाजनकारी ताकतों का सफरमैना तथा भ्रष्टाचारियों का सरदार होता, तो क्या आपको वैसा देश मिलता, जैसा मिला? आप चुनाव जीत सके, यही इस बात का प्रमाण है कि विपक्ष पर लगाए आपके आरोप बेबुनियाद हैं। विपक्ष दूध का धुला है, ऐसा कोई नहीं कहेगा, लेकिन आपका दूध शुद्ध है, ऐसा भी तो कोई नहीं कहता।

आप यह जरूर कह सकते हैं कि आजादी के बाद से अब तक विपक्ष ने जैसी सरकारें चलाईं, जैसा समाज बनाया उससे भिन्न व बेहतर सरकार व समाज हम बनाएंगे। आपको यह कहने का अधिकार भी है व उसका आधार भी है, क्योंकि आपने सारे देश में एकदम भिन्न विमर्श खड़ाकर अपने लिए चुनावी सफलता अर्जित की है, लेकिन देश आजाद ही 2014 में हुआ, ऐसा विमर्श बनाना व सत्ता की शक्ति से उसे व्यापक प्रचार दिलाना दूसरा कुछ भी हो, स्वस्थ्य लोकतंत्र की जड़ में मट्ठा डालने से कम नहीं है। अब यह राजनीतिक शैली दूसरे भी सीख चुके हैं। वे भी इतनी ही कटुता से स्तरहीन विमर्श को बढ़ावा दे रहे हैं। लोकतंत्र में सार्वजनिक विमर्श का सुर व स्तर सत्तापक्ष निर्धारित करता है, विपक्ष उसका अनुशरण करता है। संसद जिस स्तर तक गिरती है, देश का सार्वजनिक विमर्श भी उतना ही गिरता है।

संसद के दोनों सदनों में अध्यक्ष का पहला व अंतिम दायित्व एक ही है: सदस्यों का विश्वास हासिल कर उनका संवैधानिक संरक्षण करना। प्रत्यक्ष या परोक्ष पक्षपात नैतिक पकड़ कमजोर करता है। 2014 से यह लगातार जारी है।

यह सच छिप नहीं सकता कि विपक्ष संख्याबल में कमजोर है जिसे आप बराबरी का अधिकार व अवसर न देकर लगातार कमजोर करते जा रहे हैं। आपके ऐसे रवैये से विपक्ष का जो हो सो हो, सदन लगातार खोखला होता जा रहा है। वहां व्यक्तिपूजा, नारेबाजी, जुमलेबाजी तथा तथ्यहीनता का गुबार गहराता जा रहा है। ऐसी संसद, न तो सदन के भीतर और न बाहर, लोकतंत्र को मजबूत व समृद्ध कर सकती है। संविधान इस बारे में गूंगा नहीं है भले हम उसकी तरफ से मुंह फेरकर, निरक्षर व 'सूरदास' बन गए हैं।

सांसदों के निलंबन अनुशासन के नाम पर किए गए हैं। अचानक इतने सारे अनुशासनहीन सांसद कहां से आ गए? पहले से सब ऐसे ही थे तो अब तक सदन चल कैसे रहा था? पहले से नहीं थे तो इन्हें अनुशासनहीन बनाने की स्थिति किसने पैदा की? हर निलंबित सदस्य दोनों अध्यक्षों की क्षमता और उनकी मंशा पर सवाल खड़ करता है। संसदीय लोकतंत्र के प्रति आपकी प्रतिबद्धता कैसी है, यह कैसे आंकेंगे हम? आपके व्यवहार से ही न! विपक्ष के इतने सारे सदस्यों को निलंबित कर देने के बाद संसद में लगातार संवेदनशील बिल पेश किए जाते रहे, पारित भी किए जाते रहे, तो यह मंजर ही घोषणा करता है कि संसदीय लोकतंत्र का कोई शील आपको छू तक नहीं गया है।

विपक्षी सांसदों को निलंबित करने के अलावा कोई रास्ता ही नहीं था, सत्तापक्ष का ऐसा तर्क मान भी लें तो संसदीय लोकतंत्र की भावना के अनुरूप यह तो किया ही जा सकता था कि इतने निलंबन के बाद संसद की बैठक स्थगित कर दी जाती और विपक्ष के साथ नये सिरे से विमर्श किया जाता कि अब संसद का काम कैसे चलेगा? संसदीय लोकतंत्र का एकमात्र संप्रभु मतदाता है, जिसने वह संविधान रचा है जिससे आप अस्तित्व में आए हैं। उसने जैसे आपको चुनकर संसद में भेजा है वैसे ही उसने विपक्ष को भी चुनकर संसद में भेजा है। दोनों की हैसियत व अधिकार बराबर हैं और दोनों के संरक्षण की संवैधानिक जिम्मेदारी अध्यक्षों की है। इसलिए अध्यक्षों को यह भूमिका लेनी चाहिए थी कि भले किसी भी कारणवश इनका निलंबन हुआ हो, इनको चुनने वाले मतदाता का अपमान हम नहीं कर सकते, सो संसद स्थगित की जाती है।

ऐसा होता तो अब्दुल हमीद 'अदम' की तरह दोनों अध्यक्ष इस परिस्थिति को एक सुंदर मोड़ दे सकते थे कि 'शायद मुझे निकाल के पछता रहे हों आप, महफिल में इस खयाल से फिर आ गया हूं मैं।' इसकी जगह ऐसा रवैया अपनाया गया कि जैसे बिल्ली के भाग से छींका टूटा हो। क्या अब संसद में कौन रहेगा, इसका फैसला मतदाता नहीं, संसद का बहुमत करेगा? यह संविधान की लक्ष्मण-रेखा का उल्लंघन है। यह तो नई ही स्थापना हो गई कि विपक्ष-विहीन संसद वैध भी है और हर तरह का निर्णय करने की अधिकारी भी। फिर संसद की कैसी तस्वीर बनती है और संविधान का क्या मतलब रह जाता है? इसका जवाब इस संसद के पास तो नहीं है।

**(लेखक गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष हैं)**

## प्रकाश पर्व

### बादशाह दरवेश संत सिपाही दसम गुरु गोविंद सिंह

महान योद्धा शूरवीर गुरु गोविंद सिंह का इस धरा पर आगमन पौष सुदी सात सन 1666 में पटना में माता गुजरी की कोख से नौवें नानक गुरुतेग बहादुर के गृह में हुआ। आप की ही कलम से आपने लिखा है-

वही प्रकाश हमारा भयो पटना शहर बिरवे भव लेयो।

आप का आरंभिक जीवन ही शूरवीरता एवं निडरता से भरपूर था। आप के बचपन के लगभग 6 साल पटना में बीते। पटना में पंजाब से सैयद भीखण शाह सूफी फकीर आपके दर्शन करने आए और आपके आगे दूध की और पानी की दो छोटी मटकियां भरकर यह सोचकर रखी कि अगर आप हिन्दुओं के पीर हैं तो दूध की कटोरी पर और मुसलमानों के हिमायती होंगे तो पानी की मटकी पर हाथ रखेंगे पर गुरदेव ने दोनों को ही लुढ़काकर यह संकेत दिया कि इन दोनों के अलावा एक तीसरा पथ भी बनाएंगे। पटना में ही बालरूप में आपने पंडित शिविदत्त को रामचंद्र के रूप में दर्शन दिये। वहां पर आपने पीर अरीफोदीन राजा फतेचंद मैनी इत्यादि अनेकों लोगों को दर्शन देकर निहाल किया। आपकी याद में वहां तखत पटना साहिब गुरुद्वारा सुशोभित हैं जिसमें हजारों श्रद्धालु रोज शीश निवाते हैं।

यहां से आप आनंदपुर आ गए। यहीं पर आपको संस्कृत, वृज भाषा फारसी की। जहां पर आपने अपने सीकियां पहलवान विचित्र सिंह से मुगलों के मदमस्त हाथी जो अस्त्र-शस्त्र से लैस था मुकाबला करवाया और दुश्मन के छक्के छुड़वा दिए। यहां से मुगलों के आश्वासन देने के बाद कि आप किला छोड़ दें हम आपको मुगल अपनी कुरान शरीफ की खाई कसमों पर भी मुकर गए और सरसा नदी के किनारे इनकी फौज पर टूट पड़े। घमासान युद्ध हुआ। आप अपने साथ चालीस सिंह जिसमें आपके दो बड़े साहिब जादे अजीत सिंह एवं जुझार सिंह के साथ चमकौर की कची गढ़ी में आ ठहरे और दो छोटे साहिबजादों जोरा फतेसिंह माता गुजरी के साथ अपने पुराने रसोइये गंगू के साथ खेडी गांव पहुंचे। चमकौर की गढ़ी में दस लाख मुगल फौज ने घेरा डाल दिया। गुरुदेव ने आठ-आठ कर जत्थों को मुगल सेना से लोहा लिया। इस तरह यह चरितार्थ कर दिखाया कि-

सवा लाख से एक लड़ाऊं गीदड़ों को मैं शेर बनाऊं।  
चिड़ियों से मैं बाज तुड़ाऊं तभै गोविंद सिंह नाम कहाऊं।।

यहां से आप गाछी वाड़े के जंगल होते हुए आलमगीर पहुंचे। वहां से दमदमा साहिब (साबो की तलवंडी में आपने आज की दमदमी बीड़ ग्रंथ साहिब तैयार किया फिरआप बुरहानपुर होते हुए नांदेड़ गए। जहां पर आपने माधोदास वैरागी को सिंह बनाकर बंदा सिंह नाम देकर पंजाब मुगलों से लड़ने भेजा। जहां पर आपके दो छोटे साहिबजादे जोरावर सिंह फते सिंह को नीवों में जीते जी चिनवा दिया गया।

गुरुदेव ने जाप साहब त्वप्राज सवैये 33 विचित्र नाटक चंडी की वार इत्यादि वाणी की रचना की। यहां पर गुलखां नामक पठान ने आप पर धोखे से वार किया। गुरुदेव को जो जख्म हुआ था वह सी दिया गया। गुलखां को पकड़ कर उसका काम तमाम कर दिया गया। इसके बाद गुरुदेव ने पांच पैसे और नारियल गुरुग्रंथ साहिब के आगे रखकर सीस निवाया और गुरुसिखों से कहा कि- आज के बाद आप का कोई देहधारी गुरु नहीं होगा। गुरुग्रंथ साहिब ही आज से आप के गुरु होंगे। प्रभु को मिलवोच हैं- खोज शब्द में लेह इसके बाद दो दिन बाद गुरुदेव ने इस संसार से विदा ली।

आज हमारा दसमेश पिता का प्रकाश पर्व मनाना तभी सार्थक होगा जब हम उनके बातए मार्ग पर चलकर जीवन यापन करेंगे। अपनी कमाई से दसबंध निकालकर जरूरतमंदों की सेवा करेंगे।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### युवाओं में खत्म होती सहन करने की क्षमता, बढ़ रहे है मॉब लिंचिंग के मामले

सहनशीलता सद्गुणों की जननी है। सहनशील व्यक्ति हर बला से बच सकता है लेकिन वर्तमान में सहनशीलता के गुण ही खत्म होते दिखाई दे रहा है। राह चलते, गाड़ी पार्क करने, वाहन ओवरटेक करने और सड़क की वारदातों ने आम आदमी के मन मे विकृति घर कर गई है। देश में हर रोज बनने वाली घटना में एक दूसरे पर जानलेवा हमला कर मौत के घाट उतार दिया जाता है। यह हमारे यहां की विडंबना है छोटी बात को राई का पहाड़ बनाने वाले क्यों भूल जाते हैं कि यह मार्ग नुकसानदायक है। गुस्से में आपा खो देने वाला व्यक्ति हत्या तक कर देता है। कुछ क्षण के लिए गुस्से में आगबबूला हुआ व्यक्ति अपने परिवार तक को मार देता है। दुधमुंही बच्चियों को गुस्से में पटकने की खबरें अखबार में पढ़ने को मिलती हैं। क्या यही मानव जीवन है? नहीं, आज मानवता मर चुकी है। चीख-चीख कर पुकार रही है कि मानव तू कर रहा है वह विनाश है और विनाश के सिवा कुछ नहीं है। यूं तो हर दिन घटनाएं घटती है। लेकिन औरंगाबाद के नवीनगर थाना क्षेत्र की घटना में सामने आई है कि कार पार्किंग को लेकर हुए विवाद में चार लोगों की हत्या हो गई जिसमें एक बुजुर्ग को भी गोली मारी गई। हैदरनगर थाना क्षेत्र में तीन व्यक्तियों को पीट-पीट कर मार डाला जबकि दो व्यक्ति घायल हुए। एक दुकान के आगे कार पार्किंग को लेकर दुकानदार और कार में बैठे एक व्यक्ति ने पिस्टल निकाल गोली मार दी गई। मौके पर ही मौत हो गई। बिहार में शायद फिर से जंगलराज आ गया है। भीड़ ने पीट-पीट कर दो व्यक्तियों को मार डाला। मॉब लिंचिंग में कानून में संशोधन किया गया है। मॉब लिंचिंग में मौत होने पर व्यक्ति को फांसी का प्रावधान है। लेकिन उसके बाद भी लोगों को कानून का भय नही है। उपरोक्त घटना में घायल व्यक्ति ने कहा कि किसी दूसरे व्यक्ति ने गोली चलाई गई थी। रोहतास जिले में एक महिला पर हत्या की शंका के चलते पीट-पीट कर मार डाला। कहते हैं कि भीड़ की मति मारी जाती है। भीड़ में अक्ल नहीं होती है यह कहावत आज चरितार्थ होती जा रही है। युवाओं को चाहिए कि सहनशीलता का पालन करे। क्योंकि दस सेकंड आने वाले गुस्से पर काबू नहीं रहने से समाज में अनर्थ होता जा रहा है। परिवार के परिवार को मौत के घाट उतार दिए जाते हैं। सहनशीलता धारण करने से कुछ पल का गुस्सा शांत हो जाता है और अंधकार हट जाता है। क्षमाशील बनना चाहिए।। इसमें परिवार समाज और देश का भला हो सके।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## तुर्किये में सड़क हादसे में नौ की मौत, 30 घायल

**अंकारा।** तुर्किये के दक्षिणी प्रांत मेर्सिन में सड़क दुर्घटना में नौ लोगों की मौत हो गई और 30 घायल हो गए। तुर्किये के सरकारी प्रसारक टीआरटी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक मुगला प्रांत के दक्षिण-पश्चिमी जिले मार्मारिस से मार्डिन प्रांत की ओर जा रही यात्री बस डी-400 राजमार्ग पर मेर्सिन के येनिकास के पास एक बैरियर से टकराकर पलट गयी। घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस से विभिन्न अस्पतालों में पहुंचाया गया तथा पुलिस और जेंडरमेरी टीमों ने राहत एवं बचाव अभियान चलाया।



# अमेरिका ने इरबिल में मिसाइल दागने पर की ईरान की निंदा

## व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता ने इसे सोचा समझा हमला बताया

**वाशिंगटन,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका ने इराक के उत्तरी शहर इरबिल के पास बैलिस्टिक मिसाइल से हमला करने को लेकर ईरान की निंदा की है और इसे अंधाधुंध लापरवाह और लक्षित हमला बताया है। व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने एक बयान में कहा, हम स्थिति का आकलन करना जारी रखेंगे, लेकिन शुरुआती संकेत हैं कि यह अंधाधुंध और सोचा-समझा हमला है। उन्होंने कहा, अमेरिका इराक की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि हमलों में किसी भी अमेरिकी कर्मी या स्थान को निशाना नहीं बनाया गया है।



ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा है कि उसने इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्दिस्तान क्षेत्र में इजरायल के कथित 'जासूसी मुख्यालय' पर हमला किया है। उधर, कुर्दिस्तान क्षेत्र सुरक्षा परिषद के अनुसार सोमवार को हुए हमलों में चार लोग मारे गये और छह घायल हुए थे। इराक ने हमलों की निंदा करते हुए इसे अपनी संप्रभुता का उल्लंघन बताया, लेकिन इज़रायल की सरकार ने ईरानी दावों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। न्यूज एजेंसी रायटर की रिपोर्ट के अनुसार एक अलग घटनाक्रम में कुर्दिस्तान के अधिकारियों ने मंगलवार सुबह कहा कि उन्होंने इरबिल हवाई अड्डे के ऊपर उड़ रहे तीन सशस्त्र ड्रोनों को मार गिराया है। यहां अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय सेनाएं तैनात हैं। अधिकारियों ने जान-माल के नुकसान के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष सात अक्टूबर को गाजा पट्टी में इजरायल और ईरान समर्थित फिलिस्तीनी समूह हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच ईरानी हमले हुए हैं। इसके अलावा लेबनान, सीरिया, इराक और यमन में सक्रिय ईरान से संबद्ध लड़ाकों को इस संघर्ष में शामिल करने की गतिविधियां तेज हो गयी हैं। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा, इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में मोसाद के मुख्य जासूसी मुख्यालयों में से एक को बैलिस्टिक मिसाइलों से नष्ट कर दिया गया। बयान में कहा गया कि यह यहूदी शासन के हालिया अत्याचारों के जवाब है।

### हाउती को सहायता प्रदान कर रहा है आईआरजीसी : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने आरोप लगया है कि ईरान का इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) यमन में हाउती विद्रोहियों को सहायता पहुंचा रहा है। अमेरिकी अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेमाफोर समाचार पोर्टल ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि आईआरजीसी ने यमन में ड्रोन और मिसाइलों के प्रशिक्षकों तथा ऑपरेटरों के साथ-साथ हाउतियों को सामरिक खुफिया सहायता प्रदान करने वाले कर्मियों को भी तैनात किया है। ईरान की सेना ने यमन में कथित तौर पर लड़ाकू ड्रोन, क्रूज मिसाइलों और हाउतियों के लिए मध्यम रेंज की बैलिस्टिक मिसाइलें भेजी हैं, जिनका उपयोग लाल सागर में जहाजों पर हमला करने के लिए किया गया। अधिकारियों के अनुसार लाल सागर में यमन के विद्रोही अंसार अल्लाह आंदोलन द्वारा व्यापारी जहाजों को निशाना बनाया जाता है।

### *इजरायल, सीरिया में ईरान के मिसाइल हमले में चार लोगों की मौत*

***तेहरान।*** *ईरान ने हालिया आतंकवादी हमले के विरोध के जवाब में क्रमश: सीरिया और इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में 'आतंकवादियों' तथा इजरायल की खुफिया सेवा मोसाद के ठिकानों के खिलाफ बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया, जिसमें चार लोग मारे गए। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सिपाह न्यूज ने आज तड़के आईआरजीसी के जारी बयान के हवाले से बताया कि मध्यरात्रि में किया गया हमला इजराइल द्वारा ईरानी और प्रतिबंधित कमांडरों की हत्याओं के प्रतिशोध की कार्रवाई थी। यह हमला दक्षिणपूर्वी ईरानी प्रांत करमान, सिस्तान और बलूचिस्तान में हाल के 'आतंकवादी हमलों' की प्रतिक्रिया के रूप में भी था। इराक की राजधानी एरबिल पर आईआरजीसी द्वारा किए गए मिसाइल हमले में चार लोग मारे गए।*

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 17 जनवरी , 2024 पौष शुक्ल पक्ष 6**

### राशिफल

मेष -आज आप का दिन अनुकूल है। स्वस्थ तन-मन से आज सारे काम पूरे कर पाएंगे। परिणाम स्वरूप आप में ऊर्जा एवं उत्साह छलकेगा। भाग्य का साथ आपको मिलेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ समय आनंद में गुजरेगा।

वृषभ -आज का दिन सावधानीपूर्वक गुजारें। आप का मन अनेक प्रकार की चिंताओं में रहने वाला है। स्वास्थ्य बिगड़ सकता है और आंखों में पीड़ा होने की संभावना है। आत्मीयजनों एवं परिवारजनों से विरोध होगा।

मिथुन -आज का दिन आपके लिए बेहद लाभप्रद रहेगा। अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के लिए शुभ दिन है। मित्रों से मुलाकात आनंददायक होगी और उनसे लाभ भी हो सकता है।

कर्क -आज का दिन भाग्य वृद्धि का दिन है। विदेश या दूर देश से शुभ समाचार प्राप्त हो सकते हैं। छोटा प्रवास या किसी धार्मिक यात्रा से मन की प्रसन्नता में वृद्धि होगी। शारीरिक और मानसिक रूप से भी आज स्वस्थ रहेंगे।

सिंह -आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की जरुरत है। बीमारी के कारण मेडिसिन पर खर्च करना पड़ सकता है। क्रोध और वाणी को वश में रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

कन्या -आज किसी नए काम की शुरुआत ना करेँ। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर रहें। खासकर बाहर खाना-पीना टालें। आज आप अधिक क्रोधित रहेंगे, वाणी पर संयम रखें।

तुला -आज का आप का दिन आनंद-प्रमोद में गुजरने वाला है। दोस्तों का साथ जीवन को महकाता रहेगा। नए वस्त्रों की खरीदी होगी। आभूषण खरीदने का भी मन करेगा।

वृश्चिक -स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत है। संतान की समस्या आपको चिंतित करेगी। मानहानि की संभावना है। शेयर सट्टे में न पड़ें। संभव हो तो यात्रा या प्रवास से बचें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी।

धनु -तन-मन में स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मन पर चिंता का भार रहेगा। पारिवारिक वातावरण दूषित रहेगा। माता के साथ मनमुटाव होगा। उनकी तबीयत के संबंध में चिंता रहेगी। सार्वजनिक कार्यक्रमों में आप मौन ही रहें।

मकर -दैनिक कामों में अनुकूल परिस्थिति निर्मित होने पर राहत महसूस करेंगे। गृहस्थ जीवन की समस्याएं हल होती हुई प्रतीत होंगी। संपत्ति संबंधी कामों का हल मिलेगा। व्यापार- धंधे में आर्थिक लाभ होगा। भाई- बहनों का सहयोग मिलेगा।


कुंभ -वाणी पर संयम रखेंगे, तो आज बहुत सी समस्याओं से बच जाएंगे। किसी के साथ वाद-विवाद में न पड़ें। अनावश्यक खर्च पर अंकुश रखें। काम में कम सफलता मिलेगी। संतोष की भावना का अनुभव होगा। स्वास्थ्य खराब होगा।

मीन -आपको खर्च पर संयम रखना होगा। ज्यादा खर्च से मानसिक कष्ट हो सकता है। लोगों से गुस्से या आवेश में बात ना करें। आज किसी से मनमुटाव हो सकता है। खासकर धन के लेन-देन में सावधानी बरतें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद रूस के वोरोनिश शहर में आपातकाल की घोषणा

**मास्को,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। यूक्रेन की ओर से किये गये ड्रोन हमले के बाद रूस के वोरोनिश शहर में मंगलवार को आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई। मेयर वादिम कस्टेनिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, हमले से प्रभावित लोग, क्षतिग्रस्त मकान और चल संपत्ति को हुए नुकसान का आकलन एक आयोग करेगा। श्री कस्टेनिन ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र के लोगों को पास के एक स्कूल में शरण दी गयी है और उन्हें सभी अनिवार्य सुविधाएं मुहैया करायी जा रही हैं। इससे पहले, वोरोनिश क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर गुसेव ने कहा कि रूसी वायु रक्षा बलों ने वोरोनिश पर यूक्रेनी ड्रोन के हमले को विफल कर दिया। इस दौरान, कई घर क्षतिग्रस्त हो गए और एक बालिका (11) घायल हो गई। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वोरोनिश क्षेत्र में तीन यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया गया।



## पुलिस को अपराध से लड़ने के लिए प्रतिरक्षा प्रदान करेगा प्रशासन : ट्रम्प

### आयोवा में अपने समर्थकों को कर रहे थे संबोधित


**वाशिंगटन,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और 2024 में रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के नामांकन के दावेदार डोनाल्ड ट्रम्प ने आयोवा में अपने समर्थकों से प्रतिबद्धता जतायी है कि उनका प्रशासन इस उद्देश्य के लिए शहरों का पुनर्निर्माण और सुरक्षित करेगा जिससे पुलिस अधिकारियों को अपराध से लड़ने में सक्षम होने के लिए प्रतिरक्षा प्राप्त होगी।

श्री ट्रम्प ने सोमवार रात आयोवा कॉकस वोट जीतने के बाद कहा हम अपने शहरों का पुनर्निर्माण करने जा रहे हैं, हम उन्हें सुरक्षित बनाने जा रहे हैं, और हम अपने पुलिस अधिकारियों को छूट देने जा रहे हैं, ताकि जब भी वे कुछ करें, उन पर मुकदमा न हो, और हम अपने शहरों में अपराध समाप्त कर सकें। उन्होंने विशेष रूप से, अमेरिकी राजधानी, वाशिंगटन के पुनर्निर्माण का वादा किया, जिसमें सड़कों पर लोगों को गोली मारने और अन्य अपराधों में शामिल लोगों के लिए 'अविश्वसनीय' कठोर दंड देना भी शामिल है।



आयोवा रिपब्लिकन पार्टी के नतीजों से पता चला कि श्री ट्रम्प को 51 प्रतिशत वोट मिले और फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस 21 प्रतिशत वोट के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी राजदूत निक्की हेली 19 प्रतिशत वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। आयोवा रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में 40 प्रतिनिधियों को भेजेगा। सम्मेलन 15-18 जुलाई को मिल्वौकी, विस्कॉन्सिन में होने वाला है। सम्मेलन में कुल 2,500 लोग मतदान करेंगे। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद का नामांकन जीतने के लिए, एक उम्मीदवार को 1,215 प्रतिनिधियों के वोट हासिल करने की आवश्यकता होती है।

## ब्रिटेन में घातक निपाह वायरस के टीके का पहला मानव परीक्षण शुरू




**लंदन,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। ब्रिटेन में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने लोगों को घातक निपाह वायरस से बचाने के लिए एक टीके का परीक्षण करने के लिए पहला मानव नैदानिक परीक्षण शुरू किया है।

**18 से 55 साल की उम्र के 51 लोग परीक्षण में भाग लेंगे**

विश्वविद्यालय ने एक बयान में बताया, 18 से 55 साल की उम्र के 51 लोग ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के महामारी विज्ञान संस्थान के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित निपाह बी टीके के परीक्षण में भाग लेंगे। निपाह वायरस एक विनाशकारी बीमारी है, जो लगभग 75 प्रतिशत मामलों में घातक हो सकती है। सिंगापुर, मलेशिया, बांग्लादेश और भारत सहित दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों में इसका प्रकोप हुआ है, हाल ही में सितंबर 2023 में केरल, भारत में इसका प्रकोप हुआ। निपाह वायरस फ्रूट बैट्स द्वारा फैलता है। इंसानों को चमगादड़ों के मुंह लगाए फल खाने से भी निपाह वायरस हो सकता है। यह संक्रमित जानवरों (जैसे सूअर) के संपर्क में आने या एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में निकट संपर्क के माध्यम से भी फैल सकता है।

25 साल पहले मलेशिया और सिंगापुर में निपाह वायरस का पहला मामला आने के बावजूद, वर्तमान में कोई टीका या उपचार नहीं है। परीक्षण के प्रधान अन्वेषक और विश्वविद्यालय के नफिल्ड मेडिसिन विभाग में प्रोफेसर ब्रायन एंगस ने कहा, निपाह वायरस की पहचान पहली बार 1998 में की गई थी। वैश्विक स्वास्थ्य समुदाय में 25 वर्षों के बाद भी इस विनाशकारी बीमारी के लिए कोई टीका या उपचार नहीं है।

## श्रीलंका में डेंगू के 5000 से अधिक मामलों की पुष्टि

**कोलंबो,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। श्रीलंका में इस साल जनवरी में अब तक पांच हजार से अधिक डेंगू के मामलों की पुष्टि हुई है। राष्ट्रीय डेंगू नियंत्रण इकाई (एनडीसीयू) के मंगलवार को जारी आंकड़ों अनुसार जनवरी के पहले पखवाड़े के दौरान 5,829 मामले सामने आए हैं। पश्चिमी प्रांत में सबसे अधिक 1,956 और इसके बाद उत्तरी प्रांत में 1,390 मामले दर्ज किए गए। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्रालय ने दक्षिण एशियाई देश में मच्छर जनित बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए देशव्यापी डेंगू रोकथाम सप्ताह की घोषणा की थी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल श्रीलंका में डेंगू के 88,398 डेंगू के मामले सामने आए थे और 57 मरीजों की मौत हुई थी।



## आज का इतिहास

1601-मुग़ल बादशाह अकबर ने असीरगढ़ के अभेद किले में प्रवेश किया।
1895-फ्रांसीसी राष्ट्रपति कैसिमिर पेरियर ने इस्तीफा दिया।
1913-रेमंड प्वाइनकेयर फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये।
1917-राजनेता एवं अभिनेता एम जी रामचंद्रन का जन्म।
1941-सुभाषचन्द्र बोस ब्रिटिश पहरे से चुपचाप ढंग से निकलकर जर्मनी के लिए रवाना हुए।
1945-प्रसिद्ध कवि, गीतकार जावेद अख़्तर का जन्म।
1946-संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पहली बैठक हुई।
1948-नीदरलैंड तथा इंडोनेशिया संघर्ष विराम पर सहमत हुए।
1961-जनवादी कोंगो के प्रधानमंत्री पेट्रिस लुमुम्बा की देश के नये सैन्य शासकों ने हत्या कर दी।
1976-यूरोपीय स्पेस एजेंसी ने हरमस रॉकेट लॉंच किया।
1979-सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
1980-नासा ने फ्लाटसटकोम-3 लॉंच किया।
1985-भारतीय क्रिकेटर अजहरुद्दीन ने इंगलैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट शतक लगाया।
1986-भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञ , बंगाल के कूचबिहार से सांसद निसिथ प्रमाणिक का जन्म।
1987-टाटा फुटबॉल अकादमी खुला।
1989-कर्नल जेके बजाज उत्तरी ध्रुव पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बने।
1995-जापान में 7.2 तीव्रता के भूकंप में 5,372 लोगों की मौत।
2002 अमेरिकी विदेश मंत्री कॉलिन पावेल भारत पहुँचे, आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के रुख़ का समर्थन किया।

**मुलाकात** *बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद से मिले भारतीय उच्चायुक्त*

## भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय संबंधों में नया अध्याय खुला

**ढाका, 16 जनवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश के नवनिर्वाचित विदेश मंत्री हसन महमूद के साथ एक बैठक के दौरान, भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने कहा कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों का एक नया अध्याय खुल गया है। संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए और अधिक करीब से काम करेंगे। बैठक ढाका में विदेश मंत्रालय में हुई। प्रणय वर्मा ने पत्रकारों को बताया, मैं यहां नये विदेश मंत्री से शिष्टाचार भेंट करने आया हूं। मैंने उन्हें और हमारे विदेश मंत्री की ओर से भी बधाई दी है।**

विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई। हम अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए और अधिक निकटता से काम करेंगे। भारतीय उच्चायुक्त ने आगे कहा कि उनकी चर्चा पिछले दशक के दौरान द्विपक्षीय संबंधों में हासिल की गई प्रगति और सफलताओं पर केंद्रित थी। पिछले 10 वर्षों में हमारे द्विपक्षीय संबंध घनिष्ठ स्थिति में पहुंच गए हैं। उन मुद्दों पर चर्चा हुई जिन पर हम भविष्य में विचार कर सकते हैं। जलवायु मुद्दे पर हम 2041 तक स्मार्ट बांग्लादेश बनाने की बांग्लादेश की प्रधानमंत्री की योजना में सहयोग कर सकते हैं। नई अवामी लीग सरकार के साथ काम करने में भारत की रुचि व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, %%हमें उम्मीद है कि नई सरकार के तहत हमारी साझेदारी फलेगी-फूलेगी, जो दोनों पक्षों के राष्ट्रीय हितों के लिए अनुकूल होगी। हम बांग्लादेश के लोगों के साथ सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार हैं। देश में पिछले तीन राष्ट्रीय चुनावों का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री हसन महमूद ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश में लोकतांत्रिक निरंतरता बनाए रखने के लिए लगातार अपना समर्थन दिया है। 2014 में जब चुनाव को लेकर कई साजिशें चल रही थीं, तब भारत हमारे साथ खड़ा था। 2018 में चुनाव को विवादास्पद बनाने के साथ-साथ इसे लेकर कई सवाल भी उठाने की कोशिशें हुईं, भारत तब भी हमारे साथ था। इस बार लोकतांत्रिक निरंतरता बनाए रखने के लिए चुनाव कराने पर भारत का रुख क्या था या है, यह आप सभी जानते हैं।



भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने शिष्टाचार भेंट की

नवनियुक्त विदेश मंत्री ने भारत की अपनी पहली विदेश यात्रा करने में भी रुचि व्यक्त की। संभावित तारीख के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उन्हें भारत से आमंत्रित किया गया है। दोनों पक्ष दोनों विदेश मंत्रियों के लिए उपयुक्त समय खोजने पर काम कर रहे हैं। प्रणय वर्मा के साथ अपनी चर्चा के बारे में महमूद ने कहा, हमने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, हालांकि यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। हमने विशेष रूप से कनेक्टिविटी, सीमा और व्यापार विस्तार के मुद्दों पर बहुत महत्वपूर्ण चर्चा की।

## सुडोकू 6439


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 6 | | | | |
| 1 | 2 | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 2 | | 1 | | | 7 |
| | | | | | 7 | | | 5 |
| 6 | 3 | | | | | | 7 | 1 |
| 9 | | | 4 | | | | | |
| 4 | | | 1 | | 2 | | 9 | |
| | | | | | 3 | | 5 | 8 |
| | | | | 4 | | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6439



**बायें से दायें:-**

१. दुर्गा, लक्ष्मी
४. मन की ताकत
६. खारा, नमकीन
७. विक्षिप्त (उर्दू)
८. अंगड़ाई, बदला, प्रतिफल, दंड, कष्ट, हानि (उर्दू)
१०. अन्यथा (उर्दू)
११. बांस की तिलियों का बना परदा (उर्दू)
१२. किसी गीत के मुखड़े के अतिरिक्त, अन्य,पद
१४. असंगत, अशिष्ट, भद्दा (उर्दू)
१५. मृतप्राय, जो मरने के निकट हो
१७. तनिक, थोड़ा(उर्दू)
१९. रक्तपान करने वाला
२१. उचित, ठीक, जरूरी (उर्दू)
२२. संदेशवाहक (उर्दू)
२४. राजाओं का निवास

**ऊपर से नीचे:-**

१. साथ पढ़ने वाला
२. शुभ समय
३. पांडवों को जीवित जलाने के लिए बनाया गया लाख का महल
४. मदिरालय (उर्दू)
५. श्रेष्ठ, उत्तम
९. केसर (उर्दू)
११.चमड़े मांस, चर्बी के जलने से निकलने वाली दुर्गंध
१२. शराब
१३. अनुमान, हाव-भाव (उर्दू)
१४. असमय (उर्दू)
१५. जिसका निवारण न किया जा सके, अटल, अत्यावश्यक
१७. कब्र, मज़ार (उर्दू)
१८. राई, सरसों
१९. दया, कृपा (उर्दू)
२०. शुरुआत
२३. रहस्य, भेद गुप्त बात(उर्दू)

### वर्ग पहेली-6438

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | सं | २ तु | ष्ट | | | ३ को | षा | ४ ल | य |
| प | | रं | | ५ बा | व | ला | | ह | |
| ६ ला | ग | त | मू | ल्य | | ७ ह | र | जा | ८ ना |
| भ | | | | ९ का | ज | ल | | | मु |
| | १० अ | स्ता | ११ च | ल | | | १२ अं | त | रा |
| | ग्र | | रि | | १३ नि | य | ति | | द |
| १४ रा | ज | १५ प | त्र | | प | | १६ म | १७ न | |
| म | | र | | १८ कं | ट | १९ क | | क | |
| २० रा | घ | व | | ग | | २१ टा | ल्स | टा | २२ य |
| ज्य | | २३ श | य | न | क | क्ष | | | दि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### न्यूजीलैंड में इलेक्ट्रानिक वाहन मालिकों को एक अप्रैल से भुगतान करना होगा

**वेलिंगटन,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड में हल्के और प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के मालिकों के लिए सड़क उपयोगकर्ता शुल्क (आरयूसी) से छूट एक अप्रैल को समाप्त हो जाएगी। परिवहन मंत्री शिमोन ब्राउन ने मंगलवार को कहा कि सड़कों के रखरखाव की लागत में योगदान करने के लिए सड़क उपयोगकर्ताओं द्वारा पेट्रोल कर और दूरी-आधारित आरयूसी का भुगतान किया जाता है, लेकिन ईवी और प्लग-इन हाइब्रिड को आरयूसी को छूट दी गयी थी लेकिन अब ईवी और प्लग-इन हाइब्रिड मालिकों को भी शुल्क अदा करना होगा। धीरे-धीरे सभी वाहनों को आरयूसी सिस्टम में लाना है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि सभी सड़क उपयोगकर्ता सड़कों के रख-रखाव में योगदान दे रहे हैं, चाहे वे किसी भी प्रकार का वाहन चुनें। श्री ब्राउन ने कहा कि प्लग-इन हाइब्रिड बिजली और पेट्रोल से संचालित होते हैं और उन्हें पेट्रोल कर का भुगतान करना पड़ता है, लेकिन पेट्रोल-समतुल्य वाहनों के समान स्तर पर नहीं।

# प्रादेशिकी

## 20 वर्ष से सरकारी भूमि पर काबिज लोगों को मालिकाना हक दिया जाए : कौशल

**चंडीगढ़**, 16 जनवरी (एजेंसियां)। हरियाणा में 20 साल से सरकारी विभागों, बोर्डों, नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिका की भूमि पर बनी दुकानों एवं मकानों पर काबिज लोगों को मुख्यमंत्री शहरी निकाय स्वामित्व योजना के तहत मालिकाना हक देने के आवेदनों को जल्द निपटाने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्य सचिव संजीव कौशल ने अधिकारियों को मंगलवार को यह निर्देश दिये। वह इस संबंध में बुलायी गयी समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव को अवगत कराया गया कि योजना के तहत हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्टेट नोडल अधिकारी पद नामित किये जा चुके हैं।

# सरकार प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रही: सुक्खू

**शिमला,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दावा किया है कि कांग्रेस सरकार आने वाले समय में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस आत्मनिर्भर हिमाचल बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने एक साल के कार्यकाल में 20 प्रतिशत राजस्व में बढ़ोतरी की है। प्रदेश में जीएसटी में भी बढ़ोतरी हुई है।

आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में जिला व ब्लॉक अध्यक्षों, मंत्री मंडल के सदस्यों, विद्यायकों पूर्व विधायको अग्रणी संगठनों की एक सयुंक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए सुक्खू ने कहा कि इस बार प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर कांग्रेस अपनी जीत का परचम लहरायेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी सभी गारंटियों को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही लोक निर्माण विभाग व सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में 20 हजार रोजगार के पदों का सृजन करेगी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी स्टार्टअप योजना शुरू कर दी गई है जिसके तहत बेरोजगार युवाओं को ई वाहन व सोर ऊर्जा सयंत्र स्थापित करने पर सरकार की ओर से उपदान उपलब्ध करवाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार ने ओपीएस लागू कर अपनी पहली गारंटी पूरी की है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय लोगों को राहत देने का बहुत बड़ा कार्य प्रदेश सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि आपदा राहत मैन्युल में संसोधन कर प्रभावित लोगों को भी बड़ी राहत दी गई। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि आपदा के समय उन्होंने सरकार को कोई भी सहयोग नही दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा अब किस मुंह से इन चुनावों में वोट मांगेगी।



सुक्खू ने पार्टी पदाधिकारियों को आह्वान किया कि उन्हें प्रदेश कांग्रेस सरकार की एक साल की उपलब्धियों व भावी योजनाओं को पूरी जानकारी देनी होगी। उन्होंने कहा कि कल 17 जनवरी से प्रदेश में सरकार गांव के द्वार एक अभियान शुरू कर रही है जिसमें हर मंत्री,विधायक व अन्य नेता गांव गांव जाकर कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां व भावी योजनाओं की पूरी जानकारी देंगे।

**सरकार जल्द ही लोक निर्माण विभाग व सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में 20 हजार रोजगार के पदों का सृजन करेगी। बेरोजगार युवाओं को ई वाहन व सोर ऊर्जा सयंत्र स्थापित करने पर सरकार की ओर से उपदान उपलब्ध करवाया जाएगा: सुखविंदर सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री**

इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश का वित्तीय संकट पूर्व भाजपा सरकार की देन है। 92 हजार करोड़ का कर्ज,10 हजार करोड़ से अधिक कर्मचारियों की देनदारियां प्रदेश सरकार को विरासत में मिली है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के केंद्र में भाजपा नेता प्रदेश की केंद्रीय योजनाओं पर अड़ंगा लगा रहें है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रदेश की कर्ज की सीमा पर भी कटौती कर दी है। मुकेश ने पार्टी पदाधिकारियों से एकजुटता के साथ आगे आने और अभी से चुनाव मैदान में उतरने का आह्वान करते हुए कहा कि इस बार भाजपा को प्रदेश में चारों खाने चित करना है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस एकजुटता के साथ लोकसभा चुनावों का सामना करेगी।

प्रतिभा सिंह ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लोगों के बीच प्रचारित करने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी पार्टी के लोग अपनी अपनी गाड़ियों में इस यात्रा का स्टीकर लगा कर उनकी इस यात्रा के मकसद को जन जन तक पहुचाएं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश मे हो रहे अन्याय ,लोकतंत्र की हत्या,संविधान से खिलवाड़ के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई लड़ रहे है और हमें उनके हाथों को मजबूत करना है। प्रतिभा सिंह ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के देश के लिये दान देने के लिये भी पार्टी नेताओं से दिल खोल कर इसमें अपनी आहुति देने का आह्वान किया। प्रतिभा सिंह बैठक में मुख्यमंत्री से संगठन के कर्मठ कार्यकर्ताओं को सरकार में मान सम्मान देने की बकालत करते हुए कहा कि पार्टी के प्रति समर्पित व कर्मठ कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते है। उन्होंने कहा कि नेता पूर्व हो सकते है पर कार्यकर्ता नही,इसलिए कार्यकर्तओं को सरकार में उचित मान सम्मान दिया जाना चाहिए। बैठक को पूर्व मंत्री राम लाल ठाकुर, कौल सिंह ठाकुर ने भी सम्बोधित किया। बैठक में जिलाध्यक्षों व ब्लॉक अध्यक्षों, विधायको व अग्रणी संगठनों के प्रमुखों ने भी अपने अपने विचार रखें।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों को धार देने में जुटे धामी

■ अमरनाथ तिवारी

- पिथौरागढ़ में सीएम का रोड शो, उमड़ी भारी भीड़
- 2017 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास



**देहरादून,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इन दिनों रोड शो के जरिए 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों को धार देने में जुटे हुए हैं। उनके सभी प्रांतीय दौरों के दौरान रोड शो को अनिवार्य रूप से हिस्सा बना लिया गया है। इसी क्रम में आज अपने पैतृक जनपद पिथौरागढ़ पहुंचे सीएम धामी ने यहां एक बड़ा रोड शो किया जिसमें भारी भीड़ देखी गई। इसके अलावा आज यहां उन्होंने कई छोटी बड़ी योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया तो अन्य कई कार्यक्रमों में भी शिरकत की।

पिथौरागढ़ दौरे पर पहुंचे सीएम धामी का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्टेडियम से निकाले गए एक भव्य रोड शो में लोगों ने उन पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। इस रोड शो का आयोजन जिला भाजपा द्वारा किया गया था। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा आसपास के क्षेत्रों से भारी भीड़ जुटायी गई थी। यह रोड शो रोडवेज बस अड्डे से होता हुआ देव सिंह मैदान पहुंचा। देव सिंह मैदान पहुंचने पर यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पिथौरागढ़ में चल रही कई छोटी बड़ी विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया गया। आज उन्होंने यहां कुल मिलाकर 217 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता है कि सीमान्त क्षेत्रों और जनपदों में तेजी से विकास किया जाए। सीमांत गांवों को वाइब्रेट गांवों के दायरे में रखकर जन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश और देश में जितनी तेजी से विकास हुआ है वैसा पहले कभी नहीं हुआ है। यही कारण है कि जनता का भाजपा पर भरोसा बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने आज यहां एक महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया तथा मुख्यमंत्री चटकेश्वर मंदिर भी गए जहां उन्होंने स्वच्छता कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अयोध्या में राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत देश भर के मंदिरों में भाजपा द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सहित तमाम भाजपा के नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### गुलदार का खौफः प्रमुख वन संरक्षक ने ली सभी डीएफओ की बैठक

**देहरादून।** उत्तराखंड में लगातार बढ़ रहे गुलदार के हमलों को देखते हुए वन विभाग भी अलर्ट मोड पर है। खूद प्रदेश की राजधानी देहरादून के शहरी क्षेत्रों में भी अब लगातार गुलादार देखे जाने के मामले सामने आ रहे है। जिसे देखते हुए मंगलवार को प्रमुख वन संरक्षक अनूप मालिक ने सभी डीएफओ को बैठक ली। आयोजित बैठक में उन्होंने मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए नई रणनीति बनाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी डीएफओ को हिदायत भी दी कि सभी जल्द से जल्द इस पर काम करें।बता दें कि बीस दिन में देहरादून में गुलदार के हमले की दो घटनाएं होने के बाद पुलिस और वन विभाग भी चौकन्ना है। राजपुर और रायुपर थाना की पुलिस अलग-अलग पेट्रोलिंग वाहनों से लाउडस्पीकर से लोगों को अलर्ट कर रही है। यहां यह भी गौर करने वाली बात सामने आ रही है कि सर्दियों में जल्दी दृश्यता कम होने पर पहाड़ी क्षेत्रों में इसका पूरा लाभ गुलदार उठाता है।

### खाई में गिरी कार, तीन घायल

**कोटद्वार।** मंगलवार सुबह लैंसडौन इलाके में एक कार खाई में गिर गई। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने गहड़ मोड़ पर एक कार के खाई में गिरे जाने की सूचना पुलिस व एसडीआरएफ को दी। टीम ने मौके पर जाकर देखा कि कार सड़क से करीब 200 मीटर नीचे खाई में गिरी थी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे तीन लोगों विनोद शर्मा(53) पुत्र शक्तिलाल निवासी सी 28 राम पानी लोनी गाजियाबाद, दीवान सिंह रावत(50) पुत्र पतम सिंह निवासी तरला ऐडा पट्टी पपोली जिला पौड़ी गढ़वाल, अवतार सिंह(42) पुत्र कृपाल सिंह रावत निवासी तरला ऐडा पट्टी पपोली जिला पौड़ी गढ़वाल को बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया।

### एचआरडीएफ नहीं हटाई तो व्यापारी हरियाणा बंद कर उतरेगा सड़कों पर : गर्ग

**हिसार।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने मंगलवार कहा है कि सब्जी और फलों पर से मार्केटिंग फीस व एचआरडीएफ तुरंत प्रभाव से हटानी चाहिये। श्री गर्ग ने कहा कि हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड द्वारा 15 जनवरी को जारी प्रपत्र में सब्जी मंडी के व्यापारियों पर 40 फीसदी कर बढ़ाकर नया स्लैब प्रणाली बनायी है, जिसमें हर साल 10 फीसदी कर बढ़ाकर देने का निर्णय लागू किया है। इसमें बिना सब्जी और फल बेचे भी व्यापारियों को एडवांस टैक्स भरने का नियम बनाया गया है, जो पूरी तरह से सरासर गलत है।

### सुडोकू 6439 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 |
| 5 | 4 | 6 | 2 | 9 | 1 | 3 | 8 | 7 |
| 8 | 1 | 2 | 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 5 |
| 6 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 1 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 |
| 4 | 8 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 |
| 7 | 5 | 9 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 2 |

# 2022 से पहले रिटायर हुए हिमाचल सरकार के कर्मचारियों को लंबित वित्तीय लाभों के लिए अभी इंतजार करना होगा

**शिमला,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। 2022 से पहले रिटायर हुए हिमाचल सरकार के कर्मचारियों को लंबित वित्तीय लाभों के लिए अभी इंतजार करना होगा। इन कर्मचारियों को संशोधित वेतन मानों के तहत लीव इनकेशमेंट, कम्युटेशन व ग्रेच्यूटी आदि के भुगतान बारे तमाम विभागीय डीडीओ को सरकार के आदेशों की प्रतीक्षा करनी होगी। डीडीओ भुगतान को लेकर स्वयं फैसला नहीं ले सकेंगे। इस बारे कोषागार विभाग ने तमाम जिला ट्रेजरी अधिकारियों को पत्र लिखा है।

बताया जा रहा है कि कुछ विभागों के डीडीओ ने अदालत से फैसला आने के बाद कुछ सेवानिवृत कर्मचारियों को बकाया एरियर जारी कर दिया था जिसपर वित्त विभाग ने रोक लगाने को कहा है। ऐसे मामलों में डीडीओ को नोटिस भी जारी किए जाएंगे क्योंकि उन्होंने अदायगी से पहले सरकार से आदेश नहीं लिए। अदालती आदेशों में सभी विभागों को ऐसे मामलों में कहा गया है कि वह उच्च न्यायालय में केस को ले जाएं और बताएं कि सरकार ने अभी फैसला नहीं लिया है। उनके द्वारा पेंशनर को बेनिफिट देने से पहले सरकार से आदेश लिए जाने जरूरी थे जोकि नहीं किया गया है।

जानकारी के अनुसार वित्त विभाग के तहत आने वाले ट्रेजरी अकाउंट्स एंड लॉटरीज विभाग के निदेशक ने सभी जिला ट्रेजरी अफसरों को इस तरह का भुगतान तुरंत रोकने को कहा है। उनके द्वारा पत्र जारी किया गया है जिसमें कहा गया है कि अदालत से वर्ष 2022 से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को पहली जनवरी 2016 के बाद से संशोधित दरों पर 6 फीसदी ब्याज के साथ लीव इनकेशमेंट, कम्युटेशन व ग्रेच्युटी की अदायगी की जाए। इसपर कुछ विभागों ने अदालती फैसलों का अनुसरण कर दिया मगर ऐसा नहीं होना चाहिए था। इसपर अभी तक सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया है। भुगतान के जिन भी मामलों में अदालत से कोई आदेश आ रहा है उसपर कंटेस्ट करने के लिए कहा गया है।

दरअसल प्रदेश की माली हालत खस्ता है। सरकार को कर्मचारियों को संशोधित वेतन मानों के एरियर के साथ साथ डीए का भुगतान भी करना है। जनवरी 2022 से पहले रिटायर हुए हजारों कर्मचारियों का मामला भी अधर में है। लिहाजा प्रदेश की वित्तीय हालत को देखते हुए सरकार ने भुगतान बारे सरकारी आदेशों का इंतजार करने का पत्र डीडीओ को लिखा है।

# मार्च तक खर्च करें फर्नीचर व कम्प्यूटर का बजट: डॉ. धन सिंह

- सूबे के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को 26 करोड़ आवंटित
- प्रत्येक विद्यालयों को समय पर उपलब्ध कराएं फर्नीचर व कम्प्यूटर



**देहरादून,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। बेसिक शिक्षा में फर्नीचर व कम्प्युटर हेतु आवंटित बजट मार्च 2024 से पहले खर्च कर दिया जायेगा। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को ठोस निर्देश दे दिये गये हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में राजकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, आदर्श प्राथमिक एवं आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालयों में फर्नीचर व कम्प्युटर उपलब्ध कराने के लिए 26 करोड़ से अधिक की धनराशि का प्रावधान किया गया है। विभाग द्वारा स्वीकृत बजट को समय पर खर्च न कर पाने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया जायेगा।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि सरकार प्राथमिक शिक्षा को लेकर फिक्रमंद है। राज्य सरकार ने राजकीय प्राथमिक विद्यालयों को सुविधा सम्पन्न बनाने के दृष्टिगत कई बड़े फैसले लिये हैं, इसके लिये बजट में भी वित्त का प्रावधान किया गया है। डा. रावत ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में फर्नीचर व कम्प्युटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये 26 करोड़ 24 लाख 64 हजार का बजट स्वीकृत किया गया है। जिसे शत-प्रतिशत खर्च करने के लिये विभागीय अधिकारियों को मार्च 2024 तक का समय दिया गया है। विभागीय मंत्री ने बताया कि राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण उपलब्ध कराने के लिये कुल छह करोड़ की धनराशि आवंटित की गई है। जिसमें अल्मोड़ा जनपद को 10 लाख 25 हजार, बागेश्वर को 5 लाख 28 हजार, चमोली 31 लाख 24 हजार, चम्पावत 16 लाख 16 हजार, देहरादून एक करोड़ 59 लाख 82 हजार, हरिद्वार एक करोड़ चार लाख 78 हजार, नैनीताल 60 लाख 54 हजार, पौड़ी 12 लाख आठ हजार, पिथौरागढ़ 14 लाख 10 हजार, रूद्रप्रयाग 11 लाख 50 हजार, टिहरी 21 लाख 74 हजार, ऊधमसिंह नगर एक करोड़ 33 लाख 12 हजार और उत्तरकाशी जनपद को 19 लाख 36 हजार की धनराशि आंवटित की गई है।

इस प्रकार समस्त जनपदों के राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कम्प्युटर हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर हेतु कुल 19 करोड़ 99 लाख 85 हजार की धनराशि स्वीकृत की गई है। जिसमें अल्मोड़ा जनपद को एक करोड़ 91 लाख 29 हजार, बागेश्वर एक करोड़ 37 लाख 71 हजार, चमोली दो करोड़ एक लाख 16 हजार, चम्पावत 71 लाख 44 हजार, देहरादून दो करोड़ चार लाख 92 हजार, नैनीताल एक करोड़ 39 लाख 59 हजार, पौड़ी एक करोड़ 25 लाख दो हजार, पिथौरागढ़ एक करोड़ 20 लाख 79 हजार, रूद्रप्रयाग एक करोड़ 74 लाख 37 हजार, टिहरी दो करोड़ 32 लाख 65 हजार, ऊधमसिंह नगर दो करोड़ 39 लाख 23 हजार तथा उत्तरकाशी जनपद को एक करोड़ 61 लाख 68 हजार की धनराशि आंवटित की गई है।

# सीमा पर वीरगति को प्राप्त हुए राइफलमैन शैलेंद्र सिंह कठैत

**उत्तकाशी,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। जनपद के कुमराड़ा गांव निवासी भारतीय सेना की गढ़वाल स्काउट में राइफलमैन शैलेंद्र सिंह कठैत ड्यूटी के दौरान वीरगति को प्राप्त हो गए। उनके बलिदान की सूचना से गांव व क्षेत्र में शोक की लहर है। बुधवार को बलिदानी राइफलमैन शैलेंद्र का पार्थिव शरीर गांव लाया जाएगा। जहां पैतृक घाट पर सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार होगा। मिली जानकारी के अनुसार, भारत-चीन सीमा के नीति घाटी की गोल्डुंग पोस्ट में तैनात राइफलमैन शैलेंद्र सिंह कठैत गत दिवस अपने साथियों के साथ गश्त कर रहे थे, इस दौरान ड्यूटी के दौरान वह वीरगति को प्राप्त हो गए। बताया जा रहा है कि वीरगति को प्राप्त हुए शैलेंद्र सिंह कठैत घर के इकलौते चिराग थे। उसकी दो छोटी बहने हैं। दो माह पहले ही वे अपने पिता कृपाल सिंह कठैत के निधन पर घर आए थे। यहां पिता का अंतिम संस्कार कर ड्यूटी पर लौटा थे। उनके बलिदान से उसकी पत्नी अंजू और मां ध्यान देई का रो-रोकर बुरा हाल है। शैलेंद्र कठैत की पांच और एक वर्ष की दो छोटी बेटियां हैं।

# अमर्यादित बोल और अनूठे ज्ञान का वाचन कर माहरा कर रहे पद की गरिमा के विरुद्ध आचरण: चौहान

**देहरादून,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर सवाल उठाते और भाजपा विरोध के चलते कांग्रेस बौखला गयी है और कांग्रेस अध्यक्ष सार्वजनिक जीवन मे मर्यादाओं को ताक पर रखते हुए अनाप शनाप बयानबाजी कर रहे है। कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के महेंद्र भट्ट को लेकर निजी टिप्पणी पर पलटवार करते हुए चौहान ने इसे निम्न स्तर की राजनीति और हताशा मे दिया बयान बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष को अपनी जानकारी दुरस्त करने की जरूरत है क्योंकि भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने श्रीनगर से कभी चुनाव नही लड़ा और वह सबसे पहले ऋषिकेश छात्र संघ चुनाव लड़े। वह पहली बार नंद प्रयाग से विधायक बने और फिर बद्रीनाथ से निर्वाचित हुए। कांग्रेस अध्यक्ष के अनुसार रेणी की घटना के बाद जोशीमठ की घटना हुई, इसका मतलब है कि जोशीमठ की घटना कांग्रेस के विधायक बनने के कारण हुई। उनके इस अद्भुद ज्ञान से तो उनका अज्ञानी होना ही ठीक है।

**राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर लगातार नकारात्मक बयानबाजी आहत करने वाली**

उन्होंने ब्राह्मण को लेकर गढ़े गए कसीदों पर भी आपत्ति जताते हुए कहा कि व्यक्तित्व जाति मे नही कर्म मे छिपा होता है। किसी जाति विशेष का उल्लेख श्रेष्ठतम कहकर अन्य को कम आँकना गलत है। उन्होंने कहा कि महेंद्र भट्ट जी ने किसी को राक्षस नही कहा, बल्कि उनका आशय राक्षसी प्रवृत्ति से था और राम काज मे सहयोग के लिए था न कि उस पर तमाम तरह की नकारात्मक टिप्पणी करने को लेकर था। राम काज किसी व्यक्ति विशेष नही और दल का नही, बल्कि सभी सनातनी लोगों का है।

# सीएम समाज कल्याण विभाग में चयनित 26 अभ्यार्थियों को दिए नियुक्ति पत्र

**देहरादून,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत 26 अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र पत्र प्रदान किये जिनमें 15 सहायक लेखाकार व 11 कनिष्ठ सहायक शामिल है।



आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत 26 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। जिसमें 15 सहायक लेखाकर एवं 11 कनिष्ठ सहायक शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी चयनित कार्मिक लगन व कड़ी मेहनत के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे और राज्य के विकास व जनसेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग के तहत केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का प्रत्येक पात्र व्यक्ति को समय पर लाभ मिले, समाज कल्याण विभाग की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने कार्यक्षेत्र की शुरूआत के दौरान ही दिनचर्या बनाते हैं और नियमित दिनचर्या के साथ कार्य करते हैं, तो सभी कार्य सुगमता से पूर्ण होते हैं। कार्यक्षेत्र में ईमानदारी और अनुशासन के साथ कार्य करने और लोगों की मदद करने की भावना सबके मन में होनी चाहिए। जब हम सही भावना से कोई कार्य करते हैं, तो इससे मन में संतुष्टि का भाव होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे

# चंपावत पुलिस प्रशासन में भारी फेरबदल

## दो इंस्पेक्टर दो दर्जन सब इंस्पेक्टरों का तबादला

**चंपावत,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले पुलिस महकमे में तबादलों का दौर जारी है। इसी कड़ी में अब चंपावत पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने दो इंस्पेक्टर, 14 उपनिरीक्षक और आठ महिला उपनिरीक्षकों का तबादला किया है। यह तबादला कई चौकियों और थानों के प्रभारियों का हुआ है। चंपावत पुलिस अधीक्षक अजय गणपति कुमार की ओर से तबादला सूची जारी की गयी है। उन्होंने तबादले के तहत चौकी और थाना प्रभारियों को इधर से उधर किया है। साथ ही एसपी गणपति ने सभी अधिकारियों को जल्द से जल्द नवीन तैनाती स्थल पर जिम्मेदारी संभालने के निर्देश दिए हैं।

निरीक्षक प्रताप सिंह नेगी को प्रभारी एएचटीयू बनबसा से प्रभारी निरीक्षक थाना रीठा साहिब बनाया गया है।



निरीक्षक बृजमोहन राणा को वाचक पुलिस अधीक्षक से प्रभारी निरीक्षक थाना तामली की जिम्मेदारी दी गई है। सुमन पंत को थानाध्यक्ष तामली से प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।उपनिरीक्षक भुवन चंद्र आर्या को एसएसआई चंपावत से प्रभारी चुनाव सेल बनाया गया है।उपनिरीक्षक दीवान सिंह जलाल को थानाध्यक्ष रीठा साहिब से वाचक पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह खड़ायत को साइबर सेल टनकपुर से एएचटीयू बनबसा बनाया गया है। उपनिरीक्षक कैलाश चंद्र जोशी को चौकी प्रभारी मनिहारगोठ से कोतवाली पंचेश्वर भेजा गया है। महिला उपनिरीक्षक मीनाक्षी नौटियाल को प्रभारी चुनाव सेल से पीआरओ व प्रभारी महिला सेल की जिम्मेदारी दी गई है।उपनिरीक्षक सोनू सिंह को कोतवाली चंपावत से प्रभारी एएनटीएफ बनाया गया है। उपनिरीक्षक नवल किशोर को चौकी देवीधुरा से चौकी प्रभारी मनिहारगोठ भेजा गया है।उपनिरीक्षक ललित पाण्डे को एसओजी चंपावत से कोतवाली चंपावत भेजा गया है। उपनिरीक्षक राजेश मिश्रा को पुलिस लाइन चंपावत से कोतवाली चंपावत भेजा गया है। महिला उपनिरीक्षक राधिका भंडारी को थाना बनबसा से थाना पाटी भेजा गया है। महिला उपनिरीक्षक महिला उपनिरीक्षक हिमानी गहतोड़ी को थाना टनकपुर से प्रभारी चौकी देवीधुरा थाना पाटी की जिम्मेदारी दी गई है। महिला उपनिरीक्षक सुष्मिता राणा को थाना लोहाघाट से थाना बनबसा भेजा गया है। उपनिरीक्षक अरविंद कुमार को चौकी ठुलीगाढ से चौकी प्रभारी बाराकोट की जिम्मेदारी दी गई है। उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट को चौकी प्रभारी बैराज से थाना लोहाघाट भेजा गया है। उपनिरीक्षक हरीश प्रसाद को चौकी प्रभारी बाराकोट से चौकी प्रभारी बैराज बनाया गया है। महिला उपनिरीक्षक मंदाकिनी राणा को कोतवाली पंचेश्वर से थाना टनकपुर भेजा गया है। उपनिरीक्षक कुंदन सिंह बोरा को थाना लोहाघाट से प्रभारी सम्मन सेल, रीट सेल व विटनेस प्रोटेक्शन सेल की जिम्मेदारी दी गई है। उपनिरीक्षक हेमंत सिंह कठैत को थाना लोहाघाट से प्रभारी साइबर सेल चंपावत की जिम्मेदारी दी गई है। महिला उपनिरीक्षक पिंकी धामी को प्रभारी चौकी बाजार से साइबर सेल टनकपुर भेजा गया है।महिला

# रोडवेज कर्मचारी 24 जनवरी को प्रदेशभर में करेंगे चक्का जाम

**भिवानी,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। हरियाणा सरकार रोडवेज कर्मचारियों की मांगे मान कर पत्र जारी नहीं करती है तो 24 जनवरी को सांझा मोर्चा के आह्वान पर प्रदेशभर में रोडवेज का पूर्णतय चक्का जाम किया जायेगा। हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की बैठक यूनियन कार्यालय में मंगलवार संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता डिपो प्रधान अनिल फौजी ने की। वहीं संचालन सचिव अनिल नागर ने किया। इस दौरान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष नरेन्द्र दिनोद मुख्य रूप से बैठक में शामिल हुए। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुये डिपो प्रधान अनिल फौजी और सचिव अनिल नागर ने कहा कि पिछले काफी समय से रोडवेज कर्मचारियों की मांगों को लेकर रोडवेज का कर्मचारी आंदोलनरत है। संघ के राज्य प्रधान नरेन्द्र दिनोद, राज्य उप महासचिव पवन शर्मा और पूर्व डिपो प्रधान प्रदीप दुग्गल ने बताया कि सरकार से कर्मचारियों की मांगों को लेकर कई बार बातचीत हो चुकी है, लेकिन उसे हर प्रकार से नकार देती है। चार दौर की बातचीत हो चुकी है। सरकार कर्मचारियों की मांगे मान लेती है, लेकिन पत्र जारी कर लागू नहीं करती है। उन्होंने कर्मचारियों की मांगों की और ध्यान दिलाते हुये बताया कि कर्मचारियों की समय से वेतन विसंगति दूर करना , कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना पुरानी पेंशन बहाल करना, 2016 के चालकों को पक्का करना, काटे गये अर्जित अवकाश को दोबारा से लागू करना, कौशल विकास निगम को भंग करना, रोडवेज विभाग में सरकारी बसों को बढ़ाना आदि मुख्य मांगें है, जिन्हें प्रदेश सरकार लागू करने में आनाकानी कर रही है।

# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद में राम नगरिया में अव्यवस्थाएं देख भड़के संत

**फर्रुखाबाद,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। फर्रुखाबाद में राम नगरिया में अव्यवस्थाएं देख संत भड़क गए। संतों ने बैठक कर विरोध जताया। प्रयागराज में लगने वाले एक माह के लिए मेला की तरह गंगा तट पांचाल घाट पर लगने जा रहे हैं मेला रामनगरिया में अव्यवस्थाओं को लेकर संत महात्माओं में असंतोष व्याप्त है। संत महात्माओं ने बैठक कर जिलाधिकारी से मांग की उनकी समस्याओं को सुना जाए और उनका निराकरण किया जाए। श्री पंच दश नाम जूना अखाड़ा के अध्यक्ष सत्यगिरी ने कहा कि प्रशासन की तरफ से अभी मेला रामनगरिया में तैयारियां पूरी नहीं की गई हैं। कल्पवासी व साधु-संत भारी संख्या में पहुंच चुके हैं, लेकिन अभी तक प्रशासन अलाव व्यवस्था, बिजली व्यवस्था, शौचालय, नल की व्यवस्था नहीं कर सका है। संतों का कहना है कि प्रशासन कल्प वासियों की व्यवस्था ठीक करे।

# अयोध्या अंतरराष्ट्रीय उड़ान भरने को तैयार : योगी

### होमस्टे शुरू करने के लिए अब तक एक हजार लोगों ने किया आवेदन

**लखनऊ,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 30 दिसम्बर के बाद से अलग-अलग डेस्टिनेशन के लिए अयोध्या की कनेक्टिविटी बढ़ती जा रही है। 17 जनवरी को अयोध्या से हम एक नई वायु सेवा प्रारंभ करने जा रहे हैं। यानी अयोध्या अंतरराष्ट्रीय उड़ान भरने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 821 एकड़ लैंड एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को उपलब्ध करा चुकी है। इसके दृष्टिगत हम सारी औपचारिकताएं पूरी कर चुके हैं।

आज अयोध्या केवल जनआस्था का केंद्र नहीं बल्कि लाखों लोगों के रोजगार का माध्यम बन रहा है। अब अयोध्या की गलियों में गोलियां नहीं चलती हैं बल्कि दीपोत्सव होता है। आज की अयोध्या कर्फ्यू के दौर से नहीं गुजर रही है बल्कि राम नाम के संकीर्तन की गूंज से गूंजायमान हो रही है। मुख्यमंत्री योगी ने एक कार्यक्रम में कहा कि अयोध्या में होमस्टे शुरू करने के लिए अब तक 1000 लोगों ने आवेदन किया है। होमस्टे के कार्यक्रम के साथ लोगों के जुड़ने से एक तरफ जहां अतिथि देवो भव: का भाव व्यक्त होगा। वहीं दूसरी तरफ यह लोगों की आजीविका का माध्यम ही बनेगा। सीएम योगी ने कहा कि नव्य अयोध्या में लोगों की श्रद्धा और विश्वास का भी सम्मान होगा। पर्यटकों को भी उनकी रुचि के अनुरूप वहां का इंफ्रास्ट्रक्चर भी



**अयोध्या की गलियों में अब गोलियां नहीं चलतीं बल्कि दीपोत्सव होता है : योगी आदित्यनाथ**

मिलेगा। साथ ही उन्हें वहां की पौराणिक और ऐतिहासिक परंपरा को देखने समझने और जानने का अवसर भी प्राप्त होगा। योगी ने कहा कि नई अयोध्या में नाविक, टैक्सी चालक, ई-रिक्शा चालक समेत हर तबके के व्यक्ति के लिए असीम संभावनाएं होंगी। अयोध्या को देश की पहली सोलर सिटी बनाने की दिशा में हमारी सरकार कदम आगे बढ़ा चुकी है। 200 इलेक्ट्रिक बसें अयोध्या सिटी के लिए उपलब्ध करवाई है। आने वाले समय में हम इसको 500 तक बढ़ाएंगे। अयोध्या के लिए और भी अनेक कार्यक्रमों को लेकर सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के सांस्कृतिक उन्नयन के लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं। इसमें अयोध्या शोध संस्थान महत्तवपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या कुछ हजारों में थी। गत वर्ष रामनवमी के अवसर पर 35 लाख से अधिक श्रद्धालु एक दिन में अयोध्या आए थे।

उन्होंने कहा कि ने कहा कि वेदों में वर्णित सप्तपुरियों में सबसे पहले अयोध्या की वंदना की गई है। अब अयोध्या अपने नाम के अनुरूप देखने को मिलेगी।

## नव्य अयोध्या के भी दर्शन कराएगी रामनगरी

**लखनऊ/अयोध्या।** भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार है। साथ ही अयोध्या भी सजकर तैयार हो रही है। जिन लोगों ने कई वर्ष पूर्व अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन किए होंगे वो जब नव्य दिव्य मंदिर में भगवान के नए विग्रह के दर्शन करने को आएंगे तो नव्य अयोध्या को देखकर विस्मित हो जाएंगे। सुंदर प्रवेश द्वार, रोड पर चमचमाते सूर्य स्तंभ, म्यूरल पेंटिंग, साफ सुथरी और चौड़ी सड़कें, स्वच्छ और निर्मल सरयू, सुंदर तट, राम की पैड़ी की अलौकिक आभा, एक ही पैटर्न पर बनाई गई दुकानें नई अयोध्या के दर्शन कराएगी। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में सीएम योगी ने विगत कुछ वर्षों में अयोध्या का कायाकल्प कर दिया है। हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं को यहां धरातल पर उतारा गया है, जिसके बाद यह नगरी श्रद्धालुओं के स्वागत को तैयार है। अयोध्या नगरी में घुसते ही साफ सुथरी पक्की सड़क श्रद्धालुओं का स्वागत कर रही है। सड़क के बीच में लगे सूर्य स्तंभ, रात के अंधेरे में रामनगरी की सुंदरता को दुगुना बढ़ा रहे हैं। प्रवेश द्वार देखकर ही इस बात का एहसास हो जाता है की आप किसी दिव्य नगरी में प्रवेश कर रहे हैं। पूरे रास्ते आपको दीवारों पर भगवान राम से जुड़ी अदभुत वॉल पेंटिंग देखने को मिलेगी जो आपको श्रद्धा से सराबोर कर देगी। पिछली सरकारों में सरयू नदी की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं रही है, लेकिन सीएम योगी ने सत्ता में आने के बाद सरयू नदी और यहां के घाटों का कायाकल्प कर दिया है। करोड़ों रुपए खर्च कर योगी सरकार ने यहां नदी की स्वच्छता के साथ ही साफ सुथरे घाटों का निर्माण करवाया है। ऐसी व्यवस्था की जा रही है की 12 महीने सरयू का जल घाटों पर बना रहे। इसके लिए एक्सपर्ट की टीम लगी हुई है।


## हर्षोल्लास से मना एमपीजीएस शास्त्री नगर का स्थापना दिवस

**मेरठ,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। एमपीजी एस शास्त्री नगर के 23 वें स्थापना दिवस पर भव्य आयोजन हुआ। इस शुभ अवसर पर एम. पीएस ग्रुप की संस्थापिका कुसुम शास्त्री उपस्थित रहीं। प्रधानाचार्या सपना आहूजा ने विद्यालय संस्थापिका का सेपलिंग प्रदान कर स्वागत किया। छात्राओं ने रामचरितमानस की चौपाइयों की प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय बनाया।

इस मौके पर विद्यालय में हवन हुआ जिसमें विद्यालय प्रबंधन सहित प्रधानाचार्या, शिक्षक वर्ग, विद्यार्थियों तथा उपस्थित जनों ने मन्त्रोच्चारण के साथ आहुतियां दीं। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को अध्ययन के प्रति प्रोत्साहित करते हुए श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण से हुआ। एमपीएस ग्रुप के संस्थापक ताराचंद शास्त्री ने बताया कि सन् 2002 से संचालित मेरठ पब्लिक गर्ल्स स्कूल निरंतर सफलता की बुलंदियों की ओर निरंतर अग्रसर है तथा के शिक्षा के उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रयत्नशील है।

## बीसी सखियों ने वित्तीय लेनदेन से कमाई 55 करोड़ से अधिक की धनराशि : केशव

**लखनऊ,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन लोगों के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षिक स्तर को ऊंचा उठाने एवं अवसर की समानता का सुअवसर प्रदान करते हुये समूह की महिलाओं (दीदियों) को सशक्त, स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार अग्रसर है। इसी कड़ी में प्रदेश में वन जीपी-वन बी सी का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय सेवाओ की उपलब्धता के अंतर्गत एक ग्राम पंचायत-एक बीसी सखी कार्यक्रम में 37642 बीसी सखी द्वारा 20587 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि का लेन देन करते हुए 55 करोड़ से अधिक का लाभांश अर्जित किया गया है।



बी सी सखियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के खाते खुलवाने, उनका उनके गांव व घर पर जाकर भुगतान कराने, विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं में आने वाली धनराशि को आहरित करने , मनरेगा श्रमिकों के पारिश्रमिक का भुगतान उनके दरवाजे पर या कार्य स्थल पर जाकर करने जैसे, कार्य ग्रामीणों की वित्तीय लेन- देन सुविधा के दृष्टिगत किये जा रहे हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड के साथ कन्वर्जेन्स के माध्यम से 10242 विद्युत सखियों द्वारा 716 करोड़ रुपए का बिल कलेक्शन करते हुए 11 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि कमीशन के रूप विद्युत सखियों द्वारा प्राप्त किया गया है। समूह की दीदियो द्वारा 2305 उचित दर की दुकानों का कुशल संचालन एवं प्रबन्धन भी किया जा रहा है।

### सार संक्षेप

## अयोध्या में इस्कॉन ने खोला भोजनालय व अस्पताल

**लखनऊ।** पूरी दुनिया में कृष्ण भक्ति की अलख जगाने वाली संस्था इस्कॉन ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत अस्पताल और भोजनालय की स्थापना की है। इस्कॉन के बैनर तले विदेशी कलाकारों की टोली तुलसी उद्यान में रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेगी। एनआरआई अभिषेक अग्रवाल दुबई से इसी कारण अयोध्या में हैं। भक्ति वेदांत अस्पताल वृंदावन के जन संपर्क अधिकारी सुरपति दास एवं अग्रवाल बताते हैं कि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से समन्वय करके रानोपाली में भोजनालय और राम घाट चौराहे पर कार्यशाला के सामने अस्पताल स्थापित किया गया है। अस्पताल में अभी तीन चिकित्सक और दस अन्य स्टाफ है। इसमें अभी चिकित्सकों की संख्या बढ़ाई जाएगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस आयोजन में जनसहभागिता की अपील की थी।

## विद्युत केस निपटाने को लगेगी विशेष लोक अदालत

**मेरठ।** अदालतों में बिजली बिलों से जुड़े केस निपटाने को 29 से 31 जनवरी तक विशेष लोक अदालत लगाने का निर्णय लिया गया। अपर जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरीराम ने बताया कि उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र एवं कार्यपालक अध्यक्ष, उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा न्यायालय का कार्य पूर्ण करने क पश्चात् न्यायालयो में लंबित विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत शमनीय दाण्डिक वादो का निस्तारण किए जाने हेतु दिनांक 29, 30 व 31 जनवरी विशेष लोक अदालत का आयोजन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में उन्होने बताया कि न्यायालयो में लंबित विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत शमनीय दाण्डिक वादो का निस्तारण किये जाने हेतु दिनांक 29, 30 व 31 जनवरी 2024 विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

## कौशांबी में रामचरण पादुका का भव्य स्वागत

**कौशांबी।** श्रीराम चरणपादुका यात्रा मंगलवार को चित्रकूट से चलकर राम वन गमन मार्ग होते हुए कौशाम्बी में मंगलवार को प्रवेश कर गई जहां श्रद्धालुओं ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। कड़ी सुरक्षा के बीच श्रीराम चरणपादुका यात्रा का यमुना पुल, हिनौता, कांशीराम गेस्ट हाउस ओसा तथा सकाड़ा चौराहा चिन्हित स्थलों में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पूरा मुफ्ती से आगे श्री राम चरण पादुका रथ यात्रा प्रयागराज के लिए प्रस्थान किया जो 19 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने श्रीराम चरणपादुका यात्रा के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था के लिए 36 अधिकारियों को मजिस्ट्रेट के रूप में ड्यूटी लगाई गई थी।


**सूचना**

मेरा नाम SOUKIN गलत दर्ज है सही नाम SHOKIN है भविष्य में मुझे SHOKIN पुत्र मौ० तकी निवासी-मौहल्ला जलालुद्दीनपुरा गढ़ रोड किठौर मेरठ के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

मेरा नाम SAIEDA गलत दर्ज है सही नाम SHAHIDA है भविष्य में मुझे SHAHIDA पत्नी शौकीन निवासी- मौहल्ला जलालुद्दीनपुरा गढ़ रोड किठौर मेरठ के नाम से जाना व पहचाना जाये।


## एएस इंटर कालेज के छात्र ने जीता सिल्वर मेडल



**इंडो नेपाल यूथ गेम इंटरनेशनल चौंपियनशिप 2024 में बादल शर्मा ने भारतीय टीम को दिलाया पदक**

**मवाना,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। नेपाल में आयोजित चार दिवसीय इंडो नेपाल यूथ गेम इंटरनेशनल चौंपियनशिप 2024 में 200 मी दौड़ मे एएस इंटर कॉलेज मवाना के बादल शर्मा ने अंडर -14 में भारत की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया । छात्र की उपल्बिध पर विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक, प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी ने बादल शर्मा को शुभकामनाएं दीं एवं 1100 सम्मान राशि के साथ प्रधानाचार्य डॉ मेघराज सिंह ने प्रशस्ति पत्र एवं मेंडल पहनकर , मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। छात्र ने बताया कि उसके पिता पवन शर्मा एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने बताया कि पिछले दो वर्ष में तीन छात्र नेशनल स्तर पर अपनी प्रतिभा का हुनर दिखा चुके हैं इस विद्यालय का छात्र भारत की टीम हिस्सा लेकर दूसरे देश में विद्यालय का नाम रोशन किया है।

## एमआईटी में कृषि स्टार्टअप प्रदर्शनी आयोजित



- स्टार्टअप दिवस पर उद्यमी फाउंडेशन की ओर से स्वयं सहायता समूहों प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित
- पराली से पैकेजिंग के काम आने वाले बायोडिग्रेडेबल बक्से बनाने की दी जानकारी

**मेरठ,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। स्टार्टअप दिवस के अवसर पर मेरठ उद्यमी फाउंडेशन द्वारा परतापुर बाईपास स्थित एमआईटी में कृषि स्टार्टअप प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी राजीव सिंह, चेयरमैन एमआईटी विष्णु शरण,वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, निदेशक डॉ. सोमेंद्र शुक्ला, सीईओ उद्यमी फाउंडेशन डॉ. माधुरी गुप्ता अपने संयुक्त रूप से प्रदर्शनी का फीता काटकर किया। इस दौरान पांच कृषि स्टार्टअप, पांच किसान उत्पादक कंपनियां (एफपीओ) और दो स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रदर्शनी में भाग लिया।

इस अवसर पर सभी एफपीओ, कृषि स्टार्टअप और स्वयं सहायता समूह को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिला कृषि अधिकारी राजीव सिंह ने सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। प्रदर्शनी में कृषि स्टार्टअप गोरोफी की संस्थापक रिया पायल ने बताया कि हम सुगंधित मोमबत्तियां बनाते हैं।

कृषि स्टार्टअप ब्लू ओसियन के संस्थापक अपार गुप्ता ने कहा कि हम किसानों से पराली खरीदकर बायोडिग्रेडेबल बक्से तैयार करते हैं और उन बक्सों का उपयोग पैकेजिंग के लिए किया जाता है।

## डिप्टी कलेक्टर के अर्दली की हत्या का खुलासा

### बेटे ने कराई थी पिता की हत्या

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। गौरीगंज के डिप्टी कलेक्टर के अर्दली शिवशंकर पांडेय 2023 की आखिरी रात अपने घर महिमा पुर जा रहे थे। रास्ते में हत्या हो गई थी। नए साल की सुबह अर्दली का शव ताला रेलवे स्टेशन के पास बरामद हुआ था। मृतक के पुत्र अर्पित पांडेय की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ था। मामला डिप्टी कलेक्टर के अर्दली शिवशंकर पांडेय के हत्या से जुड़ा था। मामले की कमान पुलिस कप्तान डा. इलामारन ने खुद संभाली थी। जिससे हत्या के सोलह दिन बाद अमेठी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी हत्या में शामिल मृतक के पुत्र अर्पित पांडेय और अनुराग तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिए है। पुलिस कप्तान इलामारन ने बताया कि अर्दली शिवशंकर पांडेय की हत्या के पीछे संपत्ति विवाद था।



## नैतिक मुद्दों को संबोधित करना प्रकाशकों की बड़ी चुनौती : बोस



- शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

**मेरठ,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में अनुसंधान नैतिकता और ईमानदारी पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के मुख्य वक्ता स्प्रिंगर नेचर के कार्यकारी संपादक अनिन्द बोस ने अनुसंधान प्रकाशन के महत्व पर चर्चा की और कहा कि इसे समझना आवश्यक है कि सभी शाखाओं के अनुसंधानकर्ताओं को अच्छे जर्नल्स में अनुसंधान पेपर लेखन और प्रकाशन की पूरी प्रक्रिया को समझना महत्वपूर्ण है और एकेडेमिक बुक पब्लिशिंग की प्रक्रिया को समझना भी। प्रकाशकों के लिए मुख्य चुनौती नैतिक मुद्दों को संबोधित करना है और लेखकों के लिए प्रक्रिया में शामिल नैतिक अभ्यासों को समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है। बतौर वक्ता मौजूद रहे प्रो.जगदीश चंद बंसल ने भारतीय गणित पर पूरी यात्रा पर रोशनी डाली विश्वविद्यालय के कुलपति एवं डीन रिसर्च प्रा.जयानंद ने कहा कि अनुसंधान प्रकाशन नए ज्ञान को प्रसारित करने के रूप में महत्वपूर्ण है, जिससे विज्ञान की आगे की प्रगति और विभिन्न क्षेत्रों के व्यापक समझ का सहारा होता है।

## गलत बिल से उपभोक्ताओं को बचाने के लिए पीवीवीएनएल ने कसी कमर

- पांच से नौ किलोवाट वाले मीटरों की होगी एमआरआई
- उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील

**मेरठ,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। बिजली उपभोक्तओं के गलत न आए इसके लिए पांच से नौ किलोवाट तक की क्षमता वाले मीटरों की पश्चिमांचल डिस्कॉम द्वारा एमआरआई (मीटर रीडिंग इंस्ट्रूमेन्ट) आधारित बिलिंग का निर्णय लिया गया है। इसमें मशीन द्वारा मीटर से रीडिंग प्राप्त लेकर उसे मानवरहित तरीके से बिलिंग सिस्टम पर अपलोड किया जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को सही बिल समय से मिल सकेंगे। दिसम्बर 2023 से लागू की गयी व्यवस्था के कारण बिल मिलने में लगने वाले समय के लिए उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई है। विभाग द्वारा बिल जमा होने में देरी पर कनेक्शन काटने से राहत देने की बात कही गई है।

## पुलिस मुठभेड़ में बदमाश घायल, अन्य साथी फरार



**मवाना,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। नगर के भैंसा गांव में मंगलवार सुबह गाड़ी में सवार बदमाशों की स्वाट टीम से हुई मुठभेड़, एक बदमाश की पसली में लगी गोली, एक सिपाही भी हुआ घायल। बदमाश के अन्य साथी हुए फरार। थाना मवाना के भैंसा रोड़ रजवाहे के पास मंगलवार सुबह स्वाट टीम मेरठ की गाड़ी में सवार शातिर बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में स्वाट टीम की गोली लगने से नगर के फलावदा रोड निवासी बिलाल पुत्र अबरार हुआ घायल।

पुलिस और बदमाशों की आमने सामने की गोलीबारी में स्वाट टीम का एक सिपाही दीपक भी गोली लगने से घायल हो गया। इस बीच बदमाश के अन्य साथी फरार हो गए। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की गाड़ी रजवाहे में जा गिरी। थाना पुलिस के अनुसार घायल बदमाश बिलाल पुत्र अबरार पर थाना रेलवे रोड में सुसंगत धाराओं में मुकदमे पहले से दर्ज है। वह काफी समय से फरार था।

**आयोजन** *सुभारती समूह की संस्थापिका की जयंती पर महाभोज शिविर कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित*

# संघमाता के विचारों को पल्लवित पुष्पित कर रहा सुभारती : डॉ. अतुल

**मेरठ, 16 जनवरी (देशबन्धु)। सुभारती समूह की संस्थापिका संघमाता डा. मुक्ति भटनागर की जयंती पर डॉ. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउण्डेशन एवं सुभारती समूह के संयुक्त तत्वावधान में महाभोज शिविर एवं कम्बल वितरण का आयोजन किया गया। शिविर में जरूरतमन्द राहगीरों को राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट सुभारती धन सिंह कोतवाल द्वार पर बड़ी संख्या में कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा कि संघमाता डॉ. मुक्ति हमेशा जरूरतमन्द की मदद करने एवं शिक्षा सेवा संस्कार एवं राष्ट्रीयता के विचारों से जनमानस को ओत प्रोत करने की पक्षधर रही।**

आज सुभारती परिवार उन्हीं विचारों को पल्लवित पुष्पित कर रहा है। कुलपति मेजर जनरल डा.जी.के.थपलियाल ने कहा कि संघमाता डा. मुक्ति भटनागर गतिशील एंव बहुआयामी व्यक्तित्व की धनी थी। जिसमें उन्होंने हमेशा भारतीय कला एवं संस्कृति के संरक्षण एवं प्रोत्साहन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय संघमाता के आदर्शो पर चलकर शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के मंत्र से सभी को लाभान्वित कर रहा है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा.शल्या राज ने कहा कि उनकी स्वर्गीय माता डा. मुक्ति भटनागर हमेशा रचनात्मक विचारों को प्रोत्साहित करती थी। उन्होंने बताया कि एक चिकित्सक होने के साथ ममतामयी शिक्षक, विवेकशील एवं प्रतिभावान अनुसंधान गाईड, चित्रकला, गायन एवं नृत्य में विलक्षण प्रतिभाशाली, प्रखर वक्ता व प्रेम सौहार्द की प्रतिमूर्ति के रूप में संघमाता ने सुभारती समूह की स्थापना कर समाज के उत्थान हेतु कार्य किए हैं। इस अवसर पर डॉ. वैभव गोयल भारतीय, डॉ. प्रदीप राघव, देवा वृत अरोड़ा, वीरपाल सिंह, राजकुमार सागर, डॉ. शशिराज तेवतिया, कुलदीप नारायण, अमित कुमार, आमिर, सतेन्द्र सहित सुभारती परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



- डा.मुक्ति भटनागर ने हमेशा भारतीय कला एवं संस्कृति के संरक्षण एवं प्रोत्साहन पर बल दिया : थपलियाल

### संघमाता डा.मुक्ति भटनागर को दी संगीतमय श्रद्धांजलि

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय द्वारा संस्थापिका, संघमाता स्वर्गीय डा.मुक्ति भटनागर को संगीतमय श्रद्धांजलि दी। विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय में में संकाय प्राचार्य डॉ. पिन्टू मिश्रा, मंच कला विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. भावना ग्रोवर, एनिमेशन विभाग की विभागाघ्यक्षा डॉ. विधि खंण्डेवाल, फैशन एवं टैक्सटाइल विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. नेहा सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर व माल्य अपर्ण कर उन्हें स्मरण किया। विभागाध्यक्षा डॉ. भावना ग्रोवर ने संघमाता डॉ. मुक्ति भटनागर के विषय में सभी को बताया कि डा. मुक्ति भटनागर संगीत नृत्य व चित्रकारी की अत्यंत ज्ञाता थी। इस अवसर पर प्राचार्य डा. पिन्टू मिश्रा ने बताया संघमाता डा. मुक्ति भटनागर का ललित कला से गहरा लगाव रहा और उन्हीं के आदर्शो को आत्मसात करते हुए सुभारती ललित कला संकाय पल्लवित हो रहा है। ललित कला संकाय के सभी सदस्यों व छात्र-छात्राओं ने संघमाता को पुष्पों की श्रद्धांजलि दी। मंच कला विभाग के छात्र-छात्राओं, आलिया, आलिमा, आध्या, अनिकेत, नचिकेता, शिवाली, राधा, अक्षत ने मनमोहन कान्हा हे राम व अन्य सुदंर भजनों द्वारा संघमाता को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की।



# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु | नई दिल्ली, बुधवार, 17 जनवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### हिंदुत्व में पार्श्वगायन करेंगे दलेर मेंहदी

**मुंबई।** जानेमाने गायक दलेर मेहंदी ओटीटी प्लेटफॉर्म मास्क टीवी की फिल्म हिंदुत्व में पार्श्वगायन करेंगे। टैग प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी फिल्म हिंदुत्व के निर्माता चिरंजीवी भट्ट और अंजू भट्ट हैं। हिन्दुत्व के लेखक ऋषील जोशी और निर्देशक करण राजदान है। फिल्म में श्वेता राज के लिखे गीत पर संगीत रवि शंकर ने दिया है। इस फिल्म में दलेर मेहदी पार्श्वगायन कर रहे हैं। दलेर मेहदी के अलावा अनूप जलोटा, मधुश्री, दिव्या कुमार, और मास्टर सलीम ने इस फिल्म के गानो में आवाज दी है। हिंदुत्व में आशीष शर्मा, सोनारिका भदौरिया, अनूप जलोटा, दीपिका चिखलिया, गोविंद नामदेव की अहम भूमिका है।

#### रामनगरी में प्रकृति रक्षा व प्रदूषण दूर करने के लिए नौ दिवसीय हवनात्मक रुद्र महायज्ञ

## जंगली जड़ी बूटियों की महक से गमकेगी अयोध्या



■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। रामनगरी उल्लासित है। अयोध्या सरकार के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर प्रदेश व केंद्र की सरकार नतमस्तक है। हर जुबां पर राम का नाम है। राजा हो या रंक हर कोई इस अवसर पर अपने आराध्य के साथ आधुनिक अयोध्या का दीदार करना चाहता है। अयोध्या में आयोजनों की धूम है। इन सबके बीच दिखावे से दूर एक नौ दिवसीय हवनात्मक रुद्र महायज्ञ आज से भिखारी बाबा के नेतृत्व में प्रारंभ हो रहा है।

आइए जानते हैं कि कौन हैं भिखारी बाबा। साधु, फक्कड़ साधु या यूं कहें कि अपनी ही धुन में रमे हुए एक संत। बिना जूते चप्पल के चोटहिल पैर और गेरुआ वस्त्र में लिपटा एक फक्कड़ सा व्यक्तित्व। जो लोगों से भीख मांगता है अनाज का, पैसों का और सभी का संग्रह करके इसी समाज के निर्धन तबके में वितरित कर देता है। उससे जो थोड़ा बहुत बच जाता है उसे खर्च कर देता है

**■ यज्ञ में चावल, जौ का प्रयोग न करें देश के संत महात्मा : भिखारी बाबा**

याज्ञिक अनुष्ठानों में, धार्मिक आयोजनों में। वसुधैव कुटुम्बकम के भाव के साथ अपना जीवन समाज के निर्बल वर्ग को समर्पित कर देने वाले 'बाबा दीनबन्धु' जो 'भिखारी बाबा' के नाम से विख्यात हैं। अभी तक पांच हजार से ज्यादा निर्धन, गरीब, निराश्रित आदिवासी कन्याओं का विवाह सम्पन्न करा चुके हैं। जंगलों, पहाड़ों और ऐतिहासिक किलों से आच्छादित सोनभद्र जिले के रामगढ़ में एक छोटे से आश्रम में रहने वाले 'भिखारी बाबा' सामूहिक कन्या विवाह के साथ-साथ गरीबों को कंबल वितरण, अनाज वितरण, भोजन वितरण सहित अन्यान्य सामाजिक गतिविधियों का संचालन करते हैं और समाज में भाईचारा को बढ़ावा देने वाली इन सारी गतिविधियों का केंद्र होता है बाबा का 'रामगढ़ आश्रम'। उन्नीस सौ सत्तानबे में पांच अक्टूबर कैलेंडर की वह तारीख है



जब अपने क्षेत्र के निवासियों की विपन्नता से आह्लादित भिखारी बाबा ने जूते-चप्पल को त्याग दिया और तब से वह नंगे पांव चलते हैं और इतना ही नहीं अपितु अनाज का भी त्याग कर चुके हैं। भिखारी बाबा के नंगे पांव रहने के बारे में पूछने पर कहते हैं कि अपने शरीर को इतना साध चुका हूं कि मेरे पैरों में चुभे हुए कांटे अब कष्ट नहीं देते। सोनभद्र के पहाड़ जिन पर मैं अनगिनत बार विचरण कर चुका हूं वह आत्मीयता के भाव के साथ सुख प्रदान करते हैं।

निर्धन बालिकाओं के विवाह को अपने जीवन का मूल उद्देश्य बना लेने वाले भिखारी बाबा बताते हैं की सोनभद्र के आसपास के इलाकों में गरीबी इस कदर है कि मां-बाप अपने पुत्री का पाणिग्रहण संस्कार तो दूर उनका पालन पोषण करने में असमर्थ रहते थे और यही चीज मेरे अंतर्मन को कचोटती थी। इसी वेदना ने मेरे जीवन के उद्देश्य को परिवर्तित कर दिया। भिखारी बाबा के रामगढ़ स्थित आश्रम में पिछले सोलह वर्षों से 'श्री राम जय राम जय जय राम' की राम धुन तथा भंडारा अनवरत संचालित हो रहा है।

भिखारी बाबा का अयोध्या आगमन धार्मिक से ज्यादा कुदरत के संरक्षण उद्देश्य जुड़ा हुआ है। बुधवार सत्रह जनवरी से उनकी अगुवाई में एक नौ दिवसीय अनुष्ठान श्री मणिरामदास छावनी में प्रारंभ हो रहा है। इस अनोखे यज्ञ में सिर्फ जड़ी बूटियों का प्रयोग किया जाएगा। भिखारी बाबा ने बताया कि इससे प्रदूषण दूर होता है और तमाम रोगों में लाभकारी है। उन्होंने यज्ञों में चावल, जौ के प्रयोग पर सख्त एतराज जताया और कहा कि इसके प्रयोग से प्रकृति भी नाराज होती है। आयोजन की गतिविधियां देख रहे श्रीकांत द्विवेदी ने भिखारी बाबा को समाज का रियल आईकान बताया है।

## काशी के शिल्पकार ने सोने, चांदी व हीरे से बनाई श्रीराम मंदिर की अनुकृति

**वाराणसी,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले देश पूरा राममय होने लगा है। ऐसे में भोले की नगरी कहे जाने वाली काशी भला कैसे पीछे रह सकती है। यहां के गुलाबी मीनाकारी के राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित हस्तशिल्पी वाराणसी के कुंज बिहारी ने सोने, चांदी और डायमंड से 108 दिनों की मेहनत से श्री राम मंदिर की रेप्लिका बनाई है।

जीआई और ओडीओपी उत्पादों में शुमार गुलाबी मीनाकारी की चमक पूरी दुनिया में है। वाराणसी के गाय घाट निवासी नेशनल अवॉर्डी शिल्पकार कुंज बिहारी का दावा है कि पहली बार गुलाबी मीनाकारी से श्रीराम मंदिर की अनुकृति बनाई गई है। इसको बनाने में 108 दिन का समय लगा है।

गुलाबी मीनाकारी में सोने और चांदी का प्रयोग किया जाता है। राम मंदिर की अनुकृति लगभग 2.5 किलो की है जो 12 इंच ऊंची, 8 इंच चौड़ी और 12 इंच लम्बी है। इसमें सोना, करीब डेढ़ किलो



चांदी और अनकट डायमंड शिखर पर लगाया गया है।

प्रभु राम के मंदिर की अनुकृति 108 पार्ट्स से निर्मित किया गया है। मंदिर की रेप्लिका में रामलला की सोने की मूर्ति भी है। उन्होंने बताया कि इस अनुकृति को बनाने में श्री राम की कृपा रही है। पहली बार गुलाबी मीनाकारी से श्री राम मंदिर बनाने की जब कोशिश की जा रही थी, तब वह पहले तो आकार ही नहीं ले पा रही थी, मगर जब प्रभु श्रीराम का नाम लेकर तथा उनके भजन सुनते हुए काम शुरू किया गया तो देखते ही देखते गुलाबी मीनाकारी से मंदिर ने अपना स्वरूप ले लिया।

उन्होंने बताया कि मोदी व योगी के प्रयासों से आज गुलाबी मीनाकारी को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल गई है। इसलिए इस नायब हुनर को मोदी और योगी के माध्यम से श्री राम मंदिर को समर्पित करना चाहते हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काशी के शिल्पियों के हुनर का बेजोड़ नमूना गुलाबी मीनाकारी के उत्पाद उपहार में देते रहते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरीस, ऑस्ट्रेलिया के पीएम स्कॉट मॉरिसन, जापान के प्रधानमंत्री और फ्रांस के मैनुअल माइक्रोन की पत्नी को भी जीआई प्रोडक्ट के अनोखे तोहफे दे चुके हैं। मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की गुलाबी मीनाकारी को योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से पंख लग गया है। अब ये उत्पाद लोकल टू ग्लोबल हो गया है। गुलाबी मीनाकारी की चमक विदेशों में चमकने लगी है।

## रामलला के लिए उपहारों का लगा है तांता



अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले रामलला के लिए देश भर से आ रहे उपहारों का सिलसिला लगातार जारी है। अपने आराध्य के लिए देश दुनिया से रामभक्त अमूल्य तोहफे ला रहे हैं। आगरा के प्रसिद्ध पंछी पेठे की ओर से छप्पन अलग-अलग स्वाद में श्रीरामलला के भोग के लिए छप्पन किस्म का 560 किलो पेठा पहुंचाया गया है। इसके अलावा अन्य स्थानों से रत्न जड़ित पोशाक, चांदी की थाल, पूजा सामाग्री आदि भी श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को मिली है। आगरा व्यापार मण्डल की ओर से लाया गया पंछी पेठा विहिप मुख्यालय कारसेवकपुरम् में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सम्पर्क प्रमुख रामलाल, विश्व हिन्दू परिषद के राजेन्द्र सिंह पंकज आदि की उपस्थिति में इन सामानों को स्वीकार कर लिया गया है। इस बीच में पूरी दुनिया में कृष्ण भक्ति की अलख जगाने वाली संस्था इस्कॉन ने भव्य और दिव्य राम मंदिर का हो रहे निर्माण में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत एक अस्पताल और एक भोजनालय की स्थापना की है। इस्कॉन के बैनर तले विदेशी कलाकारों की टोली तुलसी उद्यान में रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेगी। भक्ति वेदांत अस्पताल वृंदावन के जनसम्पर्क अधिकारी सूर्यपति दास का कहना है कि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से समन्वय करके रानोपाली में भोजनालय एवं रामघाट चौराहे पर अस्पताल स्थापित किया गया है।

#### जमशेदपुर के ग्रामीण इलाकों में 'चिड़िदाग' नामक रूढ़िवादी परंपरा

## कई बच्चों को लोहे की गर्म सीकों से दागा

**जमशेदपुर,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड के कोल्हान प्रमंडल के आदिवासी बहुल ग्रामीण इलाकों में मकर संक्रांति के अगले दिन 'चिड़िदाग' नामक रूढ़िवादी परंपरा के तहत कई बच्चों को लोहे की गर्म सीकों से दागा गया।



नौनिहालों को भविष्य की बीमारियों से कथित तौर पर बचाने के नाम पर दर्द, जलन और तकलीफ देने वाली यह विचित्र रूढ़िवादी परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। आदिवासी समाज की मान्यता है कि 'चिड़िदाग' करवाने से बच्चों को पेट सहित अन्य प्रकार की शारीरिक बीमारियों से आजीवन सुरक्षा मिलती है। इसे लोग अखंड जात्रा के नाम से भी जानते हैं।

प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति के अगले दिन लोग अपने बच्चों को लेकर गांव के पुरोहित के पास पहुंचते हैं। पुरोहित जमीन पर बैठकर लोहा या तांबे की सींक को लकड़ी की आग में गर्म करते हैं और इसके बाद मंत्रोच्चार के साथ बच्चों की नाभी के पास चार बार दागा जाता है।

हैरानी की बात यह है कि बच्चों की चीख-चिल्लाहट के बावजूद लोग ऐसा करवाते हैं। जमशेदपुर के पास स्थित करनडीह निवासी पुरोहित छोटू सरदार बताते हैं कि उनके दादा, परदारा चिड़ीदाग की परंपरा निभाते आ रहे हैं। 21 दिन से ऊपर की उम्र के बच्चों से लेकर किसी भी उम्र के व्यक्ति को 'चिड़िदाग' दिया जा सकता है। कई लोगों को पैर, कमर दर्द से निजात के नाम पर भी 'चिड़िदाग' दिया जाता है। हालांकि, शिक्षा के प्रसार के साथ अब कई लोग जागरूक हुए हैं और इस तकलीफदेह रूढ़ि से दूर हो रहे हैं।

## मैं अक्सर लोगों की सलाह को नजरअंदाज कर वही करती हूं, जो मेरा दिल करता है : अदिति सहगल

**मुंबई,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय म्यूजिशियन और एक्ट्रेस अदिति सहगल, जिन्हें डॉट के नाम से भी जाना जाता है, उन्होंने साझा किया है कि कैसे सोशल मीडिया हमेशा उनके प्रति दयालु रहा है, उन्होंने खुद को एक ऐसा कलाकार बताया है जो अक्सर सलाह को नजरअंदाज कर देती है। जोया अख्तर के निर्देशन में बनी फिल्म 'द आर्चीज' में अपनी एक्टिंग के साथ-साथ म्यूजिक टैलेंट से प्रसिद्धि पाने वाली डॉट, साल की एक सफल कलाकार के रूप में उभरी हैं।



वह अपने सभी गानों के बोल बनाती, गाती और लिखती हैं। डॉट अपने 'आर्चीज' गानों से भी इंडियन म्यूजिक चार्ट में टॉप पर रही हैं। उन्होंने खुशी कपूर पर फिल्माए गए सभी चार 'डियर डायरी' थीम्स को लिखा और गाया है। डॉट ने कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि मैं काफी भाग्यशाली हूं कि सोशल मीडिया हमेशा मेरे प्रति दयालु रहा है। शुरुआत से ही मुझे अपने म्यूजिक के लिए लोगों से जिस तरह का प्यार मिला है, वह दिल को छू लेने वाला है। 'द आर्चीज' के बाद से, मेरा टैलेंट निश्चित रूप से उभरा है। 'चाहे वह म्यूजिक हो, ज्यादा फिल्में हों, या कोई अन्य प्रोजेक्ट हो, यह जरुरी है कि साथ चलने वाले लोगों के प्रति आभारी रहें। मैं उस तरह की कलाकार हूं जो अक्सर सलाह को नजरअंदाज कर देती हूं और जो मन करता है, वही करती हूं।'

डॉट ने हाल ही में 'गर्ल्स नाइट' नाम से एक नया सिंगल रिलीज किया है जो म्यूजिक लवर्स के बीच वायरल हो रहा है। इंटरनेट पर अपनी बढ़ती लोकप्रियता के बारे में आगे बात करते हुए उन्होंने कहा कि फिर से, मैं काफी भाग्यशाली हूं कि ज्यादा से ज्यादा लोग मेरा म्यूजिक सुनना चाहते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि अब इंटरनेट का मेरा छोटा कोना, इतना छोटा नहीं रह गया है। मेरे मन में उन लोगों के लिए हमेशा एक खास स्थान रहेगा जो मेरे काम से जुड़े हैं।

## तमिलनाडु की महिला ने स्कूल के लिए जमीन दान की

### गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया जाएगा

**चेन्नई,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। स्कूल के विकास के लिए जमीन दान करने वाली 52 वर्षीय महिला को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। महिला ने उस स्कूल में पढ़ाई भी की थी। मदुरै जिले की रहने वाली और बैंकर के तौर पर कार्यरत आई अम्मल उर्फ पूरनम को गणतंत्र दिवस पर मेडल से सम्मानित किया जाएगा। पूरनम ने पंचायत यूनियन मिडिल स्कूल, कोडिकुलम, मदुरै को स्कूल को हाई स्कूल बनाने के लिए एक एकड़ से अधिक जमीन दान में दी।

इस जमीन की कीमत लगभग 7 करोड़ रुपए आंकी गई है और यह वर्तमान स्कूल भवन के नजदीक है। केनरा बैंक में काम करने वाली 52 वर्षीय महिला ने यह घोषणा अपनी दिवंगत बेटी यू.जननी की याद में की है, जिनका कुछ साल पहले निधन हो गया था। यह खबर तब सामने आई, जब उन्होंने जमीन की रजिस्ट्री स्कूल के नाम पर कर दी



और जमीन के दस्तावेज शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सौंप दिए। एक्स पर इसकी घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि शिक्षा ही वास्तविक, अविनाशी धन है। मदुरै के कोडिकुलम की आई अम्मल उर्फ पूरनम ने सरकारी स्कूल के लिए एक अतिरिक्त भवन बनाने के लिए अपनी एक एकड़ और 52 सेंट जमीन दान में दी है। आई अम्मल दिखाती है कि तमिल लोग शिक्षा और शिक्षण को कितना महत्व देते हैं, और उन्हें आगामी गणतंत्र दिवस पर सरकार की ओर से विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। पूर्णम की बेटी जननी, जिनका दो साल पहले निधन हो गया था, एक सामाजिक कार्यकर्ता थीं और वंचित बच्चों के शैक्षिक उत्थान के लिए काम कर रही थीं। पूर्णम की सरकार से एक ही मांग है कि अपग्रेड स्कूल का नाम उनकी बेटी के नाम पर रखा जाए।

पूरनम ने कहा कि मेरा मानना है कि शिक्षा लोगों के जीवन को बदलने और समाज को बदलने का एकमात्र साधन है।

## अच्छा और लंबा जीवन जीने में मदद कर सकती है इंटरमिटेंट फास्टिंग

### 'ओएक्सआर1' जीवनकाल के विस्तार और स्वस्थ मस्तिष्क उम्र बढ़ने के लिए आवश्यक

**न्यूयॉर्क,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय मूल के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में किए गए शोध से यह बात सामने आई है कि इंटरमिटेंट फास्टिंग यानि हर कुछ दिन पर उपवास करने से एक अच्छा और लंबा जीवन जिया जा सकता है। कैलिफोर्निया में बक इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च ऑन एजिंग के वैज्ञानिकों की एक टीम ने 'ओएक्सआर1' नामक जीन की भूमिका पाई है जो आहार प्रतिबंध के साथ देखे जाने वाले जीवनकाल के विस्तार और स्वस्थ मस्तिष्क उम्र बढ़ने के लिए आवश्यक है। नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने कहा कि ओएक्सआर1 जीन उम्र बढ़ने और न्यूरोलॉजिकल बीमारियों से बचाने वाला एक महत्वपूर्ण मस्तिष्क लचीलापन कारक है।



संस्थान में पोस्टडॉक्टरल छात्र केनेथ विल्सन ने कहा कि जब लोग कम भोजन करते हैं, तो वे आमतौर पर सोचते हैं कि यह उनके पाचन तंत्र या वसा के निर्माण को प्रभावित कर सकता है, लेकिन जरूरी नहीं कि यह मस्तिष्क को प्रभावित करे।

'अब यह पता चला है, यह एक जीन है जो मस्तिष्क में काफी महत्वपूर्ण है।' टीम ने इसके अतिरिक्त एक विस्तृत सेलुलर तंत्र का पता लगाया कि कैसे कम भोजन उम्र बढ़ा सकता है और न्यूरोडीजेनेरेटिव रोगों की प्रगति को धीमा कर सकता है। फ्रूट फ लाइ (मक्खियों) और मानव कोशिकाओं में किया गया शोध, उम्र से संबंधित न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों के लिए संभावित चिकित्सीय लक्ष्यों की भी पहचान करता है। बक इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर पंकज कपाही ने कहा कि हमें एक न्यूरॉन-विशिष्ट प्रतिक्रिया मिली जो आहार प्रतिबंध के न्यूरोप्रोटेक्शन में मध्यस्थता करती है। उन्होंने कहा कि इंटरमिटेंट फास्टिंग या कैलोरी प्रतिबंध जैसी रणनीतियां, जो पोषक तत्वों को सीमित करती हैं, इसके सुरक्षात्मक प्रभावों को मध्यस्थ करने के लिए इस जीन के स्तर को बढ़ा सकती हैं। टीम ने विभिन्न आनुवंशिक पृष्ठभूमि वाली मक्खियों की लगभग 200 प्रजातियों को स्कैन कर शुरुआत की। मक्खियों को दो अलग-अलग आहारों के साथ पाला गया। इसमें सामान्य आहार और प्रतिबंध वाले आहार को रखा गया, जो सामान्य पोषण का केवल 10 प्रतिशत था।

उन्होंने पाया कि मनुष्यों में 'ओएक्सआर1' की हानि के परिणामस्वरूप गंभीर तंत्रिका संबंधी दोष के कारण समय से पहले मृत्यु हो जाती है। वहीं, चूहों में अतिरिक्त 'ओएक्सआर1' एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस के एक मॉडल में जीवित रहने में सुधार करता है। इसके अलावा, गहन परीक्षणों में पाया गया कि 'ओएक्सआर1' रेट्रोमर नामक एक कॉम्प्लेक्स को प्रभावित करता है, जो सेलुलर प्रोटीन और लिपिड के पुनर्चक्रण के लिए आवश्यक प्रोटीन का एक सेट है। रेट्रोमर डिसफंक्शन उम्र से संबंधित न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों से जुड़ा हुआ है जो आहार प्रतिबंध, विशेष रूप से अल्जाइमर और पार्किंसंस रोगों से सुरक्षित हैं।

## प्रोस्थेटिक बेबी बंप के साथ शूटिंग करना बेहद चुनौतीपूर्ण : अदिति शर्मा



**मुंबई,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस अदिति शर्मा शो 'रब से है दुआ' में एक गर्भवती महिला की भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने प्रोस्थेटिक बेबी बंप के साथ शूटिंग शुरू कर दी है जो उनके लिए बिल्कुल नया एक्सपीरियंस है। शो में अदिति को दुआ के रूप में, करणवीर शर्मा को हैदर के रूप में और ऋचा राठौड़ को गजल के रूप में दिखाया गया है।

सीक्वेंस के बारे में बात करते हुए अदिति ने कहा कि यह तीसरी बार है जब मैं बेबी बंप के साथ शूटिंग कर रही हूं। शो में दुआ सात महीने की गर्भवती है। लेकिन इस बार का एक्सपीरियंस पिछली दो बार से बहुत अलग है। अदिति ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो, प्रोस्थेटिक बेबी बंप के साथ शूट करना और अतिरिक्त वजन के साथ घूमना बहुत चुनौतीपूर्ण है। मैं केवल कल्पना ही कर सकती हूं कि एक महिला के जीवन में वे नौ महीने कितने अधिक कष्टदायक रहे होंगे, बेशक यह बहुत आशा और उत्साह के साथ आता है, लेकिन पॉजिटिविटी के साथ इस फेज से गुजरने में सक्षम होने के लिए महिलाओं को सलाम। रब से है दुआ जी टीवी पर प्रसारित होता है।

## हाथी दांत के सबसे बड़े शिकार गिरोह का पता लगाएगी रिची मेहता की सीरीज 'पोचर'

**मुंबई,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। एमी पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता रिची मेहता ने अपनी आगामी सीरीज 'पोचर' की घोषणा कर दी है। यह हाथी दांत के सबसे बड़े शिकार गिरोह की जांच पर आधारित है। सीरीज भारतीय वन सेवा अधिकारियों, भारतीय वन्यजीव ट्रस्ट के एनजीओ कार्यकर्ताओं, पुलिस कांस्टेबलों और अच्छे लोगों द्वारा किए गए अपार योगदान को दर्शाती है, जिन्होंने भारतीय इतिहास में हाथी दांत के सबसे बड़े शिकार गिरोह की जांच के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी।

'पोचर' ऑस्कर विजेता प्रोडक्शन और फाइनेंस कंपनी क्यूसी एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित पहली टेलीविजन सीरीज है।

यह 'दिल्ली क्राइम' के निर्देशक रिची मेहता द्वारा निर्मित, लिखित और निर्देशित है। इसमें निमिषा सजयन, रोशन मैथ्यू और दिब्येंदु भट्टाचार्य प्रमुख भूमिका में हैं। कहानी की प्रामाणिकता को बनाए रखने के लिए 'पोचर' को केरल और नई दिल्ली में वास्तविक सेटिंग में फिल्माया गया है। यह मुख्य रूप से मलयालम, हिंदी और अंग्रेजी में है। निर्माता रिची ने कहा कि अपराध से लड़ने की इस जटिल दुनिया में विषयों और पात्रों की खोज में पिछले चार साल लगाने और असाधारण रूप से उच्च दांव लगाने के बाद, मैं पोचर को दुनिया भर के दर्शकों तक ले जाने के लिए प्राइम वीडियो के साथ साझेदारी को लेकर रोमांचित हूं।



निर्देशक ने कहा कि क्यूसी एंटरटेनमेंट की टीम के साथ काम करना रचनात्मक तार्किक और भावनात्मक दृष्टिकोण से एक सपने के सच होने जैसा रहा है, जैसा कि हमारे अभिनेता दल और वास्तविक विषयों के साथ सहयोग करना था। प्राइम वीडियो इंडिया के कंटेंट लाइसेंसिंग निदेशक मनीष मेंघानी ने कहा कि हम अनूठी और प्रामाणिक कहानियां लाना चाहते हैं, जिनमें सामाजिक और सांस्कृतिक बातचीत शुरू करने की शक्ति हो। 'पोचर' एक असाधारण सच्ची कहानी पर आधारित है, यह एक ऐसे संदर्भ में न्याय के अर्थ का पता लगाने का एक महत्वाकांक्षी प्रयास है, जिसे पहले कभी स्क्रीन पर नहीं देखा गया है। मनीष ने आगे कहा कि पोचर अपनी आकर्षक, अत्याधुनिक कहानी के साथ दुनिया भर के दर्शकों को बांधे रखने का वादा करती है, और हमें इंसान के रूप में आत्मनिरीक्षण करने के लिए मजबूर करती है कि कैसे हमारे कार्यों का पर्यावरण पर अपरिवर्तनीय प्रभाव पड़ सकता है।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 2.58 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.38 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 1.29 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.17 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.09 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| इंफ़ोसिस | 1.62 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.56 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.28 प्रतिशत |
| एलटी | 1.18 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 0.85 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## एचडीएफसी बैंक का मुनाफा 34 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** देश को प्रमुख निजी बैंक एचडीएफसी बैंक ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 16373 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष के 15976 करोड़ रुपये की तुलना में 34 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने आज यहां बताया कि इस तिमाही में उसका एकल राजस्व 396.1 अरब रुपए रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 314.9 अरब रुपए की तुलना में 25.8 प्रतिशत अधिक है। इस तिमाही उसकी शुद्ध ब्याज आय 284.7 अरब रुपए रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 229.9 अरब रुपए की तुलना में 23.9 प्रतिशत अधिक है।

# सरकार का लक्ष्य 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाना है : नितिन गडकरी

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। साल 2030 तक दुर्घटना से होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य है।

नितिन गडकरी ने 'सड़क सुरक्षा - भारतीय सड़कें @ 2030 : सुरक्षा के स्तर को ऊपर उठाना' विषय पर सीआईआई राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, '2022 की लेटेस्ट रिपोर्ट से पता चलता है कि सड़क दुर्घटनाओं में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और ऐसी दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जिससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को 3.14 प्रतिशत का सामाजिक-आर्थिक नुकसान हुआ है।' मंत्री ने आगे कहा कि इनमें से 60 प्रतिशत मौतें 18 से 35 वर्ष के युवा आयु वर्ग में होती हैं। दुर्घटना में मौत एक परिवार में कमाने वाले की हानि, एक नियोक्ता के लिए एक पेशेवर क्षति और अर्थव्यवस्था के लिए एक समग्र क्षति है। नितिन गडकरी ने इंडियन इंक से अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत ड्राइवरों के लिए नियमित आंखों की जांच के लिए मुफ्त शिविर आयोजित करने को कहा है।



**साल 2022 में 4.6 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं, 1.68 लाख मौतें हुईं और 4 लाख गंभीर रूप से घायल हुए। भारतीय सड़कों पर हर घंटे 53 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और 19 मौतें होती हैं:-नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री**

मंत्री ने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों के बीच शिक्षा और जागरूकता, गैर सरकारी संगठनों, स्टार्ट-अप, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, आईआईटी यातायात और राजमार्ग प्राधिकरणों के साथ सहयोग, अच्छी सड़क सुरक्षा प्रथाओं को फैलाने का रास्ता है।

नितिन गडकरी ने कहा कि साल 2022 में 4.6 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं, 1.68 लाख मौतें हुईं और 4 लाख गंभीर रूप से घायल हुए। भारतीय सड़कों पर हर घंटे 53 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और 19 मौतें होती हैं। नागरिकों के बीच अच्छे यातायात व्यवहार के लिए पुरस्कार की प्रणाली से नागपुर में सकारात्मक परिणाम मिले हैं। मंत्री ने कहा कि 'सड़क सुरक्षा के 4ई'- इंजीनियरिंग (सड़क और वाहन इंजीनियरिंग)- प्रवर्तन- शिक्षा और आपातकालीन चिकित्सा सेवा को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ सामाजिक व्यवहार में बदलाव बहुत महत्वपूर्ण है। नितिन गडकरी ने सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए सभी हितधारकों के सहयोग पर जोर दिया।

# दिल्ली हवाई अड्डे का रनवे 29एल सीएटी तीन आज से चालू : सिंधिया

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे पर आरडब्ल्यूवाई (रनवे) 29एल सीएटी तीन को मंगलवार से चालू कर दिया गया है। कोहरे से उत्पन्न व्यवधानों के मुद्दे को संबोधित करते हुए, सिंधिया ने विमानन अधिकारियों द्वारा किए गए नवीनतम उपायों को साझा करने के लिए एक्स का सहारा लिया। उन्होंने कहा कि यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) सोमवार को सभी एयरलाइंस को जारी कर दी गई।

मंत्री ने कहा, 'इन एसओपी के अलावा, हमने सभी छह मेट्रो हवाई अड्डों के लिए प्रतिदिन तीन बार घटना की रिपोर्टिंग मांगी है। डीजीसी के निर्देशों, एसओपी और सीएआर के कार्यान्वयन की निगरानी की जाएगी और नियमित रूप से रिपोर्ट की जाएगी।' सिंधिया ने छह मेट्रो हवाई अड्डों पर 'वॉर रूम' की स्थापना का उल्लेख किया, जहां हवाई अड्डे और एयरलाइन ऑपरेटर सहयोगात्मक रूप से काम करेंगे। ये वॉर रूम वास्तविक समय में यात्री असुविधा से संबंधित किसी भी समस्या को हल करने के लिए समर्पित होंगे। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री ने हवाई अड्डों पर सुरक्षा और परिचालन के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सीआईएसएफ जनशक्ति की चौबीसों घंटे उपलब्धता का आश्वासन दिया। सिंधिया ने अपने पोस्ट में लिखा, 'पर्याप्त सीआईएसएफ जनशक्ति की उपलब्धता चौबीसों घंटे सुनिश्चित की जाएगी। दिल्ली एयरपोर्ट पर आरडब्ल्यूवाई 29रु को आज सीएटी तीन चालू कर दिया गया है। री-कार्पेटिंग के बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर सीएटी तीन के रूप में आरडब्ल्यूवाई 10/28 का संचालन भी किया जाएगा।'

### विमानन मंत्रालय ने इंडिगो और मुंबई एयरपोर्ट को कारण बताओ नोटिस जारी किया

नई दिल्ली। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने मंगलवार को इंडिगो और मुंबई हवाई अड्डे को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बीसीएएस ने यह नोटिस एयरपोर्ट पर यात्रियों के टारमक (रनवे के पास) पर बैठकर खाना खाने के एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जारी किया। एक अन्य घटनाक्रम में, घने कोहरे के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर ट्रैफिक की भीड़ के बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी सोमवार देर रात सभी मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। नोटिस के अनुसार, इंडिगो और मुंबई एयरपोर्ट लिमिटेड दोनों ही यात्रियों के लिए उचित सुविधा व्यवस्था करने में विफल थे। विमान को कॉन्टैंक्ट स्टेंड के बजाए एक रिमोट बे सी-33 आवंटित किया गया था। जिसने यात्रियों की परेशानियों को और बढ़ा दिया। इससे यात्रियों को टर्मिनल पर आराम कक्ष और जलपान जैसी बुनियादी सुविधाओं का लाभ उठाने का अवसर नहीं मिला। मालूम हो कि कॉन्टैंक्ट स्टेंड विमान का ऐसा पार्किंग स्टेंड होता है जो विमान में सवार होने संबंधी गेट से यात्रियों को विमान तक और विमान से आने-जाने के लिए उपयुक्त होता है।

## विरासत करों का भुगतान करने के लिए सैमसंग परिवार के सदस्यों ने 2 बिलियन डॉलर के शेयर बेचे

**सियोल,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। सैमसंग समूह के स्वामित्व वाले परिवार के तीन सदस्यों ने विरासत करों (इनहेरिटेंस टैक्स) का भुगतान करने के लिए सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स सहित समूह सहयोगियों में 2 बिलियन डॉलर के शेयर बेच दिए। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के चेयरमैन ली जे-योंग की मां हांग रा-ही और उनकी दो बेटियां - होटल शिला के सीईओ ली बू-जिन और सैमसंग वेलफेयर फाउंडेशन के प्रमुख ली सियो-ह्यून ने कंपनी में जीते गए 2.17 ट्रिलियन वॉन के कुल 29.8 मिलियन शेयर उतारे हैं। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ब्लॉक डील में उनकी हिस्सेदारी 72,717 वॉन प्रति शेयर पर बेची गई, जिसके परिणामस्वरूप सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में उनकी हिस्सेदारी क्रमश: 1.45 प्रतिशत, 0.78 प्रतिशत और 0.7 प्रतिशत तक गिर गई। सैमसंग सी एंड टी कॉर्प, सैमसंग एसडीएस कंपनी और सैमसंग लाइफ इंश्योरेंस कंपनी सहित समूह के अन्य सहयोगियों ने भी एक नियामक फाइलिंग में कहा कि बू-जिन ने उसी दिन तीन कंपनियों में 0.65 प्रतिशत, 1.95 प्रतिशत और 1.16 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची। अक्टूबर 2020 में दिवंगत सैमसंग समूह के अध्यक्ष ली कुन-ही की मृत्यु के बाद ब्लॉक बिक्री को व्यापक रूप से 12 ट्रिलियन जीते गए विरासत करों का भुगतान करने के उद्देश्य से देखा जाता है।

# 44 लाख रुपए से अधिक के नकली बियरिंग बरामद

### एनबीसी बियरिंग्स ने नकली बियरिंग पर कार्रवाई की

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। बिलियन अमेरिकी डॉलर के सीके बिड़ला समूह के अंग और भारत के अग्रणी बियरिंग निर्माता एवं निर्यातक तथा एनबीसी ब्रांड के बियरिंग निर्माता, नेशनल इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एनईआई) ने दिल्ली और अहमदाबाद में नकली बियरिंग निर्माताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करके नकली बियरिंग पर नकेल कसने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। स्थानीय अधिकारियों की मदद से की गई छापामारी में दिल्ली में कश्मीरी गेट और अहमदाबाद में दिल्ली दरवाजा सहित पांच स्थानों से 44 लाख रु से ज़्यादा मूल्य के नकली बियरिंग बरामद किए गए।

नकली बियरिंग विभिन्न क्षेत्रों में मशीनरी की सुरक्षा, विश्वसनीयता और परफ़ॉर्मेंस पर बुरा असर डालते हैं, जिससे उद्योग को एक गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। नकली बियरिंग्स का अनधिकृत उत्पादन और वितरण न केवल मशीनों के काम को प्रभावित करता है, बल्कि अंतिम उपयोगकर्ताओं को जोखिम में डालकर उन्हें वित्तीय नुकसान भी पहुँचाता है। एनईआई हमेशा से अंतिम ग्राहक के बेहतरीन अनुभव और मज़बूत सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

एनईआई के चीफ ऑफ़ डोमेस्टिक सेल्स, एस पाटनी ने कहा, 'एनबीसी बियरिंग्स विभिन्न सेक्टर्स में अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता की असली बियरिंग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ग्राहकों से सतर्क रहने और केवल अधिकृत स्टॉकिस्ट्स/रिटेलर्स से ही बियरिंग खरीदने का आग्रह करती है, ताकि उन्हें विश्वसनीय, सुरक्षा और परफ़ॉर्मेंस की गारंटी मिले। उपयोगकर्ता एनबीसी कनेक्ट ऐप द्वारा भी बियरिंग के असली होने की जाँच कर सकते हैं। इस सफल छापामारी का उद्देश्य नकली उत्पाद बनाने वालों को यह संदेश देना है कि यह उद्योग ऐसी धोखाधड़ियों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।'

एनबीसी बियरिंग्स उद्योग में मानक स्थापित करते हुए इनोवेशन और गुणवत्ता का भरोसा प्रदान करने में अग्रणी है। कंपनी अपने उत्पादों की विश्वसनीयता बनाए रखने के अभियानों में निवेश करती रहेगी, और इस उद्योग के कल्याण में योगदान देती रहेगी। इसलिए एनबीसी बियरिंग्स ब्रांड ने अपने ऐप में एक अद्वितीय फ़ीचर दिया है, जिसकी मदद से एनबीसी बियरिंग के ग्राहक अपने बियरिंग की प्रामाणिकता को सेकंडों में जांच सकते हैं।

**सार संक्षेप**

### केंद्र ने शीरे पर 50 फीसदी निर्यात शुल्क लगाया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गन्ने के बाई प्रोडक्ट शीरे पर 18 जनवरी से 50 फीसदी निर्यात शुल्क लगा दिया है। शीरे का उपयोग शराब उत्पादन के लिए एक इनपुट के रूप में किया जाता है। सरकार के निर्णय का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि इथेनॉल (अल्कोहल) के उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने के लिए पर्याप्त मात्रा में कच्चा माल उपलब्ध हो। इथेनॉल को वाहनों के उत्सर्जन को कम करने के लिए पेट्रोल के साथ मिश्रित किया जाता है और फार्मा उद्योग में दवाओं का उत्पादन भी इससे किया जाता है। ऐसी आशंका है कि अनियमित मानसून के कारण चालू कटाई के मौसम में घरेलू गन्ना का उत्पादन नीचे गिर सकता है और सरकार देश में गुड़ की किसी भी कमी को रोकने के लिए तैयार है। सरकार का लक्ष्य अपनी जैव ईंधन नीति को बढ़ावा देने के हिस्से के रूप में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के लक्ष्य को वर्तमान के 12 प्रतिशत के स्तर से 2025-26 तक प्राप्त करना है। प्रमुख निर्यातक राज्य महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक है। जिन प्रमुख देशों में शीरे का निर्यात किया जाता है उनमें नीदरलैंड, फिलीपींस, वियतनाम, दक्षिण कोरिया और इटली शामिल हैं।

### निसान ने सौरभ वत्स को डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर किया नियुक्त

**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया ने सौरभ वत्स को कंपनी के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर नियुक्त करने की घोषणा की है। सौरभ अपनी नई भूमिका में कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर राकेश श्रीवास्तव को रिपोर्ट करेंगे और कंपनी को भारत में अपनी भविष्य की योजनाओं के मद्देनज़र मौजूदा ट्रांसफार्मेशन प्लान को लागू करने में सपोर्ट करेंगे। इस दौरान, वह कंपनी की मध्यावधि योजनाओं (मिड टर्म प्लान/एमटीपी) को साकार करने में मदद देने के साथ-साथ कम्पनी के एंबीशन 2030 लक्ष्यों को साकार करने में भी सहयोग करेंगे। उनकी नियुक्ति भारत में ऑटोमोटिव इंडस्ट्री के समक्ष उपलब्ध अवसरों और उसकी राह में पेश आने वाली चुनौतियों के मद्देनज़र कंपनी के ट्रांसफार्मेशन प्लान को रेखांकित करती है।

### स्विगी के आईपीओ के लिए तैयारियां जारी: सह-संस्थापक

नई दिल्ली। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी के सह-संस्थापक और सीईओ श्रीहर्ष मजेटी ने कहा है कि इसके मेगा आईपीओ के लिए सभी तैयारियां चल रही हैं। कंपनी ने इस साल के अंत में आईपीओ से एक अरब डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखा है। मजेटी ने मनीकंट्रोल को बताया, 'हम अपने आईपीओ की तैयारी कर रहे हैं। हमने बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों को शामिल किया है और सभी तरह की तैयारियां चल रही हैं।' अपनी आईपीओ प्रक्रिया के लिए, कंपनी ने सात निवेश बैंकों को चुना है, जिनमें कोटक महिंद्रा कैपिटल, सिटी और जेपी मॉर्गन, बोफा सिक्योरिटीज, जेफरीज शामिल हैं।


# शेयर बाजार की पांच दिन की तेजी पर ब्रेक

**मुंबई,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। विश्व बाजार के कमजोर रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हुए करेक्शन के दबाव में आज शेयर बाजार की पिछले लगातार पांच दिन की तेजी थम गई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 199.17 अंक लुढ़ककर 73,128.77 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 65.15 अंक गिरकर 22,032.30 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.31 प्रतिशत टूटकर 38,009.80 अंक और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत कमजोर होकर 44,361.39 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3929 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2507 में गिरावट जबकि 1336 में बढ़त रही वहीं 86 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 33 कंपनियों में बिकवाली जबकि शेष 17 में लिवाली हुई।

बीएसई के 13 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे सीडी 0.33, हेल्थकेयर 0.82, इंडस्ट्रियल्स 0.10, आईटी 1.20, दूरसंचार 1.12, यूटिलिटीज 1.49, ऑटो 0.18, बैंकिंग 0.10, कैपिटल गुड्स 0.01, पावर 1.43, रियल्टी 1.61, टेक 1.12 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.91 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.56, जर्मनी का डैक्स 0.64, जापान का निक्केई 0.79 और हांगकांग का हैंगसेंग 2.16 प्रतिशत गिर गया। हालांकि चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.27 प्रतिशत की बढ़त रही।




शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स महज चार अंक की बढ़त लेकर 73,331.95 अंक पर सपाट खुला लेकिन लिवाली के दम पर दोपहर से पहले 73,427.59 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से दोपहर बाद यह 72,960.29 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। हालांकि संभलने की तमाम कोशिशों के बावजूद अंत में पिछले दिवस के 73,327.94 अंक के मुकाबले 0.27 प्रतिशत फिसलकर 73,128.77 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी 17 अंक उतरकर 22,080.50 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,124.15 अंक के उच्चतम जबकि 21,969.80 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,097.45 अंक की तुलना में 0.29 प्रतिशत टूटकर 22,032.30 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही कंपनियों में एचसीएल टेक 2.05, विप्रो 1.93, एनटीपीसी 1.84, रिलायंस 1.43, इंडसइंड बैंक 1.29, इंफ़ोसिस 1.27, सन फार्मा 1.24, टेक महिंद्रा 1.17, टीसीएस 1.06, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.95, पावर ग्रिड 0.77, भारती एयरटेल 0.62, बजाज फिनसर्व 0.53, एसबीआई 0.52, नेस्ले इंडिया 0.27, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.20, कोटक बैंक 0.16, एक्सिस बैंक 0.07, बजाज फाइनेंस 0.05 और आईसीआईआई बैंक 0.04 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, टाटा स्टील 1.70, टाइटन 1.61, मारुति 1.13, आईटीसी 1.01, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.92, एलटी 0.88, टाटा मोटर्स 0.81, एशियन पेंट 0.72, एचडीएफसी बैंक 0.42 और अल्ट्रासिमको के शेयर 0.14 प्रतिशत के लाभ में रहे।

## व्हाइटओक कैपिटल ने पेश किये बैंकिंग, हेल्थकेयर क्षेत्र पर केंद्रित दो एनएफओ

मुंबई, 16 जनवरी (एजेंसियां)। व्हाइटओक कैपिटल म्यूचुअल फंड ने मंगलवार को दो नयी म्युचुअल फंड योजनायें पेश कियें जिनमें से एक में निवेशकों का पैसा बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा कंपनियों और दूसरे का स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की कंपनियों की प्रतिभूतियों में लगाया जायेगा। कंपनी के अधिकारियों ने एक आनलाइन संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा करते हुये कहा कि ये दोनों नये विषयगत फंड ऑफर (एनएफओ)-'व्हाइटओक कैपिटल बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज फंड' और 'व्हाइटओक कैपिटल फार्मा एंड हेल्थकेयर फंड' निवेशकों के लिये आज से 30 जनवरी तक खुले रहेंगे। जानकारी के अनुसार ये दोनों कोष ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम हैं। व्हाइटओक कैपिटल बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज फंड मुख्य रूप से बैंकों, एनबीएफसी और व्यापक वित्तीय सेवा क्षेत्र में लगी कंपनियों में निवेश करना चाहता है, जिसमें बीमा कंपनियां, परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां, पूंजी बाजार मध्यस्थ, बाजार बुनियादी ढांचे, फिनटेक इत्यादि शामिल हैं।

**कैपिटल फार्मा और हेल्थकेयर फंड मुख्य रूप से फार्मा और हेल्थकेयर कंपनियों में निवेश करेगा**

व्हाइटओक कैपिटल एसेट मैनेजमेंट के सीईओ आशीष पी सोमैया ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सुधारों के परिणामस्वरूप भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में सुधार हुआ है। बैंकों की लाभप्रदता और बैलेंस शीट इस समय एक दशक की सबसे अच्छी स्थिति में है। उन्होंने कहा कि साथ एस एंड पी बीएसई हेल्थकेयर इंडेक्स इस समय 19.7 लाख करोड़ रुपये के मार्केट कैप ( शेयर मूल्य पर बाजार हैसियत) के साथ भारत में निवेश के प्रमुख क्षेत्रों में है। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र लम्बे निवेश की दृष्टि से मजबूत संभावनाओं वाले क्षेत्र हैं।

## आरईसी ने 61.1 अरब येन के ग्रीन बांड जारी किए

**नई दिल्ली**, 16 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के प्रशासन के अधीन आने वाले महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम आरईसी लिमिटेड ने हरित परियोजनाओं के वित्त पोषणा के लिए धन जुटाने के लिए 61.1 अरब जापानी येन के बांड सफलता पूर्वक निर्गमित किए हैं। बिजली मंत्रालय के अनुसार इस गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) द्वारा वैश्विक स्रोतों से 10 अरब डालर (लगभग 840 अरब रुपए) जुटाने के कार्यक्रम के अंतर्गत ये बांड जारी किए हैं। जापानी येन में अंकित ये ग्रीन बांड 5-वर्षीय, 5.25-वर्षीय और 10-वर्षीय परिपक्वता अवधि के हैं। यह किसी भारतीय सार्वजनिक उद्यम की ओर से जापानी येन में जारी किया गया पहला ग्रीन बांड है। विज्ञप्ति के अनुसार 5-वर्ष, 5.25-वर्ष और 10-वर्षीय परिपक्वता अवधि के ये बांड क्रमश: 1.76 प्रतिशत, 1.79 प्रतिशत और 2.20 प्रतिशत के निवेश प्रतिफल की दर पर जारी किए गए है। यह दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया में अब तक का सबसे बड़ा यूरो-येन वर्ग का बांड निर्गम बताया गया है। आरईसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विवेक कुमार देवांगन ने इस निर्गम और इसके मूल्य पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'भारत की ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में वित्त पोषण के लिए एक ऐसे दूरदर्शी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो स्वच्छ और हरित ऊर्जा परिदृश्य की दिशा में सतत विकास के लिए हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप हो। आरईसी इस हरित निर्गमन के माध्यम से हरित और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिज्ञा पर दृढ़ है।' उन्होंने कहा, हमें अपने उद्घाटन यूरो-येन ग्रीन बांड की सफलतापूर्वक कीमत तय करने में खुशी हो रही है और यह आरईसी की बाजार में मजबूत स्थिति की पुष्टि करता है। इन बांडों को गिफ्ट सिटी, गांधीनगर के ग्लोबल सिक्योरिटीज मार्केट ऑफ इंडिया इंटरनेशनल एक्सचेंज (इंडिया आईएनएक्स) और एनएसई आईएफएससी पर सूचीबद्ध किया जाएगा।

# आरबीआई ने हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों के लिए सख्त नियमों का प्रस्ताव रखा

**मुंबई,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। आरबीआई ने सोमवार को एक मसौदा परिपत्र जारी किया, जिसमें न्यूनतम पूंजी जरूरत और जमा लेने के नियमों जैसे कई क्षेत्रों में गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) के साथ आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) के नियमों को सुसंगत बनाने का प्रस्ताव है।



आरबीआई ने कहा कि उसने जमा लेने वाली एचएफसी के लिए जमा निर्देशों, हेजिंग उद्देश्यों के लिए विभिन्न डेरिवेटिव उत्पादों में एचएफसी की भागीदारी, अन्य वित्तीय उत्पादों में विविधीकरण और खाता एग्रीगेटर पारिस्थितिकी तंत्र के तहत तकनीकी विशिष्टताओं को अपनाने की समीक्षा की है। मसौदा परिपत्र में एनबीएफसी के साथ एचएफसी नियमों के और अधिक सामंजस्य के हिस्से के रूप में जमा स्वीकार करने वाली एनबीएफसी के लिए कुछ निर्देशों की समीक्षा करने का प्रस्ताव है। मसौदा परिपत्र आगे चलकर एचएफसी के लिए और अधिक कड़े नियमों का प्रावधान करता है। इस समय एचएफसी एनबीएफसी की तुलना में जमा स्वीकृति पर आसान विवेकपूर्ण मापदंडों के अधीन हैं। आरबीआई ने कहा, चूंकि जमा स्वीकृति से जुड़ी नियामकीय चिंताएं एनबीएफसी की सभी श्रेणियों में समान हैं, इसलिए एचएफसी को जमा स्वीकार करने पर नियामक व्यवस्था की ओर ले जाने का निर्णय लिया गया है, जो जमा लेने वाली एनबीएफसी पर लागू होती है। आरबीआई ने कहा, संशोधित नियम सार्वजनिक जमा स्वीकार करने या रखने वाली एचएफसी पर लागू होंगे।

आरबीआई ने कहा कि योजना के अनुसार जमा लेने वाली एचएफसी को 30 सितंबर, 2024 तक तरल संपत्ति का प्रतिशत 14 प्रतिशत और 31 मार्च, 2025 तक 15 प्रतिशत तक ले जाना होगा। यह भी निर्णय लिया गया है कि नियमों के सामंजस्य के हित में एचएफसी के लिए तरल संपत्तियों की सुरक्षित हिरासत पर नियमों को एनबीएफसी के साथ जोड़ा जाएगा। इसके अलावा, प्रस्तावित नियम एजेंटों की नियुक्ति, जमा की दर और अवधि, एक्सचेंज ट्रेडेड मुद्रा डेरिवेटिव में भागीदारी, ब्याज दर वायदा, क्रेडिट डिफॉल्ट स्वैप, सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारी करने, लेखा वर्ष और लेखा परीक्षा, निवेश के संबंध में नियमों को सुसंगत बनाना चाहते हैं। ड्राफ्ट सर्कुलर के अनुसार, अन्य मुद्दों के बीच वैकल्पिक निवेश कोष बना भी प्रस्तावित है। ड्राफ्ट सर्कुलर पर 29 फरवरी, 2024 तक एनबीएफसी, एचएफसी और अन्य हितधारकों से टिप्पणियां आमंत्रित की गई हैं।

# खेल जगत

## इगा स्वीयाटेक ने सोफिया केनिन पर शुरुआती दौर में जीत हासिल की



**मेलबर्न,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वीयाटेक ने रॉड लेवर एरिना में ऑस्ट्रेलियन ओपन के शुरुआती दौर में पूर्व चैंपियन सोफिया केनिन के खिलाफ 7-6(2) 6-2 से जीत हासिल करते हुए अपने लचीलेपन और कौशल का प्रदर्शन किया। यह मुकाबला इगा स्वीयाटेक के लिए उनकी साख बनाए रखने के लिए कड़ी परीक्षा साबित हुआ। जिसमें केनिन 2020 के फ्रेंच ओपन फाइनल में अपनी हार का बदला लेने की कोशिश कर रही थी। केनिन की मजबूत शुरुआत के बावजूद, जिन्होंने पहले सेट में दो बार इगा स्वीयाटेक की सर्विस तोड़ी, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी की जिससे टाई-ब्रेक हुआ और अंततः सेट पर कब्जा कर लिया। दूसरे सेट में स्वीयाटेक के दबदबे ने 6-2 की शानदार समाप्ति का मार्ग प्रशस्त किया, जिससे डेनिएल कोलिन्स के साथ दूसरे दौर की भिड़ंत तय हो गई। अपने प्रदर्शन पर विचार करते हुए स्वीयाटेक ने केनिन के रणनीतिक खेल के खिलाफ अपनी लय हासिल करने की प्रारंभिक चुनौती को स्वीकार किया।

# टी-20 श्रृंखला में भारत क्लीन स्वीप करने उतरेगा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



- तीसरा व आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच
- भारत की कोशिश अफगानिस्तान का सूपड़ा साफ करने की
- शिवम ने टी-20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया में स्थान पाने का दावा पेश किया


नई दिल्ली, 16 जनवरी (देशबन्धु)। मुंबई में रहने वाले मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बाशिंदे शिवम दुबे ने लगातार दो अविजित अर्धशतक सहित कुल सबसे ज्यादा 123 रन बनाने के साथ बतौर तेज गेंदबाज शुरू के दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में सही वक्त दो विकेट चटका भारत को मेहमान अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू के दोनों मैच जिता 2-0 की निर्णायक बढ़त के साथ सीरीज जिता कर इस साल के मध्य में वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप के टीम इंडिया में स्थान पाने का मजबूत दावा पेश किया है। शिवम दुबे ने शुरू के दो मैचों में बल्ले व गेंद से दमदार प्रदर्शन कर बता दिया कि वह जरूरत पड़ने पर हार्दिक पांड्या का एकदम सही विकल्प साबित हो सकते हैं। भारत की कोशिश अब मेहमान अफगानिस्तान से बुधवार को बेंगलुरु में तीसरा व आखिर टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी जीत उसका पूरी तरह सफाया करने की होगी। खुद अनुभवी कप्तान रोहित शर्मा व विराट कोहली के साथ शिवम दुबे, यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह बेंगलुरू में बुधवार को सीरीज के तीसरे व आखिरी मैच में दे दनादन कर अफगानिस्तान की गेंदबाजी को पस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। भारत ने अफगानिस्तान से अपने पिछले पांच में से चार मैच जीते हैं जबकि एक बारिश के चलते अधूरा बेनतीजा खत्म हुआ। ऐसे भारत का दे दनादन क्रिकेट में अफगानिस्तान के खिलाफ दबदबा बने रहने की उम्मीद है।

वहीं अफगानिस्तान के लिए मौजूदा टी सीरीज का एकमात्र अर्धशतक गुलाबदीन नायब (57 रन) ने ही जड़ा जबकि शीर्ष क्रम में कप्तान इब्राहिम जादरान, रहमतुल्लाह गुरबाज और अजमत उल्लाह ओमर जई अच्छे आगाज के बाद बेवजह गलत शॉट जमा विकेट गंवा कर विकेट गंवा बड़ी पारी खेलने से चूक गए। इससे सबक लेकर अफगानिस्तान के बल्लेबाजों की कोशिश बड़ी पारी कर अब महज औपचारिकता पूरी करने के लिए खेला जाने वाला सीरीज का तीसरा व आखिरी टी-20 मैच जीतकर सम्मान बचाने की होगी। पूरी तरह फिट नहीं होने के कारण अनुभव लेग स्पिनर राशिद खान का सीरीज से बाहर होने के चलते अफगानिस्तान के गेंदबाज विकेट लेने के लिए जूझते नजर आए। मौजूदा सीरीज में अफगानिस्तान के लिए तेज गेंदबाज करीम जन्नत और मुजीब उर रहमान ही दो-दो विकेट चटका पाए हैं।

मौजूदा सीरीज के शुरू के दो मैचों भारत के सबसे कामयाब बाएं हाथ के अनुभवी स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल (चार विकेट), बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह(विकेट), शिवम दुबे(दो विकेट), बड़े दिल वाले लेग स्पिनर रवि बिश्नोई(2 विकेट),मुकेश कुमार(2 विकेट) के गेंदबाजी इकाई के रूप में अफगानिस्तान के बल्लेबाज जिस तरह जूझते रहे उनसे बड़ा स्कोर करने की उम्मीद बेमानी सी लगती है हालांकि क्रिकेट के रोचक अनिश्चितता के मिजाज से यह नामुमकिन भी नहीं है। भारत की इस साल के मध्य में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप से पहले यह आखिरी टी-20 सीरीज होगी। अफगानिस्तान की टीम भी अपने व दुनिया के सबसे चतुर लेग स्पिनर राशिद खान के पीठ के ऑपरेशन के बाद मैच फिट नहीं होने से बाहर खाने यह टी-20 सीरीज खेले।

भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे के साथ यशस्वी जायसवाल ने सीरीज के दूसरे मैच में मिले मौके का लाभ उठाकर अर्द्धशतक जड़, विराट कोहली ने डेढ़ बरस के बाद भारत के लिए इंदौर में सीरीज के दूसरे मैच के रूप में अपना टी-20 मैच खेल कर मात्र 16 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 29 रन की तेज पारी खेलते हुए दिखाया की वह इस होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए जेहनी तौर पर तैयार हैं। विराट की तरह डेढ़ बरस बाद वापसी करने वाले रोहित शर्मा जरूरी दो मैच में चार रन बना सके लेकिन वह बेशक विराट के साथ टी-20 विश्व कप में भारतीय बल्लेबाजी की अहम कड़ी रहने वाले हैं। रिंकू सिंह भी शिवम दुबे के साथ दोनों मैच में अविजित रहे लेकिन उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसके घर में भारत को सीरीज जिताने के बाद अफगानिस्तान के खिलाफ भी सीरीज जिता कर दिखाया कि वह टी-20 विश्व कप के लिए हार्दिक पांड्या (बशर्ते फिट हों) के साथ फिनिशर के लिए सबसे मजबूत दावेदार है। बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर के रूप में अक्षर पटेल ने अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के शुरू के दोनो टी-20 मैचों में सही वक्त पर दो-दो विकेट चटका कर भारत की सीरीज में जीत में खासा अहम योगदान किया। टी-20 विश्व कप में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज व मोहम्मद सिराज के साथ चौथे तेज गेंदबाज के रूप में अर्शदीप सिंह और अपना सही वक्त पर विकेट चटकाने की क्षमता के कारण बड़े दिल वाले लेग स्पिनर रवि बिश्नोई भारत के लिए तुरुप के इक्के साबित हो सकते है। सच तो यह है कि भारत के सभी धुरंधर क्रिकेटरों के टी-20 विश्व कप से ठीक पहले आईपीएल 2024 में प्रदर्शन पर सीनियर राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष अजित आगरकर की खास तौर पर निगाहे रहेंगी।

# टी20 विश्व कप टीम में अपनी जगह बना चुके हैं दुबे : गावस्कर



**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने शिवम दुबे के दमदार फॉर्म को स्वीकार करते हुए कहा है कि यह ऑलराउंडर केवल हार्दिक पांड्या का बैकअप नहीं है, बल्कि टी20 विश्व कप टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए सक्रिय रूप से काम करने वाला एक दावेदार है। अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में शिवम दुबे की जबरदस्त प्रदर्शन ने न केवल भारत के लिए जीत हासिल की, बल्कि उन्हें टी20 विश्व कप 2024 के लिए एक मजबूत दावेदार के रूप में भी स्थापित किया। हार्दिक पांड्या की फिटनेस चिंता का विषय बनी हुई है। इस बीच शिवम दुबे का लगातार और प्रभावशाली प्रदर्शन क्रिकेट फैंस और विशेषज्ञों के बीच चर्चा का विषय बन गया है।

गावस्कर ने इस बात पर जोर दिया कि शिवम दुबे के प्रदर्शन के कारण चयनकर्ताओं के लिए उन्हें बाहर करने पर विचार करना चुनौतीपूर्ण हो गया है, भले ही पांड्या फिट हों।

गावस्कर ने कहा, हम उनके बारे में बात कर रहे हैं। अगर हार्दिक अनफिट है तो क्या होगा? मुझे लगता है कि वह जो कर रहा है वह यह सुनिश्चित कर रहा है कि भले ही हार्दिक फिट हो, वह विश्व कप टीम में अपनी जगह बना सके। अगर आप इस तरह का प्रदर्शन करेंगे तो किसी के लिए भी आपको बाहर रखान बहुत मुश्किल होगा। यदि चयनकर्ता उन्हें बाहर करने का निर्णय लेते हैं तो यह वास्तव में उनके लिए कठिन निर्णय होगा। मोहाली में दुबे की नाबाद 60 रन की पारी ने न केवल उनकी बल्लेबाजी क्षमता को प्रदर्शित किया, बल्कि गेंद के साथ उनके योगदान को भी उजागर किया, जिससे भारत को छह विकेट से जीत मिली।

दो ओवरों में 1-9 के उनके प्रभावशाली आंकड़े ने उनके ऑलराउंडर प्रतिभा को दर्शाया। यह गति इंदौर में भी जारी रही, जहां दुबे की 32 गेंदों में नाबाद 63 रन की विस्फोटक पारी ने भारत को श्रृंखला में 2-0 से बढ़त दिला दी। गावस्कर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुबे के नए आत्मविश्वास की प्रशंसा की और कहा कि इस ऑलराउंडर ने अपने साथियों का सम्मान अर्जित किया है।

गावस्कर ने कहा, मुझे लगता है कि वह अपने खेल के बारे में बहुत अधिक सहज है। वह अपने खेल को बेहतर जानता है। वह अब किसी की नकल करने की कोशिश नहीं कर रहा है।

जैसा कि क्रिकेट जगत टी20 विश्व कप टीम की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहा था। अब दुबे को लेकर भी हलचल तेज हो गई है और सबके मन में सवाल है कि क्या हार्दिक के फिट होने के बाद भी वो वर्ल्ड कप की टीम में अपनी जगह बना पाएंगे।

# जयपुर पिंक पैंथर्स ने यू मुंबा को 31-29 से हराया



**जयपुर** 16 जनवरी (एजेंसियां)। मौजूदा चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स ने अर्जुन देशवाल और वी अजीत कुमार के शानदार खेल की बदौलत यू मुंबा को प्रो कबड्डी लीग के 10वें सीजन के 74वें मैच में यू मुंबा को 31-29 से हराकर अपने होम लेग में लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

सवाईमान सिंह स्टेडियम में सोमवार को खेले गये गये मुकाबले में 13 मैचों में नौवीं जीत के साथ ही जयपुर पिंक पैंथर्स 53 अंक लेकर तालिका में पहले नंबर पर पहुंच गई है। अर्जुन देशवाल ने 11 और अजीत कुमार ने सात अंक लिए।

यू मुंबा की ओर से गुमान सिंह ने सुपर-10 लगाया। यू मुंबा को 12 मैचों में पांचवीं हार है और टीम 36 अंकों के साथ सातवें नंबर पर है।

मैच की पहली रेड यू मुंबा के गुमान सिंह ने सुपर रेड के साथ की और टीम ने पहले पांच मिनट के खेल में एक प्वॉइंट की लीड कायम रखा। गुमान के अच्छे प्रदर्शन की बदौलत मुंबा की टीम शुरुआती 10 मिनट तीन अंकों से आगे रही। लेकिन जयपुर पिंक पैंथर्स भी लगातार अंक अर्जित करते हुए स्वयं को मुकाबले में बनाये रखा।

आमिर मोहम्मद जफरदानेश ने सुपर रेड लगाकर यू मुंबा को 15वें मिनट में चार अंक की बढ़त दिलाई। इसके साथ ही मुंबा का स्कोर 12-8 हो गया। यू मुंबा की टीम हाफ टाइम तक 14-13 से आगे रही। पहले हाफ में अर्जुन के खाते में छह और गुमान के खाते में चार अंक आये।

दूसरे हाफ के शुरू होने के बाद वी अजीत कुमार ने सुपर रेड के साथ तीन अंक हासिल कर लिए जयपुर पिंक पैंथर्स को मुकाबले में आगे कर दिया। मुंबा ने हालांकि 30वें मिनट में 24-24 की बराबरी बना ली। इसके बाद दोनों टीमें लगातार बराबरी पर खेल रही थी। इसी बीच, मुंबा के लिए गुमान सिंह ने अपना सुपर-10 लगा दिया। 33वें मिनट में पिंक पैंथर्स ने सुपर टैकल करके दो अंक और जुटा लिए। दो मिनट बाद ही जयपुर ने तीन अंक की बढ़त बना ली।

मुकाबला समाप्त होने से दो मिनट पहले तक मेजबान टीम के पास दो अंकों की बढ़त थी। इसी बीच अर्जुन ने भी अपना सुपर-10 पूरा कर लिया। जयपुर ने इसके बाद अंतिम मिनट में दो अंकों की अपनी बढ़त को कायम रखते हुए अपने होम लेग में लगातार तीसरा मैच जीत लिया।

# जापान ने चिली को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल स्थान पक्का किया

**रांची,** 16 जनवरी (आईएएनएस) जापान ने मंगलवार को यहां पहले हाफ में दो गोल किए और फिर अपने आखिरी पूल ए मैच में विजेता बनने से पहले दूसरे हाफ में चिली द्वारा बनाए गए दबाव को झेला, जिससे उन्हें महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जगह मिल गई। इस प्रकार जापान पूल में जर्मनी के साथ दो जीत और एक ड्रॉ के साथ अजेय रहा, दोनों टीमें सात अंकों के साथ बराबरी पर रहीं। यहां मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो-टर्फ हॉकी स्टेडियम में दिन के पहले मैच में चेक गणराज्य को 10-0 से हराने के बाद जर्मनी ने +13 के बड़े गोल अंतर की बदौलत पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। चिली एक जीत से तीन अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। रविवार को दक्षिण अमेरिकियों ने चेक गणराज्य को 6-0 से हराया था और जापान ने जर्मनी से 1-1 का ड्रा खेला था, जिसके बाद यह जापान और चिली के बीच सीधा नॉक-आउट मुकाबला था। मंगलवार को, जापान ने पहले हाफ में अपना दबदबा बनाए रखा और दो बार स्कोर किया, दूसरे सत्र में चिली की टीम जब गोल की तलाश में गई तो उसने दबाव झेल लिया और उन्हें विफल करने में कामयाब रही और मैच 2-0 से जीत लिया, जिससे पूल ए की कार्यवाही नाबाद रहते हुए समाप्त हुई। दो जीत और एक ड्रा के साथ रिकॉर्ड, जर्मनी के समान। इस प्रकार दोनों टीमों के सात अंकों के साथ समाप्त होने के बाद जापान गोल अंतर के आधार पर विश्व नंबर 5 जर्मनी के बाद दूसरे स्थान पर रहा। जर्मनी का गोल अंतर +13 है जबकि जापान का 4 है। इस प्रकार जर्मनी और जापान ने हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया और रांची में शीर्ष तीन में रहकर पेरिस ओलंपिक के लिए अपना टिकट पक्का करने की संभावना बरकरार रखी।

## सार संक्षेप

### अल्काराज ने गास्के को हराया

**मेलबर्न।** विश्व नं. 2 और खिताब के प्रबल दावेदार कार्लोस अल्काराज ने मंगलवार को 37 वर्षीय फ्रांसीसी रिचर्ड गास्के को ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर में सीधे सेटों में हराकर वर्ष का अपना पहला मैच जीता। एक बार जब स्पेन के दूसरे वरीय खिलाड़ी ने अपने खेल में सुधार करते हुए 72 मिनट के पहले सेट को टाईब्रेक में खींच लिया, तो दो बार के प्रमुख विजेता ने 7-6(5) 6-1 6-2 से आसानी से जीत हासिल कर ली। 2022 के बाद मेलबर्न में पहली जीत। स्पैनियार्ड चोट के कारण पिछले साल के आयोजन से चूक गए थे, और जब वह गुरुवार को दूसरे दौर में इतालवी लोरेंजो सोनेगो से भिड़ेंगे तो वह गति बनाए रखने के लिए उत्सुक होंगे। इससे पहले दिन में, आर्थर फिल्स ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहली जीत के साथ 2024 सीज़न में अपनी मजबूत शुरुआत जारी रखी। फ्रांसीसी खिलाड़ी ने जिरी वेस्ली को 4-6, 7-5, 6-2, 6-3 से हराया, जिससे दूसरे सेट में देर से बढ़त के साथ शुरुआती दौर का मैच पलट गया। फिल्स, जो 2023 को समाप्त करने के लिए नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल खिताबी मुकाबले में पहुंचे, ने हांगकांग में क्वार्टरफाइनल और ऑकलैंड में सेमीफाइनल प्रदर्शन के साथ नए साल की शुरुआत की। 19 वर्षीय को 28वीं वरीयता प्राप्त टालोन ग्रिक्सपुर का इंतजार है, जिन्होंने पांचवें सेट में विंबलडन क्वार्टर फाइनलिस्ट रोमन सफीउलिन को 7-5 से हराया।

### जर्मनी ने चेक गणराज्य को 10-0 से रौंदा

**रांची (झारखंड)।** पूल ए मैच में जापान द्वारा अपनी टीम को 1-1 से रोकने के बाद मैदान से बाहर निकलते ही जर्मनी के मुख्य कोच वैलेन्टिन अल्टरबर्ग ने कहा कि उनकी टीम को सीखना होगा कि बेहतर कैसे किया जाए। टीमों की रक्षा क्षमता मजबूत है क्योंकि उन्हें यहां एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के बाद के मैचों में ऐसे और अधिक विरोधियों का सामना करना पड़ेगा। उस मैच से सबक लेते हुए जर्मनी ने मंगलवार को यहां मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो-टर्फ हॉकी स्टेडियम में चेक गणराज्य को 10-0 से हराने की बेहतर योजना बनाई। रविवार को चिली की 6-0 की जीत से बेहतर प्रदर्शन करते हुए यह इस प्रतियोगिता में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है। यह जयपाल सिंह एस्ट्रो-टर्फ हॉकी स्टेडियम में अब तक की सबसे बड़ी जीत है। शुरुआत में स्क्रिप्ट जर्मनी के पिछले मुकाबले की तरह लग रही थी जिसमें 2018 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जापान ने पहले हाफ में अपने सभी खिलाड़ियों को गेंद के पीछे रखा था और उन्हें विफल करने के लिए मजबूती से बचाव किया था। जर्मनी के गोल करने के बाद जूड मेनेजेस की टीम ने आक्रमण शुरू कर दिया और न केवल स्कोर बराबर कर लिया।

# सुमित नागल की ऐतिहासिक जीत



ऑस्ट्रेलियन ओपन

**मेलबर्न,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के सुमित नागल ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया ओपन के पहले दौर के मुकाबले में विश्व के 27 नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुबलिक को 3-0 से हराते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। दुनिया के 137वें नंबर के खिलाड़ी नागल ने कजाखिस्तान के खिलाड़ी बुबलिक को दो घंटे 38 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-2, 7-6 से हराया। इसी के साथ ही वह ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में पहुंच गये है। इस जीत के साथ ही नागल 1989 के बाद से ग्रैंड स्लैम में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गये है। चोटों से उबरने के बाद नागल ने अपने क्वालीफाइंग अभियान में अच्छा प्रदर्शन किया और अपने तीन मैचों में एक भी सेट नहीं गंवाया। बुब्लिक की सर्विस पर की गई गलती का नागल ने इसका फायदा उठाया और पहले सेट के पहले गेम में कजाकिस्तान की सर्विस तोड़ दी। नागल ने लगातार तीसरी बार बुब्लिक की सर्विस तोड़कर बढ़त बरकरार रखी और अपनी सर्विस गेम बचाकर पहला सेट अपने नाम किया। नागल ने दूसरे सेट के पहले गेम में भी बुब्लिक की सर्विस तोड़कर सबको चौंका दिया। उन्होंने पांचवें गेम में भी वही जादू दोहराया और दूसरा सेट अपने नाम किया। टाई-ब्रेकर में नागल 3-0 से आगे थे और उनके पास तीन मैचपॉइंट मौके थे। बुब्लिक ने दो बचाए लेकिन भारतीय स्टार तीसरे अवसर का भरपूर फायदा उठाया। वर्ष 1989 में रमेश कृष्णन गत चैंपियन मैट विलेंडर को ऑस्ट्रेलियन ओपन में हराया था।

शीर्ष क्रम के भारतीय एकल खिलाड़ी ने अपने करियर में चौथी बार के मुख्य ड्रॉ में पहुंचने के लिए स्लोवाकिया के एलेक्स मोल्कन को हराया था। नागल ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में मैकेंज़ी मैकडोनाल्ड और शांग जुनचेंग के विजेता से भिड़ेंगे।

# दीप्ति शर्मा आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बनीं, पुरुषों में कमिंस के नाम रहा ये अवॉर्ड



नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसियां)। भारत और ऑस्ट्रेलिया की दोहरी जीत में दीप्ति शर्मा और पैट कमिंस को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा दिसंबर 2023 के लिए महीने के महिला और पुरुष खिलाड़ी का ताज पहनाया गया है।

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैचों में दीप्ति शर्मा के योगदान ने उन्हें प्रतिष्ठित पुरस्कार दिलाया, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में पैट कमिंस के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें पुरुष खिलाड़ी ऑफ द मंथ का सम्मान दिलाया। भारत की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने दिसंबर में दो टेस्ट मैचों में अपनी क्रिकेट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने न केवल बल्ले से 55 की औसत से 165 रन बनाए, बल्कि उनका गेंदबाजी प्रदर्शन भी शानदार रहा जिसमें उन्होंने सिर्फ 10.81 की औसत से 11 विकेट लिए।

दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट की दोनों पारियों में 9 विकेट झटके थे। उन्हें पहली पारी में 5 और दूसरी पारी में 4 विकेट मिले थे। इतना ही नहीं उन्होंने बल्ले से 67 रन भी बनाए थे। इंग्लैंड के बाद दीप्ति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में दो विकेट लिए, उन्होंने बैट से 78 रन भी बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में उन्होंने महज 38 रन देकर 5 विकेट लिए थे। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के दौरान दीप्ति ने 5.88 रन प्रति ओवर की इकॉनमी रेट बनाए रखते हुए अपनी शानदार गेंदबाजी फॉर्म जारी रखी। इस बीच ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने दिसंबर 2023 के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ का खिताब जीतकर पिछले वर्ष में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की।

कमिंस ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में विशेष रूप से मेलबर्न क्रिकेट में बॉक्सिंग डे टेस्ट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बॉक्सिंग डे टेस्ट में कमिंस के शानदार प्रदर्शन में दो बार पांच विकेट (5/48 और 5/49) शामिल थे, जो 250 टेस्ट रिकॉर्ड तक पहुंचे। उनके प्लेयर ऑफ द मैच विजेता प्रदर्शन ने न केवल ऑस्ट्रेलिया के लिए श्रृंखला सुरक्षित की, बल्कि उन्हें टेस्ट में नंबर 1 बनने में मदद की।

# एच एस प्रणॉय ने दूसरे राउंड में बनाई जगह, लक्ष्य को मिली हार



**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। उभरते हुए शटलर प्रियांशु राजावत ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता हमवतन लक्ष्य सेन को हराया, जबकि एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने मंगलवार को यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में शुरू हुए योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2024 के पहले दिन चीनी ताइपे के चाउ तिएन चेन को सीधे गेम में हरा दिया। इस टूर्नामेंट का आयोजन बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जा रहा है। राजावत, जो देश की 2022 थॉमस कप विजेता टीम का हिस्सा थे, ने अपने अनुभवी हमवतन पर 16-21, 21-16, 21-13 के अंतर से जीत हासिल करने के लिए उल्लेखनीय फ्लेक्सिबिलिटी दिखाई जबकि प्रणय ने चाउ को 21-6, 21-19 से हराकर इस सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में प्रवेश किया।

ऐसे में जबकि पेरिस ओलंपिक के लिए दूसरे पुरुष एकल जगह की लड़ाई जारी है, राजावत और सेन के बीच का मुकाबला पहले दिन का मुख्य आकर्षण होने वाला था। पूर्व चैंपियन सेन ने अपने अनुभव की बदौलत पहला गेम जीत किया। इसके बाद हालांकि राजावत ने एक्सीलेटर पर कदम रखा और अपने बेहतरीन खेल की बदौलत सेन को चौंकाने की तैयारी कर ली। जापान ओपन 2023 में बीडब्ल्यूएफ सर्किट पर दोनों के बीच हुए एकमात्र पिछले मुक़ाबले में हारने वाले 21 वर्षीय राजावत ने रैलियों को बढ़ाने और 75 मिनट तक चले मुक़ाबले को जीतने के लिए अपनी आक्रामकता को कम करने की दिशा में परिपक्वता दिखाई। अपनी जीत के बाद प्रियांशु राजावत ने कहा, आज काफी समय बाद मेरा पहला मैच अच्छा रहा। खासकर पीठ की चोट के कारण मिले ब्रेक के बाद। लक्ष्य मेरा बहुत अच्छा दोस्त है लेकिन मेरे लिए उसके खिलाफ यह मैच जीतना और अगले दौर में जाना महत्वपूर्ण था। मैं पूरे समय अपनी स्वाभाविक खेल शैली पर कायम रहा और पहला गेम हारने के बावजूद मैंने ठान लिया था कि किसी भी कीमत पर दूसरा और तीसरा गेम हाथ से नहीं जाने दूंगा। मैं एचएस प्रणय के खिलाफ अगले मैच का इंतजार कर रहा हूं और उसे जीतने के लिए अपना सौ फ़ीसदी देना चाहता हूं। अब दूसरे दौर में उनका मुकाबला आठवीं वरीयता प्राप्त एक अन्य हमवतन खिलाड़ी एचएस प्रणय से होगा, जो सीधे गेम में जीत के साथ आगे बढ़े हैं। विश्व नंबर-8 चाउ के खिलाफ प्रणय शुरुआती गेम में हावी रहे और फिर दूसरे गेम में 11-16 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लगातार छह अंक जीतकर 17-16 की बढ़त ले ली और फिर 42 मिनट में मैच खत्म कर दिया। मैच के बाद प्रणय ने कहा, पहले गेम में योजना बहुत अच्छी थी। मुझे समझ में आया कि वह पहले गेम में ठीक से लेंथ हासिल नहीं कर पा रहा था, इसलिए उसके रैली मोड में आने से पहले मुझे इसे जल्दी से खत्म करना पड़ा। दूसरे गेम में, जैसी कि उम्मीद थी, उसने गति बढ़ानी शुरू कर दी और पीछे से कई शटल सही जगह गिराने में सफल रहा। मैं खेल के अंतिम पलों में वास्तव में ज्यादा जोर से नहीं मार रहा था और नरम शॉट खेलने की कोशिश कर रहा था। प्रणय ने दूसरे गेम में खराब प्रदर्शन के दौरान सपोर्ट करने के लिए भीड़ को भी धन्यवाद दिया और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, फैन्स का सपोर्ट बढ़ेगा। इस बीच, भारत के किरण जॉर्ज ने बहादुरी से संघर्ष किया लेकिन टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में उन्हें चीनी ताइपे के वांग जू-वेई के खिलाफ 12-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल में ऋतुपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा को हांगकांग की युंग नगा टिंग और युंग पुई लैम की जोड़ी के खिलाफ़ 6-21, 7-21 से हार का सामना करना पड़ा। चीनी दल ने इस एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 इवेंट के पहले दिन एशियाई खेलों 2022 के स्वर्ण पदक विजेता ली शी फेंग के साथ पुरुष एकल में कड़ी जीत हासिल की और दो बार की विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता हे बिंग जियाओ ने महिला एकल में आगे बढ़ते हुए अपनी छाप छोड़ी।